सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 23 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 75, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 330 अंकों की गिरावट

सूचना प्रौद्योगिकी और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और सेंसेक्स 330 अंक लुढ़क गया। } 10

हर मतभेद की शुरुआत मुकदमेबाजी से न हो : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कंपनियों से हर मतभेद को अदालत में ले जाने से बचने और कंपनी संचालन व्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान देने का आग्रह किया। } 12



यामी गौतम को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार

एजेंसी



एकता नगर (गुजरात)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को भारतीय सिनेमा की शीर्ष हस्तियों को वर्ष 2024 के लिए 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया और इस दौरान दिग्गज कन्नड़ अभिनेता अनंत नाग को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया, जबकि यामी गौतम, ममूटी और कार्तिक आर्यन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला।

आदित्य सुहास जांभले द्वारा निर्देशित फिल्म आर्टिकल 370 को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला। 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी और मंगलवार को गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की भव्य पृष्ठभूमि में आयोजित इस समारोह ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। अभिनेता से निर्देशक बने रणदीप हुड्डा को स्वातंत्र्य वीर सावरकर के लिए सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक का पुरस्कार मिला, जबकि राजकुमार पेरियासामी को तमिल फिल्म अमरन के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्कार मिला। यामी गौतम को फिल्म आर्टिकल 370 में अपने दमदार अभिनय के ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को हराकर जीता स्वर्ण

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कई बड़ी हस्तियों ने दी बधाई, श्रीलंका को 147 रन से रौंदा

एजेंसी



निशिन (जापान)। स्मृति मंधाना और ज्चा घोष की तूफानी पारियों के बाद स्पिनरों के फिरकी के जादू से गत चैंपियन भारत ने एशियाई खेलों की महिला टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में मंगलवार को यहां श्रीलंका को 147 रन से रौंदकर स्वर्ण पदक जीता जो मौजूदा खेलों में देश का सोने का पहला तमगा है।

भारत के 217 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम दीप्ति शर्मा (छह रन पर तीन विकेट), शेफाली वर्मा (तीन रन पर दो विकेट), श्रेयंका पाटिल (नौ रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (13 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने 15.4 ओवर में सिर्फ 69 रन पर ढेर हो गई। श्रीलंका की ओर से कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक 29 रन बनाए जबकि उनके अलावा सिर्फ कौशिनी नुथ्यांगना (14) और कविशा दिलहारी (11) ही दोहरे अंक में पहुंच सकी। भारत ने इसी महीने श्रीलंका को ही हराकर एशिया कप का खिताब भी जीता था। भारत ने इससे पहले स्मृति (45 गेंद में 79 रन, सात छक्के, पांच चौके) के अर्धशतक और शेफाली (48 रन, 29 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ उनकी पहले विकेट की 99 रन की तेजतर्रार साझेदारी की बदौलत तीन विकेट पर 216 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ज्चा घोष (22 गेंद में नाबाद 49 रन, छह चौके, तीन छक्के) ने डेथ ओवरों में तूफानी बल्लेबाजी करते हुए भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका को रजत पदक मिला जबकि पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 31 रन से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद आधिकारिक प्रसारक से कहा, टूर्नामेंट से पहले हमने अजेय रहने और अपने लिए तय किए गए उंचे मानकों के अनुरूप खेलने की बात की थी। यह देखकर बहुत संतोष होता है कि प्रत्येक सदस्य हर मैच में इतने सकारात्मक नजरिए के साथ उतर रहा है। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर अनुभव और नई प्रतिभा के बीच संतुलन बिल्कुल सही रहा और जब जरूरत पड़ी तब सभी ने अपना योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

यूपी में 18 आईपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। यूपी पुलिस में मंगलवार को एक बार फिर बड़ा फेरबदल हुआ है। योगी सरकार ने 18 आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। जारी सूची में आईपीएस अफसरों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी सूची के मुताबिक, डॉ. सतीश कुमार को पुलिस अधीक्षक, संबद्ध मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, यूपी लखनऊ के पद से 01 वाहिनी एसएसएफ, लखनऊ में सेनानायक, संजीव सुमन को संबद्ध मुख्यालय से यूपीएसआईएफएस, लखनऊ में पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। समीर सौरभ को सीआईडी लखनऊ से 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर भेजा गया है। आशुतोष त्रिवेदी को एपीटीसी सीतापुर से क्षेत्रीय अभिसूचना अयोध्या में पुलिस अधीक्षक, आनंद कुमार-।। को क्षेत्रीय अभिसूचना बरेली से सीआईडी लखनऊ भेजा गया। संजय राय को क्षेत्रीय अभिसूचना अयोध्या से ईओडब्ल्यू लखनऊ में नई जिम्मेदारी दी गई है। शशि शेखर सिंह ...शेष पृष्ठ 10 पर

जमुई मामला : मुठभेड़ के बाद दो गिरफ्तार

पटना/जमुई। बिहार के जमुई जिले में एक लड़के और लड़की से कथित तौर पर बदसलूकी करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में दोनों आरोपी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही 19 सितंबर को हुई इस घटना के सिलसिले में अब तक कुल पांच लोगों को पकड़ा गया है। मुंगेर क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों में से एक नंदन यादव के पैर में गोली लगी है। उन्होंने बताया कि नंदन का सहयोगी हरेराम यादव पुलिस से बचकर भागने की कोशिश में घुटने में चोट लगने से घायल हो गया।

होमगार्ड स्वयंसेवकों के 7,600 और रिक्त पदों पर होगी भर्ती

होमगार्ड की ट्रेनिंग के लिए 10 लाख कारतूस व 155 एसएलआर राइफलें खरीदेगी योगी सरकार

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 41,424 होमगार्ड अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही सरकार ने उनके प्रशिक्षण की तैयारियां तेज कर दी हैं। नवचयनित अभ्यर्थियों को हथियार संचालन और फायरिंग का प्रशिक्षण देने के लिए 5.56 एमएम एसएलआर राइफल के 10 लाख से अधिक कारतूस खरीदे जाएंगे। इसके लिए करीब 3 करोड़ 55 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। कारतूसों की खरीद होमगार्ड विभाग एसटीएफ के माध्यम से करेगा।

प्रशिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए करीब 1 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से 155 एसएलआर राइफल खरीदने की भी तैयारी है। विभाग के मुताबिक, नवचयनित अभ्यर्थियों के लिए यह प्रशिक्षण व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। होमगार्ड विभाग के अनुसार 41,424 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया अब अंतिम दौर में है। अभ्यर्थियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

नियुक्ति के लिए पैसा मांगने वालों को होगी जेल : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा कि अब कोई सैफई सिंडिकेट प्रतिभावान छात्रों के हितों पर डकैती डालने का दुस्साहस नहीं कर सकता। इसीलिए उत्तर प्रदेश पुलिस में अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को आयोग और बोर्डों की दिशा-दशा सुधारने का दायित्व दिया गया है। पहले युवाओं को उनके अधिकार से वंचित कर दिया जाता था। लेकिन, अब नियुक्ति पाने वाले किसी भी अभ्यर्थी से पैसे की मांग करने वाले को जेल में सड़ना पड़ेगा। आज का कार्यक्रम केवल नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश की ...शेष पृष्ठ 10 पर

पूर्वांचल में निवेश, रोजगार व उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा

लखनऊ। पूर्वांचल के जिलों में उपलब्ध स्थानीय संसाधनों और आर्थिक संभावनाओं को निवेश, रोजगार, उद्यमिता और निर्यात के अवसरों में बदलने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश सक्षम जिला-आधारित आर्थिक विकास परियोजना (यूपी-एज) शुरू करने जा रही है।

विश्व बैंक के सहयोग से प्रस्तावित यह परियोजना पूर्वांचल में आर्थिक गतिविधियों को गति देने के साथ स्थानीय प्रशासन की क्षमता को भी मजबूत करेगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विश्व बैंक के अधिकारियों के बीच हुई महत्वपूर्ण बैठक में परियोजना के विभिन्न प्रस्तावित घटकों तथा इसकी प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट भारत सरकार को भेजने सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में अपराधियों पर कसेगा शिकंजा, स्पेशल 32 संभालेंगे क्राइम सीन मैनेजमेंट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ अब और सख्ती की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को अब वैज्ञानिक जांच की धार देने की कवायद शुरू की गई है। अपराध के बाद घटनास्थल पर छूटे साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और वैज्ञानिक तरीके से जांच को आगे बढ़ाने के लिए पुलिस के स्पेशल 32 अफसर तैयार किए जा रहे हैं। छह बैच में 100-100 अफसरों को 40 दिन का प्रशिक्षण दिए जाने के बाद चयनित इन 32 अधिकारियों को अब फॉरेंसिक साइंस और क्राइम सीन मैनेजमेंट में मास्टर ट्रेनिंग दी जा रही है। आगे इनकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल सभी 75 जिलों में पुलिस की क्राइम सीन मैनेजमेंट क्षमता को मजबूत करने में किया जाएगा। अब वैज्ञानिक तरीके से घटनास्थल को ...शेष पृष्ठ 10 पर

राज्यसभा की 12 सीटों पर चुनाव की घोषणा

एजेंसी

- विधान परिषद की 28 सीटों के लिए 23 अक्टूबर को चुनाव
- उत्तर प्रदेश की 11 सीटों पर पड़ेंगे वोट

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की राज्यसभा की 12 सीटों के लिए चुनाव की घोषणा की, जिसमें सबसे दिलचस्प मुकाबला उत्तर प्रदेश में होने के आसार हैं जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी 10 में से आठ सीटें बरकरार रख सकती है तथा समाजवादी पार्टी को एक सीट का फायदा मिल सकता है। इन 12 सीटों के लिए 16 अक्टूबर को चुनाव होगा।

इन 28 सदस्यों का कार्यकाल नवंबर और दिसंबर में समाप्त हो रहा है। ये सीटें बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश विधान परिषद की हैं। स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र विशेष चुनावी क्षेत्र होते हैं, जहां केवल निर्धारित योग्यता रखने वाले स्नातक और शिक्षक ही विधान परिषद के सदस्यों (एमएलसी) का चुनाव करते हैं। वहीं दूसरी ओर निर्वाचन आयोग ने कहा कि आगामी 23 अक्टूबर को चार राज्यों में विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की 28 सीटों के लिए चुनाव होंगे। उत्तर प्रदेश में 11 सीटें रिक्त होंगी। इनमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की पांच और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की छह सीटें शामिल हैं। भाजपा की राज्यसभा में ...शेष पृष्ठ 10 पर

घर में पूजा के दौरान खूनी वारदात

आजमगढ़ : मकान मालिक ने पत्नी समेत दो पंडितों की गोली मारकर की हत्या

जिला संवाददाता



आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के शंभूपुर गांव में मंगलवार की शाम पूजा के दौरान हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। आरोप है कि बाजार से घर पहुंचे अरविंद सिंह का पूजा करा रहे पंडितों से आधार कार्ड मांगने को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान अरविंद ने घर में रखी पिस्टल से फायरिंग कर दी। गोली लगने से उसकी पत्नी बबीता समेत दो पंडितों की मौत हो गई। जबकि आरोपी ने अपने तीन बच्चों व खुद को कमरे में बंद कर लिया है।

मृतकों में पं. महेंद्र पाठक और एक अन्य पंडित शामिल बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम अरविंद सिंह के घर में पूजा चल रही थी। घर में चार पंडित, अरविंद की पत्नी बबीता, एक बेटा और एक बेटी मौजूद थे। शाम करीब छह बजे अरविंद बाजार से घर पहुंचा। घर में पूजा होते देखकर उसने पंडितों से जानकारी ली। इसके बाद उसने पंडितों से आधार कार्ड मांगना शुरू कर दिया। इसी बात को लेकर उनके बीच बहस होने लगी। आरोप है कि विवाद के दौरान अरविंद ने पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी। गोली लगने से उसकी पत्नी बबीता और दो पंडित घायल हो गए। बाद में तीनों की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी में राइफल से भी एक गोली चलाए जाने की बात सामने आ रही है। फायरिंग होते ही पूजा में शामिल अन्य पंडित मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूएन महासभा में ट्रंप ने ईरान को दी धमकी

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान विश्व नेताओं को संबोधित किया। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भाषण की शुरूआत अमेरिका आए वैश्विक प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए की। उन्होंने अमेरिका की कथित तौर पर फिर से मजबूत हुई स्थिति की प्रशंसा की।

ट्रंप ने कहा, अमेरिका वापस आ गया है और हमारा देश आज पहले से कहीं अधिक मजबूत है। उनके भाषण में संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय और ईरान में अमेरिका द्वारा कथित युद्ध अपराध किए जाने के दावों पर निशाना साधे जाने की उम्मीद है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि हमने ईरान को समझौते का मौका दिया था। हमने ये युद्ध लगभग खत्म कर दिया है। ईरान को बचने का मौका नहीं मिलेगा। ईरान का हमला अब भी जारी है। अमेरिका कभी भी ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देगा। ट्रंप ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट

क्वालीफायर में यूपी का दम, पुरुष एकल में 17 खिलाड़ी तीसरे दौर में

विधि संवाददाता



लखनऊ। मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 के क्वालीफायर मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया।

पुरुष एकल के दूसरे दौर में यूपी के कई खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर तीसरे दौर में जगह बनाई। मिश्रित युगल के दूसरे दौर में यूपी की कई जोड़ियों ने जीत दर्ज कर तीसरे दौर में जगह बनाई। पुरुष युगल के पहले दौर में भी यूपी की चार जोड़ियों ने जीत दर्ज की। भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में क्वालीफायर मुकाबले बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी, गोमतीनगर, विनयखंड स्टेडियम, गोमतीनगर और मटियारी स्थित रजत पीजी कॉलेज के बैडमिंटन कोर्ट पर खेले जा रहे हैं। एसोसिएशन के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह ने बताया कि बुधवार 23 सितंबर को क्वालीफायर मुकाबलों की शुरूआत सुबह 8:30 बजे से होगी। पुरुष एकल के दूसरे दौर में तीसरी वरीय पीईटी के समीर वर्मा ने मध्य प्रदेश के धैर्य शर्मा को 15-6, 15-8 से हराया। सैयद मोदी बैडमिंटन टूर्नामेंट के दो बार के विजेता समीर वर्मा को पहले दौर में बाई मिली थी। वहीं गोवा के अर्जुन भगत ने महाराष्ट्र के हर्षील दानी को 13-15, 15-11, 15-9 से हराया। इस वर्ग में यूपी के 17 खिलाड़ी जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंच गए। आज जीत दर्ज करने वाले मेजबान खिलाड़ियों में यूपी के रजत तिवारी ने ओडिशा के जयेश अग्रवाल को 16-14, 14-16, 15-7 से, यूपी के प्रभास कुमार कुशवाहा ने महाराष्ट्र के अजय मीना को 15-13, 15-10 से और यूपी के शांतनु शर्मा ने छत्तीसगढ़ के समर्थ विजय को 15-12, 15-9 से हराया। यूपी के भूमेश उतरानी ने दिल्ली के जयंत पाराशर को 15-6, 15-9 से, यूपी के अर्णव यादव ने आंध्र प्रदेश के चरन तेज को 15-9, 15-7 से, यूपी के कुमार हर्ष ने आंध्र प्रदेश के कार्तिक को 15-11, 15-10 और यूपी के वेदांश ने मणिपुर के नील को 15-12, 15-6 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। यूपी के कार्तिक त्यागी ने महाराष्ट्र के दिग्विजय को 7-15, 15-10, 15-8 से, यूपी के आकाश सिंह ने छत्तीसगढ़ के सिद्धार्थ प्रताप सिंह को 15-8, 8-15, 15-13 से, यूपी के अभिनव पंघाल ने मध्य प्रदेश के पार्थ भट्ट को 15-11, 15-9 से, यूपी के इश्मीत सिंह ने छत्तीसगढ़ के ...शेष पृष्ठ 10 पर

लखनऊ में गणपति विसर्जन के दौरान तीन युवक डूबे

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के सिसेंडी मीनापुर में मंगलवार को गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान सई नदी में तीन युवक डूब गए। घटना से विसर्जन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर की। मौके पर एसडीआरएफ की टीम लगी है।

जानकारी के अनुसार सिसेंडी के कोरियाना मोहल्ले में स्थापित गणपति प्रतिमा का विसर्जन करने श्रद्धालु सई नदी पहुंचे थे प्रतिमा विसर्जन के दौरान 40 वर्षीय हरिप्रसाद पुत्र राधेलाल, 35 वर्षीय धीरज पुत्र नरेश और 22 वर्षीय प्रमोद पुत्र कल्लू गहरे पानी में चले गए और डूब गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तीनों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश शुरू कराई। देर शाम तक तीनों का पता नहीं चल सका है। वहीं एसीपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ को सूचना दे दी गई। टीम के पहुंचने के बाद संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया जाएगा घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रहकर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी रही।

शिक्षक गढ़ेंगे 2047 का भारत, 3.5 लाख बच्चों का करेंगे मार्गदर्शन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त शिक्षकों को बताया राष्ट्र निर्माण की आधारशिला

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी का निर्माता होता है। यदि एक शिक्षक प्रतिवर्ष 100 विद्यार्थियों से संवाद कर उनका मार्गदर्शन करे तो 3,567 शिक्षक एक वर्ष में 3.5 लाख से अधिक बच्चों के भविष्य को दिशा दे सकते हैं। विद्यार्थियों को गाइड करना और उनका मार्गदर्शन करना ही नए भारत की आधारशिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत तब विश्वगुरु था, जब यहां तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय ज्ञान के केंद्र हुआ करते थे। यह गौरवशाली परंपरा देश की विरासत है और आवश्यकता केवल इसे पहचानने तथा आगे बढ़ाने की है। उन्होंने कहा कि सरकार आधारभूत ढांचा उपलब्ध करा सकती है, लेकिन उस ढांचे का बेहतर उपयोग कर देश को आगे बढ़ाने का काम प्रशिक्षित विद्यार्थी करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग लगाने का वातावरण तैयार कर सकती है, लेकिन उद्योग नवाचार और रोजगार का केंद्र बनेगा या नहीं, यह प्रशिक्षित युवाओं पर निर्भर करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की बेसिक और माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था में कई बुनियादी कमियां थीं। स्कूलों में जर्जर भवन, शौचालय और पेयजल जैसी सुविधाओं का अभाव था। स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी व्यवस्थाएं भी पर्याप्त नहीं थीं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प और निपुण भारत के माध्यम से बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में व्यापक काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है। आज 13 से 15 वर्ष की आयु के विद्यार्थी वर्ष 2047 में लगभग 33 से 38 वर्ष के होंगे।

यही पीढ़ी देश के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि कोई डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक या सामाजिक कार्यकर्ता बनेगा, लेकिन सभी मिलकर भारत को आगे ले जाने में योगदान देंगे। इसलिए शिक्षक को यह समझना होगा कि वह केवल विद्यार्थी को पढ़ा नहीं रहा, बल्कि भविष्य के भारत का निर्माण कर रहा है। उन्होंने प्रधानाचार्यों से विद्यालयों को केवल अनुशासन का केंद्र न बनाकर विद्यार्थियों जिज्ञासा और सीखने का केंद्र बनाने का आह्वान किया। इसके लिए विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण तैयार करने पर जोर दिया।

धरने पर बैठे युवाओं के लिए एनसीटीई को पत्र लिखने का निर्देश : मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में हर व्यक्ति की अपनी भूमिका है, लेकिन शिक्षक का दायित्व विशिष्ट है। उन्होंने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभा सकता है और पुलिस अधिकारी लोगों में सुरक्षा का भाव पैदा कर सकता है, लेकिन शिक्षक की भूमिका निभाने के लिए निरंतर सीखने की जरूरत होती है। मुख्यमंत्री ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री को प्रयागराज में धरने पर बैठे युवाओं के संबंध में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) को पत्र लिखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं के लिए एक बार की राहत अथवा ऐसी व्यवस्था पर विचार किया जाना चाहिए, जिससे वे निर्धारित समय के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में जड़ता युवाओं के उत्साह और संभावनाओं को रोकने का काम करती है।

विद्यार्थियों को नकारात्मकता से बचाना भी शिक्षा का हिस्सा : मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक को सदैव शिक्षक की भूमिका में रहना चाहिए। विद्यार्थियों को समाज को बांटने वाली नकारात्मक प्रवृत्तियों से सावधान करना भी शिक्षा का दायित्व है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ देश के महापुरुषों के जीवन और उपलब्धियों से परिचित कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को देश और दुनिया में रोज होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी भी दी जानी चाहिए। इससे उनका सामान्य ज्ञान बढ़ेगा और वे अपने आसपास हो रहे बदलावों को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

नियुक्ति पत्र पाकर बोले चयनित शिक्षक
पारदर्शी प्रक्रिया से मिला रोजगार

- **पहले रद्द हो जाती थीं परीक्षाएं, योगी सरकार में मिला नियुक्त पत्र**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग से चयनित अभ्यर्थियों के चेहरे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति-पत्र पाकर खिल उठे। पारदर्शी और त्वरित चयन प्रक्रिया के लिए उन्होंने योगी सरकार की खुलकर सराहना की। अभ्यर्थियों ने कहा कि निष्पक्ष प्रक्रिया के जरिए युवाओं को यह अवसर मिला है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार भी प्रकट किया।

आंचल शुक्ला ने बताया कि उनकी नियुक्ति अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज टाउनहॉल वाराणसी में कला विषय, प्रवक्ता (पीजीटी) के पद पर हुई है। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति-पत्र मिलने पर उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि उनका बड़ा सपना पूरा हुआ है। योगी सरकार में महिलाओं को बिना भेदभाव रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है। योगी सरकार ने महिला सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया है। इसी सुरक्षा के माहौल से महिलाओं की प्रदेश में भागीदारी बढ़ी है। ममता मौर्या ने बताया कि उनका चयन टीजीटी संस्कृत के पद पर हुआ है। वह 2005 में एमए करने के बाद से इसके लिए प्रयास कर रही थीं। पहले बार-बार परीक्षाएं रद्द हो जाती थीं या लंबे समय तक परिणाम नहीं आता था। टीजीटी गणित के पद पर चयनित मऊ के शिवम बरनवाल ने नियुक्ति-पत्र मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि योगी सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। बिना रिश्वतखोरी, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से युवाओं को रोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं। गोपाल प्रजापति ने बताया कि उनका चयन श्री वैष्णव हरिहर दास इंटर कॉलेज, आजमगढ़ में प्रवक्ता (पीजीटी) रसायन विज्ञान के पद पर हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व की सरकारों में होने वाली अव्यवस्था को खत्म कर व्यवस्था को सुदृढ़ किया है। कुमारी ऊषा सिंह ने बताया कि उनका चयन पं. दीनदयाल इंटर कॉलेज, गोरखपुर में गृह विज्ञान सहायक अध्यापक (टीजीटी) के पद पर हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से चयन प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से पूरी हो सकी है। अमेठी के शिव प्रसाद मिश्रा ने बताया कि उनका चयन टीजीटी संस्कृत के पद पर हुआ है। उन्होंने योगी सरकार और उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की निष्पक्ष चयन प्रक्रिया की सराहना की।

मीरजापुर के कालीन कारोबार को मिलेगी वैश्विक पहचान

इंटरनेशनल ट्रेड शो में शामिल होंगे जिले के 10 कालीन कारोबारी

- **ट्रेड शो में लाल पेड़ा और बालूशाही का प्रदर्शन करेंगे मीरजापुर के दो करोबारी**

लखनऊ। नोएडा में 25 सितंबर से उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की यह पहल मीरजापुर के कालीन उद्योग को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस ट्रेड शो में जनपद के 10 कालीन कारोबारी व 2 मिष्ठान कारोबारी हिस्सा लेकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन में देश-विदेश से आने वाले कारोबारियों और 86 देशों के आयातकों को मीरजापुर में तैयार होने वाले आकर्षक कालीन, दरी और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय कालीन कारोबारियों को नए बाजार और विदेशी खरीदारों से जुड़ने का मंच मिलेगा।

जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त संदीप कुमार ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो मीरजापुर के कालीन उद्योग को नई उड़ान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय कारोबार के बदलते परिदृश्य में स्थानीय कालीन कारोबारियों को नए विदेशी खरीदारों और कारोबारियों से संपर्क स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इससे निर्यात के नए रास्ते खुलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि ट्रेड शो में मेसर्स रमाशंकर कारपेट, मेसर्स शबनूर कारपेट, मेसर्स इस्तेखार कारपेट तथा मेसर्स बृजेश दरी एवं कारपेट हाल नंबर-9 में अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। वहीं मेसर्स परी हैंडीक्राफ्ट, मेसर्स आरएस हैंडीक्राफ्ट, मेसर्स नंदिनी हैंडीक्राफ्ट तथा मेसर्स चैंपियन ट्रेडर्स हाल नंबर-10 में उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। मेसर्स वन पैलेस ऑफ रग्स हाल नंबर-14 और मेसर्स आर्टलाइन क्रिएशन हाल नंबर-15 में अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार की एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना मीरजापुर के कालीन उद्योग के लिए 'संजीवनी' साबित हुई है। ओडीओपी के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं और आर्थिक सहायता से कालीन कारोबार को प्रोत्साहन मिला है। कारोबार में वृद्धि का सकारात्मक असर कालीन बुनकरों की आर्थिक स्थिति पर भी पड़ा है। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ ही पारंपरिक कालीन निर्माण से जुड़े परिवारों को भी इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एक जिला, एक व्यंजन (ओडीओसी) के तहत मीरजापुर के लाल पेड़ा और बालूशाही जैसे प्रसिद्ध स्थानीय उत्पादों को भी इंटरनेशनल ट्रेड शो में वैश्विक मंच मिलेगा। ओम मिष्ठान भंडार और गुरुकृपा स्वीट्स हाल नंबर-16 में अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। ट्रेड शो में शामिल होने वाले विदेशी मेहमान मीरजापुर के प्रसिद्ध लाल पेड़े और बालूशाही का स्वाद भी चख सकेंगे।

वृद्धाश्रमों में स्वास्थ्य जांच से योग-ध्यान तक की मिल रही सुविधाएं

लखनऊ। वृद्धावस्था में बुजुर्गों को सुरक्षित आश्रय के साथ स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन मिले, इसके लिए योगी सरकार की ओर से वृद्धाश्रमों में सुविधाओं को लगातार बेहतर किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित प्रदेश के सभी 75 वृद्धाश्रमों में नियमित साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन शिविरों में चिकित्सकों की टीम आश्रम पहुंचकर बुजुर्गों की बीपी, शुगर, नेत्र और सामान्य स्वास्थ्य की जांच करती है। जरूरत के अनुसार उन्हें आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। डॉक्टरों की टीम आश्रमों में पहुंचकर संवासियों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों का परीक्षण करती है। बीपी, शुगर और नेत्र जांच के साथ सामान्य स्वास्थ्य की भी जांच की जाती है। आवश्यकता पड़ने पर जरूरी दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य बुजुर्गों को नियमित स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना और समय पर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराना है। समाज कल्याण विभाग की ओर से बुजुर्गों के दैनिक जीवन को सुविधाजनक बनाने के साथ उनके मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा रहा है। वृद्धाश्रमों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के साथ मनोरंजन के लिए टीवी और पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

राहुल गांधी से मिले लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह

2027 में गठबंधन की सरकार और 2029 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है: सुनील सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



नई दिल्ली/लखनऊ। इंडिया गठबंधन में शामिल लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने मंगलवार को नई दिल्ली में कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक चली बैठक में उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों, आगामी 2027 विधानसभा चुनाव, गठबंधन तथा किसानों, युवाओं और आम जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

मुलाकात के बाद लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकदल इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव में 35 सीटों पर अपना दावा रखा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राहुल गांधी के साथ सकारात्मक बातचीत हुई है और सीटों के बंटवारे को लेकर आगे मिल-बैठकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकदल का लक्ष्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत पूरे प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि गठबंधन के सभी दलों को मिलकर किसानों, युवाओं, गरीबों, बेरोजगारों और आम जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाना होगा।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 2029 में राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव गठबंधन की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण होगा और लोकदल पूरी ताकत के साथ गठबंधन के साथ खड़ा रहेगा। सुनील सिंह ने कहा, मैं किंग नहीं, किंग मेकर बनना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि लोकदल किसानों, नौजवानों, रोजगार, महंगाई और ग्रामीण भारत से जुड़े सवालों को लगातार उठाता रहेगा। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति का जिक्र करते हुए कहा कि जयंत चौधरी उनके लिए कोई चुनौती नहीं हैं। सुनील सिंह ने आरोप लगाया कि किसानों, नौजवानों, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर जनता की आवाज को पर्याप्त मजबूती से नहीं उठाया जा रहा है।

गांधी जयंती पर ग्राम स्वराज का संदेश लेकर पंचायतों के बीच जायेगा लोकदल

सुनील सिंह ने कहा कि लोकदल गांधी जयंती की पूर्व संध्या और गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम स्वराज के विचार को लेकर पंचायतों और गांवों के बीच जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में गांव, किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को केंद्र में रखना लोकदल की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लोकदल 2027 के विधानसभा चुनाव को किसानों, युवाओं, गरीबों और ग्रामीण जनता के मुद्दों से जोड़कर मजबूती से लड़ेगा तथा इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की दिशा में काम करेगा।

ग्लोबल मंच पर चमकेगा आगरा
36 उद्यमी लगायेंगे 60 स्टाल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले 'उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो' (यूपीआईटीएस) 2026 में ताजनगरी के उद्यमी अपनी व्यापारिक क्षमता और हुनर की धमक दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार की इस शानदार पहल से आगरा के स्थानीय उद्यमियों, हस्तशिल्पियों और नवाचारियों को एक बड़ा ग्लोबल मंच उपलब्ध हो रहा है। इस वृहद आयोजन में आगरा जनपद की भागीदारी हर साल बढ़ रही है। इस वर्ष जिले के 36 उद्यमी यूपीआईटीएस में हिस्सा लेंगे, जिनके लिए 60 स्टाल आरक्षित किए गए हैं।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार आगरा के विभिन्न वर्गों के उद्यमियों को अवसर दिया गया है। मेले में ओडीओपी (एक जनपद एक उत्पाद) श्रेणी के तहत 8 इकाइयों के 10 स्टाल लगेंगे। इसके अलावा महिला उद्यमी, एमएसएमई और युवा उद्यमियों की श्रेणी में 7 इकाइयों के 7 स्टाल लगाए जा रहे हैं। इनमें 4 महिला उद्यमी और 3 युवा उद्यमी शामिल हैं, जो अपने नवाचार को वैश्विक खरीदारों के सामने पेश करेंगे। वहीं व्यापार को निर्यात के स्तर पर ले जाने के लिए 'नवोदित निर्यातक' श्रेणी में 17 इकाइयों के 25 स्टाल और 'नियमित निर्यातक' श्रेणी में 9 इकाइयों के 10 स्टाल लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत भी एक इकाई पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग कर रही है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सजने वाले इस ट्रेड शो में आगरा के उत्पादों की शानदार रेंज देखने को मिलेगी। स्टॉलों पर मुख्य रूप से आगरा का विश्व प्रसिद्ध लेदर उत्पाद, मार्बल स्टोन उत्पाद, फुटवियर, लेदर फुटवियर, होम डेकोर, कारपेट, हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम साड़ियां, गारमेंट्स, जरी जरदोजी और इमीटेशन ज्वेलरी का भव्य कलेक्शन प्रदर्शित किया जाएगा। विदेशी मेहमान और बड़े खरीदार आगरा की इस समृद्ध शिल्प कला और हुनर से सीधे रूबरू होंगे। यूपीआईटीएस में न केवल शिल्प बल्कि ताजनगरी के जायके की भी विशेष धूम रहेगी। ओडीओसी श्रेणी के तहत 5 इकाइयां हिस्सा ले रही हैं। ट्रेड शो में आने वाले देशी-विदेशी खरीदार आगरा के विश्व प्रसिद्ध पेठे का स्वाद चख सकेंगे।

नंदा-सुनंदा की भक्ति में डूबा पूरा नैनीताल

प्रमुख संवाददाता



- **सीएम धामी ने मांगा प्रदेश की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद**

नैनीताल (उत्तराखंड)। सरोवर नगरी नैनीताल में मां नंदा-सुनंदा की आराधना के साथ कुमाऊं की समृद्ध लोक परंपराओं का रंग देखने को मिला। नन्दा-सुनन्दा महोत्सव में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ उत्तराखंड की लोक संस्कृति, परंपराओं और सामुदायिक जीवन की उस विरासत को सामने लाता है, जो पीढ़ियों से लोगों को अपनी जड़ों से जोड़े हुए है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नंदा-सुनंदा के सानिध्य में पहुंचना उनके लिए सौभाग्य का अवसर है। मंगलवार के दिन भगवान हनुमान का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पवनपुत्र ने माता सीता का संदेश प्रभु श्रीराम तक पहुंचाया था, उसी भावना से वे भी प्रदेशवासियों की ओर से भगवान श्रीराम को नमन अर्पित करते हैं। इस दौरान महोत्सव परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। सीएम धामी ने कहा कि नन्दा-सुनन्दा महोत्सव को सिर्फ एक धार्मिक आयोजन मानना इसकी वास्तविक व्यापकता को समझना नहीं होगा। यह कुमाऊं की सांस्कृतिक पहचान का उत्सव है, जिसमें मां नन्दा-सुनन्दा के स्वागत की परंपरा के साथ लोकगीत, झोड़ा-चांचरी और ढोल-दमाऊं जैसी लोक विधाएं जीवंत होती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल को दुनिया उसके प्राकृतिक सौंदर्य, झील और पर्वतीय वातावरण के लिए जानती है, लेकिन इसकी पहचान का एक महत्वपूर्ण आधार धार्मिक एवं आध्यात्मिक विरासत भी है। मां नैना देवी मंदिर, हनुमानगढ़ी, केंची धाम और मुक्तेश्वर जैसे धार्मिक स्थल इस क्षेत्र की आस्था को व्यापक आयाम देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति और अध्यात्म का यह संगम नैनीताल को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाता है। सरकार का प्रयास है कि इन स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का विकास हो और इनके मूल स्वरूप तथा सांस्कृतिक महत्व को भी सुरक्षित रखा जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कुमाऊं क्षेत्र के पौराणिक और धार्मिक स्थलों को मानसखंड मंदिर माला मिशन के माध्यम से विकसित किया जा रहा है। इसके तहत सुविधाओं के विस्तार के साथ मंदिरों और उनसे जुड़ी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन का विस्तार स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का माध्यम भी बन सकता है। पर्यटकों और श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही से युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।

चार दिन में 5,297 नियुक्तियां, योगी सरकार का जॉब कैलेंडर ऑन

लखनऊ। छह महीने में एक लाख सरकारी नौकरियां देने के लक्ष्य के साथ उत्तर प्रदेश में नियुक्ति पत्र वितरण का सिलसिला तेज हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चार दिन में तीन बड़े कार्यक्रमों में 5,297 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। 19 सितंबर को 818, 20 सितंबर को पुलिस विभाग के 912 और 22 सितंबर को शिक्षा विभाग के 3,567 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले। 19 सितंबर को लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इनमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुष, एमएसएमई तथा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के विभिन्न पद शामिल रहे। 20 सितंबर को पुलिस के मिनिस्टीरियल कैडर में 912 नियुक्तियां हुईं। इनमें 259 पुलिस उपनिरीक्षक गोपनीय, 449 पुलिस सहायक उपनिरीक्षक लिपिक और 204 पुलिस सहायक उपनिरीक्षक लेखा शामिल हैं। 22 सितंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शिक्षा विभाग से जुड़े 3,567 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इनमें 319 प्रधानाचार्य, 258 प्रधानाध्यापक, 618 प्रवक्ता पीजीटी और 2,372 सहायक अध्यापक टीजीटी शामिल हैं।

5 अक्टूबर को राजभवन का घेराव करेगी ओबीसी कांग्रेस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग ने जनगणना-2027 में ओबीसी का अलग कॉलम जोड़ने, प्रगणकों को जातियों की ड्रॉपडाउन सूची उपलब्ध कराने तथा ओबीसी समाज की सुरक्षा के लिए एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की तर्ज पर ओबीसी अत्याचार निवारण कानून बनाने की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा बिहार और तेलंगाना में हुए जातिगत सर्वेक्षण के मॉडल की तर्ज पर देशभर में वैज्ञानिक एवं पारदर्शी जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर प्रदेश में लगातार ज्ञापन, पदयात्रा एवं सम्मेलन आयोजित कर ओबीसी समाज को जागरूक किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जातिगत जनगणना कराने की मांग दोहरायी है। कांग्रेस का कहना है कि ओबीसी समाज की वास्तविक आबादी का आंकड़ा सामने आने के बाद ही आबादी के अनुपात में आरक्षण, रोजगार, सरकारी संस्थानों तथा संसाधनों में उचित हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सकता है। ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में ओबीसी समाज के साथ सामाजिक न्याय और अधिकारों से जुड़े गंभीर सवाल लगातार बने हुए हैं।

2027 में यूपी में फिर बनेगी भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार

सहारनपुर में संगठनात्मक बैठकों में कार्यकर्ताओं को दिया मिशन-2027 का मंत्र

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ/सहारनपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन ने उत्तर प्रदेश प्रवास के दूसरे दिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और मेरठ में विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में हिस्सा लिया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता से निरंतर संवाद बनाये रखने पर जोर दिया।

सहारनपुर पहुंचने पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने कई स्थानों पर शंख ध्वनि एवं पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। उन्होंने सांसदों, विधायकों और प्रमुख पदाधिकारियों के साथ विधानसभा क्षेत्रवार संगठन की स्थिति और आगामी चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए संगठन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नीतिन नवीन ने कहा कि कार्यकर्ताओं में दिखाई दे रहा उत्साह और ऊर्जा संकेत दे रहा है कि 2027 में भाजपा की फिर से सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता 24 घंटे, सातों दिन जनता की सेवा के लिए काम करते हैं। पार्टी का उद्देश्य सत्ता नहीं, बल्कि जनता की सेवा और संगठन को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले वर्षों में विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। उनके अनुसार, जो प्रदेश कभी माफिया के लिए जाना जाता था, वह आज सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और एक्सप्रेसवे के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों के निर्माण का उल्लेख करते हुए इसे नए उत्तर प्रदेश की पहचान बताया।

नीतिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत और उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का लक्ष्य लेकर भाजपा आगे बढ़ रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर गांव और हर घर तक पहुंचने, आम लोगों की समस्याओं को समझने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने विधानसभा स्तर पर सांसदों, विधायकों और सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ शक्ति केंद्रों पर पॉकेट मीटिंग और जनता चौपाल आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सहारनपुर स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश और देश के कल्याण की कामना की। उन्होंने संत रविदास के समानता और सामाजिक समरसता के संदेश को अपनाने की अपील की। इसके बाद उन्होंने रविदास मंदिर समिति के अध्यक्ष और दलित समाज के कार्यकर्ता अजब सिंह के ओजपुरा स्थित आवास पर भोजन किया।

यूपीआईटीएस में युवाओं की भागीदारी को नया आयाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2026 को व्यापार और निवेश के साथ युवाओं के लिए सीखने और वैश्विक कारोबारी परिवेश को करीब से समझने के मंच के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को यूपीआईटीएस की विभिन्न गतिविधियों से सक्रिय रूप से जोड़ा जा रहा है। विद्यार्थी आयोजन में केवल दर्शक नहीं, बल्कि वालंटियर के रूप में विभिन्न व्यवस्थाओं और गतिविधियों में अपनी भूमिका निभाएंगे।

25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपीआईटीएस में विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। शटल संचालन, स्कैनिंग, सूचना डेस्क, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नॉलेज सेशन और बी2बी मीटिंग्स जैसी गतिविधियों में उनकी भागीदारी रहेगी। इसके लिए चार वालंटियर टीमों का गठन किया गया है। फैकल्टी सुपरविजन और नोडल संपर्क व्यवस्था के जरिए विद्यार्थियों की सहभागिता को व्यवस्थित किया जाएगा। यूपीआईटीएस में विद्यार्थियों के लिए स्टार्टअप और उद्यमिता से जुड़ी विशेष गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यंग एंटरप्रेन्योर हंट के साथ स्टार्टअप/फाउंडर जोन में विद्यार्थियों को उद्यमियों और फाउंडर्स से संवाद का अवसर मिलेगा। प्रस्तावित 15 मिनट के इंटरैक्शन के जरिए विद्यार्थी कारोबारी विचारों, नवाचार और उद्यम शुरू करने की प्रक्रिया को करीब से समझ सकेंगे। वहीं, करियर कॉर्नर में इंटर्नशिप और लाइव प्रोजेक्ट से जुड़े अवसरों की जानकारी दी जाएगी। इससे विद्यार्थियों को उद्योग जगत की जरूरतों, रोजगार के बदलते अवसरों और वास्तविक प्रोजेक्ट्स की कार्यप्रणाली को समझने में मदद मिलेगी।

इन्वर्टिस में युवाओं के विचारों को मिला मंच

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को युवाओं तक पहुंचाने के लिए इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में यूपी राइज-2026 का आयोजन किया गया। संवाद, संकल्प, सफलता विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपने स्टार्टअप व नए व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में ह्यब्रह्माबाइट इनोवेशंस एंड टेक प्राइवेट लिमिटेड ने पहला स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में युवा उद्यमिता, नवाचार और स्वरोजगार पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि बदलते दौर में युवाओं को केवल सरकारी या निजी नौकरी की तलाश तक सीमित नही

यूपी रेरा ने 12 रियल एस्टेट परियोजनाओं को दी मंजूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने छह जिलों की 12 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में 1,663.85 करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश होगा और इनके तहत 3,090 आवासीय एवं व्यावसायिक इकाइयों का निर्माण प्रस्तावित है। निवेश और इकाइयों की संख्या के लिहाज से लखनऊ सबसे आगे रहा।



यूपी रेरा की 214वीं अथॉरिटी बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने की। स्वीकृत परियोजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक और मिश्रित श्रेणी की परियोजनाएं शामिल हैं। लखनऊ में चार परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इनमें दो आवासीय, एक व्यावसायिक और एक मिश्रित परियोजना है। यहां 609.35 करोड़ रुपये के निवेश से 1,972 इकाइयों का विकास होगा। गाजियाबाद की तीन आवासीय परियोजनाओं में 605.06 करोड़ रुपये निवेश और 574 इकाइयों का निर्माण प्रस्तावित है। हापुड़ की दो परियोजनाओं में 123.45 करोड़ रुपये से 192 इकाइयां, अयोध्या की एक परियोजना में 72.61 करोड़ रुपये से 85 इकाइयां, प्रयागराज की एक परियोजना में 51.66 करोड़ रुपये से 109 इकाइयां और कानपुर की एक परियोजना में 201.72 करोड़ रुपये से 158 इकाइयों का विकास होगा।

अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि प्राधिकरण रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध विकास सुनिश्चित करने के साथ घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहा है। नई परियोजनाओं से निर्माण गतिविधियों के साथ संबंधित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है।

वरुण विहार-नैमिषनगर का कल होगा शुभारंभ, खुलेंगे भूखंडों के पंजीकरण

लखनऊ। राजधानी के शहरी विस्तार को नई दिशा देने वाली एलडीए की वरुण विहार और नैमिषनगर योजना का 24 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भूमि पूजन कर शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री के हाथों योजनाओं के शुभारंभ के साथ ही पहले चरण में करीब 5,000 भूखंडों के लिए पंजीकरण भी शुरू कर दिया जाएगा। एलडीए ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम स्थल पर नया हेलीपैड भी तैयार किया जा रहा है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के मुताबिक दोनों योजनाओं में पहले चरण में लगभग पांच हजार भूखंडों के लिए पंजीकरण खोला जाएगा। भूमि पूजन के बाद आम नागरिकों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। अलग-अलग आकार के भूखंड उपलब्ध कराए



जाएंगे, जिससे विभिन्न श्रेणी के आवेदकों को विकल्प मिल सकें। वरुण विहार और नैमिषनगर योजनाओं को कुल 10,680 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित करने की योजना है। दोनों परियोजनाओं पर करीब 12,000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। यहां सड़क, जलापूर्ति, सीवरेज, हरित क्षेत्र, सार्वजनिक सुविधाओं और आधुनिक शहरी ढांचे का विकास किया जाएगा। एलडीए के अनुसार वरुण विहार में भूखंड की दर 2,800 रुपये प्रति वर्गफुट, जबकि नैमिषनगर में 3,800 रुपये प्रति वर्गफुट निर्धारित की गई है। इस दौरान सीएम एलडीए की पांच अपार्टमेंट परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में कुल 4,150 फ्लैट प्रस्तावित हैं। इनमें अनंत नगर के आदिती अपार्टमेंट में सबसे अधिक 1,932 फ्लैट बनाए जाएंगे। विराजखंड स्थित लेक व्यू अपार्टमेंट में 646, बागेश्वरी अपार्टमेंट में 824, ऐशबाग में 384 और बसंत कुंज में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास प्रस्तावित पार्क व्यू अपार्टमेंट में 364 फ्लैट बनाए जाने हैं।

एलडीए की ओर से इन आवासीय परियोजनाओं के निर्माण की तैयारियां की जा रही हैं। कुछ योजनाओं में पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि कुछ में प्रक्रिया चल रही है।

आइसलैंड की संसद में सतीश महाना की अहम बैठक

- भारत-आइसलैंड के बीच संसदीय सहयोग, व्यापार और युवा आदान-प्रदान बढ़ाने पर जोर

लखनऊ/रेक्याविक। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आइसलैंड की राजधानी रेक्याविक में आइसलैंड की संसद की अध्यक्ष थोरुन स्वेइनब्योर्नार्दोत्तिर और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष पावेल बार्तोज्की) से मुलाकात की। बैठक में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।



बैठक में भारत और आइसलैंड की संसदीय व्यवस्थाओं, लोकतांत्रिक परंपराओं और विधायी कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा हुई। सतीश महाना ने दोनों देशों की संसदीय संस्थाओं के बीच संवाद और सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर संसदीय संपर्क दोनों देशों के आपसी संबंधों को और मजबूत कर सकते हैं। महाना ने युवाओं के बीच संवाद और आदान-प्रदान बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा लोकतंत्र की महत्वपूर्ण शक्ति हैं। विभिन्न देशों के युवाओं के बीच संसदीय और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से लोकतांत्रिक समझ के साथ आपसी सहयोग को भी नई दिशा मिल सकती है। बैठक में भारत और आइसलैंड के बीच सांस्कृतिक संबंधों, विधायी परंपराओं, व्यापारिक संपर्क और आपसी सहयोग को मजबूत करने के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श हुआ। महाना ने आइसलैंड के प्रतिनिधियों को भारत और उत्तर प्रदेश आने का निमंत्रण दिया।

बैठक में दोनों देशों के बीच संसदीय सहयोग के साथ सांस्कृतिक संबंधों, व्यापार और युवा आदान-प्रदान को बढ़ाने की संभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। इसे दोनों देशों के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों और पारस्परिक सम्मान पर आधारित संबंधों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण संवाद बताया गया।

राजेश्वरी विश्वकर्मा बने संयुक्त सचिव

विशेष संवाददाता (vol)

- नगर विकास विभाग में उप सचिव के पद पर थे तैनात

लखनऊ। नगर विकास विभाग में उप सचिव के पद पर कार्यरत राजेश्वरी प्रसाद विश्वकर्मा को पदोन्नति मिली है। उन्हें संयुक्त सचिव पद पर प्रोन्नत किया गया है। सचिवालय सेवा में वर्ष 1998 में प्रवेश करने वाले विश्वकर्मा ने अपने सेवाकाल में राजस्व, उच्च शिक्षा, समाज कल्याण, सिंचाई और खाद्य सुरक्षा समेत विभिन्न विभागों में जिम्मेदारियां निभाई हैं। विभिन्न विभागों में कार्य करने का उनका अनुभव प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण माना जाता है।



राजेश्वरी प्रसाद विश्वकर्मा मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले की हरैया तहसील के निवासी हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विश्वकर्मा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक का सफर पूरा करने के बाद सचिवालय सेवा में प्रवेश किया। उनकी पदोन्नति के बाद अब वह संयुक्त सचिव के पद पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। राजेश्वरी प्रसाद विश्वकर्मा ने हाईस्कूल की शिक्षा नेशनल इंटर कॉलेज से प्राप्त की। इसके बाद इंटरमीडिएट की परीक्षा राजकीय इंटर कॉलेज, फैजाबाद से उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय का रुख किया, जहां से बीए और एमए की डिग्री हासिल की। शैक्षिक योग्यता पूरी करने के बाद वर्ष 1998 में वह उत्तर प्रदेश सचिवालय सेवा में शामिल हुए। इसके बाद विभिन्न सरकारी विभागों में कार्य करते हुए प्रशासनिक अनुभव हासिल किया। राजस्व, उच्च शिक्षा, समाज कल्याण, सिंचाई और खाद्य सुरक्षा जैसे विभागों में उनकी तैनाती रही। वर्तमान में वह नगर विकास विभाग में उप सचिव के पद पर कार्यरत थे। सचिवालय सेवा के दौरान राजेश्वरी प्रसाद विश्वकर्मा ने अलग-अलग विभागों की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक जिम्मेदारियों से जुड़े कार्य किए। विभागीय दायित्वों के अनुभव के बीच अब उन्हें संयुक्त सचिव पद पर पदोन्नति दी गई है। उनकी पदोन्नति से उनके सेवाकाल में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है।

निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो : रणवीर प्रसाद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष रणवीर प्रसाद ने मगंलवार को प्रदेश की विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी क्षेत्रों को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके इसके लिये युद्ध स्तर पर प्रयास किये जाये। जहॉ से भी विद्युत की व्यवस्था हो सके वह की जाये। अध्यक्ष ने यह भी निर्देशित किया कि भविष्य में कोयले की कमी से विद्युत की समस्या न हो इसके लिये वैकल्पिक व्यवस्था की बेहतर योजना बनायी जाये।

प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया कि आपूर्ति की फीडर वाइज मानीटरिंग की जाये। उन्होंने बैठक में विद्युत वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट कार्ययोजना के साथ परिणाम देने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, फीडर मीटरों के आंकड़ों तथा वितरण व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मानकों की जानकारी ली। अध्यक्ष ने कहा कि फीडर स्तर के आंकड़ों का नियमित विश्लेषण करते हुए जहां भी कमियां सामने आएं, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करें। अधिक लाइन हानि वाले फीडरों



एवं क्षेत्रों में फीडरवार कार्य योजना बनाकर नियमित कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष ने प्रदेश के वितरण निगम के कार्यों की भी आज समीक्षा की।

उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी त्योहारों को देखते हुये अभी से प्रभावी योजना बना ली जाये जिसे उस दौरान सभी को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्हें बताया गया कि निरंतर स्थिति में सुधार के परिणामस्वरूप, 21 सितंबर 2026 को सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को दिन में कटौती-मुक्त विद्युत आपूर्ति प्रदान की गई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी औसतन 18 घंटे 15 मिनट की विद्युत आपूर्ति प्रदान की गई। 21 सितंबर 2026 को भी उत्तर प्रदेश 27,048 मेगावाट की विद्युत मांग की आपूर्ति कर देश में दूसरे स्थान पर रहा। शक्ति भवन में सम्पन्न इस बैठक में उन्होंने विद्युत आपूर्ति, व्यवस्थागत ढ़ाचे का सुदृढ़ीकरण, बिल वितरण, बिल वसूली, बिजली चोरी रोकने, विद्युत दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियन्त्रण तथा विद्युत कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने आदि मुद्दों पर समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिये। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि इंडीपेन्डेन्ट फीडर के उपभोक्ताओं से विद्युत निगमों के वरिष्ठ अधिकारी सम्पर्क कर विद्युत आपूर्ति का फीड बैक लेते रहें और बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। अध्यक्ष ने बिजनेस प्लान के कार्यों को समय से पूर्ण कराने हेतु सख्त निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहाकि बिजनेस प्लान में लखनऊ सहित प्रदेश के ऐसे स्थानों के लिये विशेष कार्य योजना बनाई जाये जहां विद्युत आपूर्ति को लेकर बार-बार समस्या आ रही है।

यूपी में बिजली के लिए सरकारी कोयले पर बड़ा भरोसा, निजी संयंत्र पर भी निर्भर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोयला आधारित बिजली उत्पादन के लिए सरकारी क्षेत्र से मिलने वाले कोयले पर बड़ा भरोसा है। प्रदेश में सरकारी, केंद्रीय और निजी क्षेत्र के तापीय बिजली संयंत्रों की कुल कोयला आधारित क्षमता करीब 30,015 मेगावाट है। 31 दिसंबर 2025 तक राज्य की कुल स्थापित बिजली क्षमता 38,633.41 मेगावाट थी, जिसमें राज्य क्षेत्र की हिस्सेदारी 9,635.20 मेगावाट, निजी क्षेत्र की 12,408.01 मेगावाट और केंद्रीय क्षेत्र की 16,590.20 मेगावाट थी। कोयले की आपूर्ति में कोल इंडिया लिमिटेड की भूमिका सबसे अहम है। 31 मार्च 2026 तक के तापीय बिजली संयंत्रों के साथ कुल 617.7 मिलियन टन (61.77 करोड़ टन) का दीर्घकालिक फ्यूल सप्लाई एग्रीमेंट था। इसमें 443.1 मिलियन टन यानी करीब 72 प्रतिशत केंद्रीय एवं राज्य क्षेत्र के बिजली संयंत्रों के लिए और 174.6 मिलियन टन यानी करीब 28 प्रतिशत निजी क्षेत्र के स्वतंत्र बिजली उत्पादकों के लिए था। इस आंकड़े से स्पष्ट है कि सरकारी और केंद्रीय क्षेत्र के बिजली संयंत्रों को दीर्घकालिक कोयला आपूर्ति में निजी क्षेत्र की तुलना में बड़ा हिस्सा मिलता है। हालांकि यह आंकड़ा पूरे देश सम्बंधित बिजली संयंत्रों का है, इसे केवल उत्तर प्रदेश की खरीद का आंकड़ा नहीं माना जा सकता। यूपी के लिए हाल में कोयले की उपलब्धता को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की गई है।

आयोग की परीक्षाओं में अब आधार सत्यापन अनिवार्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की समूह ग की भर्ती परीक्षाओं में अब अभ्यर्थियों का आधार सत्यापन कराया जाएगा। परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और शुचितापूर्ण बनाने के लिए आयोग ने यह व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। आयोग ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने आधार कार्ड में बायोमैट्रिक डाटा समेत अन्य जरूरी सूचनाएं समय रहते अपडेट करा लें, ताकि परीक्षा के दौरान सत्यापन में किसी तरह की परेशानी न हो। आयोग के सचिव हरिकेश चौरसिया ने बताया कि भविष्य में आयोग की परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का आधार सत्यापन कराया जाएगा। इसका उद्देश्य परीक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाना है। उन्होंने अभ्यर्थियों से आधार में दर्ज जानकारी को दुरुस्त रखने की अपील की है। इस बीच आयोग ने 20 सितंबर को आयोजित फार्मासिस्ट (आयुर्वेदिक) के 1002 पदों तथा आबकारी सिपाही के 722 पदों की लिखित परीक्षाओं की प्रोविजनल उत्तर कुंजी जारी कर दी है।

लेसा में बिजली आपूर्ति के साथ राजस्व वुसली है बड़ी चुनौती

लखनऊ। राजधानी में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ने के साथ लेसा के सामने बिजली आपूर्ति के साथ लाइन लॉस और राजस्व वसूली को नियंत्रित करने की चुनौती भी बनी हुई है। लेसा के सिस गोमती और ट्रांस गोमती क्षेत्रों में 10 लाख से अधिक उपभोक्ता हैं। वर्ष 2023 के उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक सिस गोमती में 6,27,117 और ट्रांस गोमती में 3,88,281, यानी कुल 10,15,398 उपभोक्ता दर्ज थे। इन उपभोक्ताओं पर करीब 574 करोड़ रुपये का बकाया भी बताया गया था। सिस गोमती में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 5,56,876 थी, जबकि 64,532 वाणिज्यिक, 4,179 निजी संस्थान और 1,530 औद्योगिक उपभोक्ता थे। वहीं ट्रांस गोमती में 3,44,771 घरेलू, 41,992 वाणिज्यिक, 1,432 निजी संस्थान और 786 औद्योगिक उपभोक्ता दर्ज थे। आंकड़ों से स्पष्ट है कि लेसा के राजस्व में घरेलू उपभोक्ताओं के साथ वाणिज्यिक कनेक्शनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश स्तर पर बिजली वितरण हानि में पिछले पांच वर्षों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। यूपीपीसीएल के 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार वितरण हानि 2020-21 में 20.63 प्रतिशत थी, जो घटकर 13.04 प्रतिशत रह गई। इसी अवधि में एटीएंडसी हानि 31.19 प्रतिशत से घटकर 17.83 प्रतिशत हुई। गैर-कृषि फीडरों में लाभ वाले फीडरों की संख्या भी 5,772 से बढ़कर 8,104 हो गई। लेसा में लाइन लॉस घटाने के लिए बिजली चोरी और बकायेदारी के खिलाफ अभियान तेज किया गया है। सितंबर में अमौसी क्षेत्र में 84 कनेक्शनों की जांच के दौरान 15 उपभोक्ता मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते पकड़े गए। वहीं लखनऊ मध्य क्षेत्र में बकायेदारों के 554 कनेक्शन काटे गए। विभाग का कहना है कि इन अभियानों का उद्देश्य बिजली चोरी रोकने के साथ राजस्व नुकसान को कम करना है।

ओटीएस योजना की 15 दिसंबर तक बढ़ी समयसीमा

लखनऊ। आवास एवं विकास परिषद समेत प्रदेश के विकास प्राधिकरणों में चल रही एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ लेने से वंचित लोगों को सरकार ने एक और मौका दिया है। शासन ने ओटीएस की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 दिसंबर 2026 कर दी है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। ओटीएस योजना पहले 18 अप्रैल से तीन महीने के लिए शुरू की गई थी और इसकी अवधि जुलाई में समाप्त हो गई थी। अब लोगों की मांग और संबंधित संस्थाओं के अनुरोध को देखते हुए योजना की समयसीमा बढ़ाई गई है। प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन पी. गुरुप्रसाद के अनुसार, प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों, आवास एवं विकास परिषद तथा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों की ओर से ओटीएस की समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद शासन ने अंतिम तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया।

बंद पिंक टॉयलेट 7 दिन में होंगे चालू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े लंबित कार्यों को तेजी से पूरा कराने के लिए नगर निगम ने समयसीमा तय कर दी है। मंगलवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में 15वें वित्त एवं अवस्थापना निधि से कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा हुई। महापौर ने विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों को निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में जलकल विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान महापौर ने 15वें वित्त से बनाए जा रहे ओवरहेड टैंकों की प्रगति जानी। उन्होंने जीएम जलकल को संबंधित कार्य अगले 15 दिनों में पूरा कराने के निर्देश दिए। नए नलकूपों की स्थापना और रिबोरिंग के लंबित कार्यों को भी जल्द पूरा कराने को कहा गया, ताकि शहर में जलापूर्ति व्यवस्था सुचारु रहे। पर्यावरण विभाग की समीक्षा में शहर में बंद पड़े पिंक टॉयलेट का मुद्दा सामने आया। महापौर ने पर्यावरण अभियंता को एक सप्ताह के भीतर सभी बंद पिंक टॉयलेट पुनः संचालित कराने के निर्देश दिए।

रजिस्ट्री ऑफिस के पास बनेगी स्ट्रीट पार्किंग

- अतिक्रमण हटाकर खाली हुए स्थल का होगा उपयोग

लखनऊ। शहर में व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में नगर निगम ने पहल शुरू की है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने रजिस्ट्री ऑफिस के पास हाल ही में अतिक्रमण हटाए गए स्थल पर स्ट्रीट पार्किंग विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिशासी अभियंता को स्थल का आवश्यक परीक्षण कर पार्किंग विकसित करने की दिशा में तत्काल कार्रवाई करने को कहा।

नगर आयुक्त ने मंगलवार को शहर के विभिन्न निमार्णाधीन स्थलों का निरीक्षण किया। इसी दौरान उन्होंने रजिस्ट्री ऑफिस के पास अतिक्रमण हटाए गए स्थल का संज्ञान लिया और निर्देश दिया कि उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग करते हुए वहां व्यवस्थित स्ट्रीट पार्किंग विकसित की जाए। इससे आसपास आने वाले लोगों को वाहनों की पार्किंग के लिए सुविधा मिल सकेगी और सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों की समस्या कम करने में मदद मिलेगी। नगर आयुक्त ने बंधा रोड स्थित नवनिर्मित किए जा रहे वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वर्कशॉप परिसर में पेट्रोल पंप की स्थापना, भवन निर्माण समेत अन्य कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने और निर्माण की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। इसके बाद नगर आयुक्त ने कैसरबाग-चकबस्त स्थित निमार्णाधीन जोन-1 के जोनल कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिशासी अभियंता को शेष कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जोनल कार्यालय में दिव्यांगजनों की सुविधा को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। ग्रिल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के साथ कार्यालय आने वाले सभी नागरिकों के लिए सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करने को कहा।

पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग को लेकर बैंककर्मियों का प्रदर्शन



लखनऊ। पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने समेत लंबित मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) की लखनऊ जिला इकाई के आह्वान पर मंगलवार को बैंककर्मियों ने विरोध प्रदर्शन किया। बैंककर्मियों ने काला बैज लगाकर काम किया। इसके बाद स्टेट बैंक की मुख्य शाखा पर राज्य स्तरीय धरना दिया गया और शाम पांच बजे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्मचारियों ने विशाल प्रदर्शन किया।

यूएफबीयू के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि बैंककर्मी लंबे समय से अपनी मांगों के समाधान की अपेक्षा कर रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण कर्मचारियों में असंतोष है। उन्होंने कहा कि मांगों के निस्तारण तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने का नेतृत्व फोरम के सातों घटकों के वरिष्ठ बैंक नेताओं वाईके अरोड़ा, दिनेश कुमार सिंह, अजय पांडेय, एसके संगतानी, लक्ष्मण सिंह, वीके माथुर, संदीप सिंह, अशोक अग्रवाल और सचिन केशरवानी समेत अन्य पदाधिकारियों ने किया। धरने में बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान बैंक नेताओं ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने और अन्य लंबित मुद्दों के समाधान को लेकर संगठन चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है।

एकेटीयू के छात्र करेंगे आईआईटी मद्रास का डिजाइन ऑनलाइन एआई कोर्स

विशेष संवाददाता (vol)

- कॉनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री ने युवाओं को एआई एवं एमएल में दक्ष बनाने के लिए की पहल

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के छात्र आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों के डिजाइन आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग ऑनलाइन कोर्स को निःशुल्क कर सकेंगे।

नेशनल इनेशिएटिव ऑफ दी कॉनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के अभियान ड्रीम अनलॉक्डः बिल्डिंग एन एआई रेडी इंडिया-स्किलिंग दी यूथ ऑन एआई को सहयोग प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों को यह कोर्स कराने की पहल की है।

सीआईआई के साथ एमओयू : विश्वविद्यालय अपने संबद्ध संस्थानों के छात्रों को यह कोर्स कराने के लिए सीआईआई के साथ एमओयू किया है। एमओयू के तहत एआई और एमएल के इस नये कोर्स को विश्वविद्यालय के छात्र कर सकेंगे। सीआईआई ने यह कोर्स एचपी के साथ मिलकर 30 घंटे का ऑनलाइन कोर्स छात्रों के लिए उपलब्ध कराया है। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के सहयोग से यह कोर्स आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों ने खासकर युवाओं के लिए तैयार किया है। एक क्रेडिट का यह कोर्स अकादमिक संस्थानों के नियमों के तहत है।

वर्तमान उद्योगों की जरूरतों के मुताबिक तैयार किया गया यह 30 घंटे का यह कोर्स युवाओं को एआई में एक्सपर्ट बनाने में मदद करेगा। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और पाइथन तकनीकी की पूरी समझ विकसित होगी। डाटा एनालिसिस, नमपाई एवं पंडास की जानकारी मिलेगी। साथ ही डाटा एनालिसिस एवं डाटा विजुअलाइजेशन के बारे में बताया जाएगा। मशीन लर्निंग के साथ रिगरेशन, क्लासिफिकेशन एवं क्लस्टरिंग के बारे में छात्र जानेंगे। जेनेरेटिव एआई, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग एवं एआई असिस्ट कोडिंग भी सीखेंगे। इसके अलावा प्रैक्टिकल, केस स्टडी और उनका मूल्यांकन भी किया जाएगा ताकि छात्र इन नई तकनीकी में दक्ष बन सकें।

जन-जन तक पहुंचेगा सेवा संकल्प अभियान का संदेश : आनंद

लखनऊ। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं एमएलसी मुकेश शर्मा ने कैसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया गया कि अभियान के अंतर्गत नमो सेवा : अनकही कहानियां की थीम पर लखनऊ महानगर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक एवं नाट्य मंचन आयोजित किए जाएंगे। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा, सामाजिक सरोकार और जनभागीदारी से जुड़े संदेशों को आमजन तक



पहुंचाया जाएगा। कार्ययोजना के अनुसार विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों पर दस नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही चयनित एक स्थानों पर नाट्य मंचन भी होंगे। कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा और जनभागीदारी की भावना को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अभियान के संदेश को प्रभावी एवं सहज रूप से समाज तक पहुंचाया जाएगा। विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, योगेंद्र, मंत्री चंद्र प्रकाश अवस्थी, मानवेंद्र सिंह उपस्थित रहें।

शिक्षक-स्नातक चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए भाजपा लखनऊ महानगर ने कसी कमर

लखनऊ। शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव का मंगलवार को घोषणा होते ही भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी, अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों को मजबूत करने और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षक एवं स्नातक चुनाव के लिए 29 सितंबर से 6 अक्टूबर तक नामांकन होंगे तथा 23 अक्टूबर को मतदान होगा। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक एवं स्नातक चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों पर पूरी गंभीरता से अमल किया जाएगा। लखनऊ महानगर के सभी विधानसभाओं के संयोजक, सह संयोजक एवं मंडल पर मंडल संयोजक, सह संयोजक बनाए जा चुके है। बूथ एवं वार्ड स्तर तक मतदाता संपर्क, सूची के सत्यापन और मतदान के दिन अधिकतम मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की रणनीति पर भी चर्चा की। संगठन की मजबूत तैयारी और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से 23 अक्टूबर को दोनों प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित कर उन्हें विधान परिषद सदन भेजने का लक्ष्य है। विधान परिषद सदस्य एवं स्नातक चुनाव प्रत्याशी इ. अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव के लिए मतदाता सूची का बारीकी से अध्ययन किया जाए और किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए। उन्होंने बताया कि छूटे हुए स्नातक मतदाताओं का नाम 24 सितंबर तक बढ़ाया जा सकता है।

लखनऊ के स्वच्छता मॉडल का पटना नगर निगम करेगा अध्ययन

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम की स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था का अध्ययन करने के लिए पटना नगर निगम के 14 पार्षदों और एक अधिकारी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण किया। प्रतिनिधिमंडल ने यूपी दर्शन पार्क, भैंसौरा स्थित एफसीटीएस और भरवारा एसटीपी का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

प्रतिनिधिमंडल ने डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, कचरे के पृथक्करण, परिवहन और वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था को करीब से समझा। एफसीटीएस और एसटीपी में अधिकारियों से कचरा एवं अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया की जानकारी भी ली। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौर



महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

फर्जी गेमिंग प्लेटफॉर्म से करोड़ों की ठगी एसटीएफ ने दबोचा गिरोह का वांछित

● इंस्टाग्राम पर आईपीओ में भारी मुनाफे का झांसा, फर्जी ऐप पर निवेश कराकर उड़ायी रकम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सोशल मीडिया पर आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर करोड़ों रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के वांछित आरोपी विवेक कुमार सिंह को यूपी एसटीएफ ने देहरादून से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड, दो राउटर और 15,500 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

एसटीएफ की जांच में सामने आया कि गिरोह इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सऐप के जरिए निवेशकों को निशाना बनाता था। इंस्टाग्राम पर शेयर मार्केट एनालिसिस और ट्रेडिंग की ट्रेनिंग का फर्जी विज्ञापन डालकर लोगों को वीआईपी9-6एसीआई एक्सक्लेसिव गाइडेंस ग्रुप से जोड़ा जाता था। व्हाट्सऐप ग्रुप में शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ में निवेश की ट्रेनिंग के नाम पर मुनाफे के फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर निवेशकों का भरोसा जीता जाता था।

इसके बाद निवेशकों को एसीआई सेन्चुरी एप डाउनलोड कराकर खाते खुलवाए जाते थे। अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा कराने के बाद ऐप के डैशबोर्ड पर रकम और मुनाफे का फर्जी आंकड़ा दिखाया जाता था। मुनाफा बढ़ता देख निवेशक और रकम लगाते गए और गिरोह ने करोड़ों रुपये समेट लिए।

जांच में पता चला कि ठगी की रकम फर्जी कंपनियों के नाम पर खोले गए बैंक खातों में भेजी जाती थी। इसके



बाद कई स्तरों पर रकम ट्रांसफर कर उसे यूएसडीटी में बदला जाता और दुबई में बैठे गिरोह के साथियों तक पहुंचाया जाता था। विवेक कुमार सिंह के खिलाफ साइबर क्राइम थाना लखनऊ समेत आशियाना और अंडमान-निकोबार के साइबर क्राइम थाने में कुल 11 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें बीएनएस की धारा 318(4), 319(2), 317(3), 61(2), 111(2) और आईटी एक्ट की धारा 66डी समेत अन्य धाराएं शामिल हैं।

एसटीएफ के मुताबिक गिरोह की ठगी का दायरा कई राज्यों तक फैला है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर गिरोह के खिलाफ अब तक 3,087 ऑनलाइन शिकायतें दर्ज होने की जानकारी मिली है।

इस मामले में एसटीएफ पहले ही अनुराग अरविंद श्रीवास्तव, विनोद कुमार राठौर, सुधीर गंगाधर दास और शेख नदीम सलीम को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। विवेक कुमार सिंह लंबे समय से वांछित था। एसटीएफ टीम ने सूचना के आधार पर 19 सितंबर की रात देहरादून के राजपुर थाना क्षेत्र स्थित उसके फ्लैट पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। ट्रांजिट रिमांड हासिल कर आरोपी को लखनऊ लाया गया है।

फंदे से लटकी मिली विवाहिता

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र एक गांव में विवाहिता सुभाषिनी ने सोमवार रात में कमरा में साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के मौसा ने ससुरालीजनों पर दहेज, मानसिक प्रताड़ना सहित कई आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मौसा की तहरीर पर पति सहित ससुरालिजनो के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

सालेहनगर गांव में सोमवार रात में खाना खाने के बाद सत्यनाम रैदास की पत्नी सुभाषिनी 21वर्ष ने अपना कमरा बंद कर सोने गयी हुई थी। उसका पति सत्यनाम दिल्ली में मजदूरी करता है।जो रक्षा बंधन के बाद दिल्ली चला गया था। मंगलवार प्रातः जब सत्यनाम की माता निर्मला, भाई शिवम और बहन सोनिया जाग गये, लेकिन सत्यनाम की पत्नी सुभाषिनी कमरे से बाहर नहीं निकली, तो सास निर्मला ने आवाज देकर जगाने का प्रयास किया, लेकिन कमरे से प्रतिक्रिया नहीं मिली।

रोडवेज बस ट्रक से टकरायी, पांच घायल

● चालक, परिचालक व तीन अन्य सवारियां घायल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह स्टेयरिंग फेल हो जाने से रोडवेज बस आगे जा रहे ट्रक से टकरा गयी, जिसमें चालक, परिचालक व तीन अन्य सवारियां घायल हो गयीं। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्रीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा, जहां चालक व परिचालक की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लोकबन्धु अस्पताल भेज दिया गया, जबकि तीन अन्य सवारियों को उपचार के बाद घर भेज दिया।

मोहनलालगंज क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 11-00बजे यूपीएएल फैक्ट्री के सामने स्टेयरिंग फेल होने से रोडवेज बस संख्या (यूपी 34टी7928) आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में चालक और परिचालक समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती



कराया गया है। बस में करीब 20 सवारियां थी।

इंस्पेक्टर मोहनलालगंज के मुताबिक रोडवेज बस चालक हरिओम मंगलवार सुबह आलमबाग बस अड्डे से सवारियां लेकर फतेहपुर जा रहा था। इस बीच मोहनलालगंज इलाके में यूपीएएप फैक्ट्री के सामने स्टेयरिंग फेल होने से बस आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों और पुलिस की मदद से बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया।

घटना की जानकारी पाकर पुलिस बल व एसीपी राजेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। घायलों को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख फतेहपुर निवासी बस चालक हरिओम(35) पुत्र चन्द्ररूप निवासी फतेहपुर, परिचालक मुकेश कुमार (46) पुत्र गजराज सिंह निवासी कानपुर देहात और तीन सवारियां बांसदेव निर्मल (68) निवासी लालगंज रायबरेली, अतुल सिंह (28) पुत्र रामलखन निवासी रायपुर लालगंज रायबरेली और अशोक कुमार (35) पुत्र अनोखे निवासी ऐशबाग बाजारखाला शामिल हैं, जहां से बस चालक हरिओम एवं यात्री बांसदेव निर्मल को बेहतर उपचार के लिए लोकबंधु अस्पताल रेफर किया गया। शेष घायल हुए लोग उपचार के बाद सीएचसी मोहनलालगंज से अपने घरों के लिए रवाना हो गये।

हवलदार की मौत मामले में पिता ने बहू पर प्रताड़ना का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सेंट्रल कमांड में तैनात सेना के हवलदार जगबीर सिंह की मौत के मामले में पिता ने बहू पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर बेटे ने खुदकुशी की थी। पिता ने कैंट कोतवाली में बहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। एसओ कैंट गुरप्रीत कौर ने बताया कि जांच की जा रही है।

पंजाब अमृतसर निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि उनका बेटा जगबीर सिंह सेंट्रल कमांड में हवलदार था। वह पत्नी हरप्रीत कौर विर्क और डेढ़ वर्षीय बेटे दीदार सिंह के साथ कैंट के संजय विहार कॉलोनी स्थित क्वार्टर नंबर 56डी में रहता था। कुलदीप ने बताया कि छह सितंबर को करीब 3:20 बजे उनके बड़े भाई कैप्टन हरमेल सिंह ने कॉल कर जगबीर की मौत की सूचना दी। बताया कि हरप्रीत कौर ने कॉल कर जानकारी दी है। कैप्टन हरमेल सिंह ने हरप्रीत से मौत का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह बाथरूम में नहा रही थी। इसी दौरान जगबीर की मौत हो गई। बताया कि रात में उनका पति से झगड़ा हुआ था।

हरप्रीत ने सिकंदराबाद में रहने वाले जेठ सुखदीप को कॉल कर पति की मौत की सूचना दी। पूछने पर कहा कि जगबीर को सेना की ओर से चेतावनी मिली थी। जगबीर पर दो लोन थे। पिता कुलदीप सिंह ने बताया कि वर्ष 2020 में शादी के करीब एक साल बाद से ही हरप्रीत कौर परिवार से विवाद करने लगी थी। आरोप है कि वह जगबीर को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करती थी। उसकी बात नहीं मानने पर आत्महत्या कर परिवार को घरेलू हिंसा और केस में फंसाने की धमकी देती थी।

छह सितंबर को हरप्रीत पति का शव लिए बिना सामान लेकर मायके चली गई। आरोप है कि परिवार के लोग शव लेकर आने वाले थे, तभी वह अपने परिजनों के साथ घर पहुंची और गाली-गलौज व धमकी दी।

युवती से दुराचार करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। बंथरा पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुराचार करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करने के साथ उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने 10 सितंबर 2026 को बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि थाना क्षेत्र के ही नानमऊ गाँव निवासी जितेन्द्र सिंह ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार किया।

युवती ने जब उसके ऊपर शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी से इनकार करते हुए उसे जातिसूचक गालियां देने के साथ जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि पीड़ित युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी, लेकिन वह लगातार फरार चल रहा था। इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने साक्ष्यों की मदद से आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

टुंडे कबाबी व बीकानेरवाला समेत सात प्रतिष्ठानों पर छापा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं की सुरक्षा को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने शुद्ध ही शुभ है अभियान के तहत कानपुर नगर, आगरा, गाजियाबाद, प्रयागराज और वाराणसी में फास्ट फूड व रेस्टोरेंट प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी सामने आई। विभाग ने जनहित को देखते हुए सात यूनिट के लाइसेंस निलंबन की संस्तुति की है।

विभाग के अनुसार इन स्थितियों से खाद्य पदार्थों के दूषित होने और क्रॉस-कॉन्टेमिनेशन का खतरा था। कानपुर के टुंडे कबाबी में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की स्वच्छता और सैनिटेशन की स्थिति खराब मिली। परिसर में दुर्गंध, कच्चे मांस के अनुचित रखरखाव तथा वेज-नॉनवेज खाद्य पदार्थों के पृथक्करण की व्यवस्था नहीं मिली।

वाराणसी के वॉव मोमोज में पैक्ड खाद्य पदार्थों पर भविष्य की निर्माण तिथि अंकित किए जाने की स्थिति मिली। परिसर में एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक और सॉस का भंडारण एवं उपयोग भी पाया गया। आगरा के अमृतसरी कुलचा प्रतिष्ठान में स्वच्छता की स्थिति खराब मिली।

गाजियाबाद के एसी एंटरप्राइज में डीप फ्रीजर में चिकन और मटन से रक्त का रिसाव पाया गया। फ्लॉको क्लॉक्ज युवराज नगर में डीप फ्रीजर और उपकरणों की सफाई बेहद खराब मिली। नाथूस, राजनगर में नालियों में अपशिष्ट, दुर्गंध, कीड़े-कॉकरोच, खुले कंटेनरों जैसी कमियां मिलीं। वहीं बीकानेरवाला, राजेंद्र नगर में कीड़ों का प्रकोप, गंदा क्लीनिंग एरिया, चोक ड्रेनेज और खुले डस्टबिन पाए गए। नाथूस और बीकानेरवाला के लाइसेंस निलंबन की संस्तुति की गई है। विभाग ने खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण, क्रॉस-कॉन्टेमिनेशन की रोकथाम और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है।

टेंट के सामान में लगी आग

लखनऊ। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब 09 बजे एक मकान केबगल में रखे टेंट के सामान में अचानक आग लग गयी। आग इतनी तेजी से फैली की क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पाकर दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आगसे हजारों का सामान जलकरनष्ट हो गया।

सोमवार को रात करीब 09 बजे फायर स्टेशन चौक कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि पिक्कर गैलरी के बगल स्थित मकान के बगल में रखे टेंट के सामान में आग लग गई है। आग तेजी से फैल रही है। इस सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंशुल मिल्तल के निर्देशन पर एफएसएसओ चौक के नेतृत्व में तीन एमएफई एक साथ मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंच कर देखा कि आग विकराल रूप लिए है धू धू कर जल रही थी। मकान तक 2- एमएफई पहुंचने की जगह थी। प्रभारी चौक होज रील की मदद से पंपिंग शुरू करके आग को बुझा लिया।

बढ़े हाउस टैक्स का व्यापारियों ने किया विरोध



लखनऊ। नगर निगम-जोन 01 में बेतहाशा हाउस टैक्स बढ़ाए जाने का व्यापारियों ने विरोध किया है। इसे लेकर व्यापारियों ने बाजार में प्रदर्शन किया। गणेशगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राजीव वोहरा का कहना है कि नगर निगम ने वर्ष 2010 से हाउस टैक्स बढ़ाकर अवैध तरीके से नोटिस भेज दिया है, जबकि व्यापारियों द्वारा हर साल समय पर हाउस टैक्स जमा किया जा रहा है। फिर भी उन्हें नोटिस भेजा गया। इस मामले में महापौर सुषमा खरकवाल ने वर्ष 2022 से हाउस टैक्स लिए जने की मौत कही है। व्यापारियों को एक-एक लाख रुपए के हाउस टैक्स के नोटिस भेज दिए हैं। इस मामले में कर निरीक्षक डीएस दुबे महापौर के आदेशों को दरकिनार कर नोटिस भेज रहे हैं, जिसे लेकर व्यापारी परेशान हैं।

भाई की गैर इरादतन हत्या में भाई गिरफ्तार

लखनऊ। शराब के नशे में भाई की पिटाई के दौरान मौत प्रकरण में गोमतीनगर पुलिस अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को भारती पत्नी स्व. अजय कुमार रावत निवासी 322 ग्वारी गांव थाना गोमतीनगर ने पति अजय कुमार की लाठी डंडे से पीटकर हत्या करने का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में गोमतीनगर पुलिस टीम के उ0नि0 प्रेम कुमार , उ0नि0 कमलेश कुमार यादव द्वारा मंगलवार को मिली सूचना पर अभियुक्त प्रमोद कुमार रावत (34) पुत्र स्व. रामसेवक रावत निवासी- ग्वारी विकाश खंड 4 नियर चन्द्र शेखल स्कूल गोमतीनगर को सोमवार को ग्वारी चौराहे के पास फुटपाथ पर नर्सरी के सामने थाना गोमतीनगर से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मृतक अजय कुमार मेरा भाई है।

मारपीट में युवक घायल

लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के अचलीखेड़ा गांव में गाली-गलौज के बाद युवक से मारपीट और धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अचलीखेड़ा निवासी शिवांश पटेल (22) ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 21 सितंबर की रात करीब नौ बजे पराग डेयरी के पास उसके साथ गाली-गलौज की गई। विरोध करने पर आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर नगराम पुलिस ने अचलीखेड़ा निवासी प्रशान्त पटेल, अनुराग पटेल, अतुल और आदर्श दीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

फंदे से लटका मिला युवक का शव

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह युवक का शव संदिग्ध हालत में कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से उन्नाव जिले के बारा सगवर थानान्तर्गत धानी खेड़ा निवासी सुंदरलाल का 19 वर्षीय बेटा रवि धीमान सरोजनीनगर के अमौसी गांव में शिवांशु सिंह के मकान में किराए पर कमरा लेकर अकेले ही रहता था। किराए पर रह रहे कुलदीप अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जाने के लिए नीचे उतरा तो रवि का कमरा खुला होने के साथ ही कमरे के अंदर सामने ही रवि पंखे से चुन्नी के सहारे लटका नजर आया। तब कुलदीप ने इसकी सूचना मकान मालिक शिवांशु को दी। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना रवि के परिजनों को दी।

जिला पूर्ति अधिकारी ने दर्ज करायी रिपोर्ट

लखनऊ। पारा इलाके में घरेलु गैस की कालाबाजारी करने के आरोप में एक नामजद व प्लॉट मालिक के खिलाफ जिला पूर्ति निरीक्षक ने सोमवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। बरामद हुए कुछसिलेंडरों में मानक से अधिक गैस भरी मिली। पारा पुलिस ने रविवार को छापेमारी के दौरान जनता विहार कॉलोनी में खाली प्लॉट में 27 सिलेंडर बरामद किए थे। मौके से एक आरोपित भाग निकला था। पुलिस की सूचना पर राजाजीपुरम पूर्ति निरीक्षक सत्यम्मिश्र, चक्रपाणि मिश्र और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अरविंद कुमार सिंह छानबीन करने पहुंचे थे। सत्यम मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि खाली प्लॉट में बनी झोपड़ी व आस-पास 27 घरेलु गैस सिलेंडर बरामद हुए है। जिनमें से तीन सिलेंडरों को भार मानक से अधिक निकला। पुलिस और पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम को मौके से रिफिलर, हैंगिंग डिजिटल बैलेंस बरामद हुए है।

फिटनेस समाप्त मिलने पर 11 ई-रिक्शा सीज

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर परिवहन विभाग ने मंगलवार को ई-रिक्शों के खिलाफ अभियान चलाया। एआरटीओ (प्रवर्तन) आलोक कुमार यादव के नेतृत्व में कमता, पी-4 पार्किंग, रायबरेली रोड और साउथ सिटी में जांच हुई। टीम ने 16 ई-रिक्शों के चालान किए, जबकि फिटनेस समाप्त मिलने पर 11 ई-रिक्शा सीज कर पी-4 पार्किंग, वृंदावन में खड़े कराए। आरटीओ (प्रवर्तन) प्रभात पांडेय के ने बताया कि अभियान में बिना वैध फिटनेस, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस और जरूरी दस्तावेजों के ई-रिक्शा चलाना सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर है। संचालकों से दस्तावेज वैध रखने और चौराहों पर ई-रिक्शा खड़ा कर जाम न लगाने की अपील की गई है।

पेट्रोल पंप पर दो पक्षों में विवाद

लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के मंगटइया गांव स्थित संगम फीलिंग पेट्रोल पंप पर डीजल-पेट्रोल भराने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया मामले की विवेचना सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह कर रहे राती गांव निवासी लवकुश रावत ने आरोप लगाया कि 15 सितंबर की दोपहर पेट्रोल पंप पर डीजल-पेट्रोल डलवाने को लेकर हुए विवाद में विक्की सिंह ने जातिसूचक गालियां देते हुए लात-घूंसों और डंडे से मारपीट की पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धाराओं के साथ एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

हिस्ट्रीशीट से गैंगस्टर तक होगी सख्त कार्रवाई

लखनऊ। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुश्ताक ने मंगलवार को दक्षिणी जोन के विभाग के साथ समीक्षा बैठक की बैठक में आदतन अपराधियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई पर विशेष जोर देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीसीपी दक्षिणी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में सक्रिय एवं आदतन अपराधियों का सत्यापन कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली जाए जिन अपराधियों की गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन रही उनके विरुद्ध गुंडा एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं सुधीर कुमार पुत्र केदारनाथ नि. हरदी तहसील धौरहरा। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश अंग्रेजी में sudheer kumar दर्ज है तथा हाई स्कूल के अंक पत्र मे सही नाम sudhir kumar है। भविष्य में sudhir kumar के नाम से जाना जाए।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा घरेलू नाम राम भोली है, परन्तु अभिलेखों में मेरा नाम मनोरमा देवी है। राम भोली व मनोरमा देवी पत्नी शत्रोहन एक ही महिला के नाम हैं। भविष्य में मेरा नाम राम भोली के स्थान पर मनोरमा देवी ही दर्ज माना जाये। मनोरमा देवी पत्नी शत्रोहन निवासिनी-ग्राम कचूरी, पो.-कचूरा, थाना एवं तह. महोली, जनपद सीतापुर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता भिक्खू पुत्र मेड़ीलाल का मृत्यु दिनांक 01/01/2003 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपने पिता का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करवा सका। इसके पहले मैंने कहीं से भी मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए कोई आवेदन नहीं किया। मेरे पिता भिक्खू का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाना जनहित में आवश्यक है। किसी को आपत्ति हो तो दर्ज करवा सकता है। धर्मेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय भिक्खू निवासी ग्राम कुसुंभी विकासखंड हसवा तहसील जिला फतेहपुर।

जान से मारने की दे रहे धमकी

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में संयुक्त रूप से खरीदी गई जमीन को बेचकर हिस्से की रकम न देने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में आलमबाग के छोटा बरहा निवासी सतीश कुमार शुक्ला की शिकायत पर न्यायालय के आदेश से सरोजनीनगर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सतीश के मुताबिक उसने विमल कुमार पांडेय और पंकज त्रिपाठी के साथ पांच दिसंबर 2015 को सरोजनीनगर के गहरू स्थित खसरा संख्या 600 मि. की 3758.886 वर्गमीटर जमीन संयुक्त रूप से खरीदी थी।

केजीएमयू में नर्सिंग छात्रा की मौत पर दूसरे दिन भी बवाल

● डीन के इस्तीफे पर अड़ीं छात्राएं
● कुलपति से वार्ता के बाद धरना खत्म, आज से पूर्व की भांति संचालित होंगी कक्षाएं

लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में नर्सिंग छात्रा की मौत के बाद छात्रों का गुस्सा थम नहीं रहा है। दूसरे दिन मंगलवार को लगातार नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने प्रदर्शन किया। कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्राएं नर्सिंग डीन के इस्तीफे की मांग पर अड़ी रहीं। दिन भर केजीएमयू परिसर में गहमागहमी बनी रही। इस पर कुलपति से वार्ता के दौरान मिले आश्वासन के बाद सहमति बनी और धरना खत्म किया गया। साथ ही बुधवार से नियमित कक्षाएं संचालित होगी।

दरअसल, बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की एक छात्रा बुखार से पीड़ित थी, जिसका वाराणसी के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। साथी छात्राओं का आरोप है कि बीमार होने के बावजूद छात्राओं को छुट्टी नहीं दी जाती। बीमार हालत में भी ओपीडी से लेकर वार्ड तक ड्यूटी लगाई जाती है। छात्राओं का कहना है कि नर्सिंग हॉस्टल में बदइंतजामी चरम पर है। कई बार शिकायत के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। हॉस्टल में लगातार बीमारी फैल रही है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। इसी आक्रोश के चलते नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल पहले ही इस्तीफा दे चुकी हैं, अब छात्राएं डीन को हटाने की मांग कर रही हैं।

प्रदर्शन बढ़ता देख केजीएमयू प्रशासन हरकत में आया। प्रतिकुलपति डॉ. अंजू अग्रवाल, डीन पैरामेडिकल साइंसेज डॉ. केके सिंह और नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गंगवार ने धरना स्थल पर पहुंचकर छात्राओं से बात की और बताया कि कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद उनसे वार्ता करना चाहती हैं। इसके बाद 20 छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधिमंडल को बोर्ड रूम में बुलाया गया। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने छात्रों से धरना समाप्त कर पढ़ाई पर लौटने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि छात्रों की समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा।

महिला समेत तीन बुजुर्गों के खाते से उड़ाये 29.82 लाख रुपये

लखनऊ। ग्रीन गैस कर्मचारी बन साइबर जालसाजों ने राजधानी के महिला समेत तीन बुजुर्गों के खाते से 29,82,289 लाख रुपये साफ कर दिये। किसी को बिल जमा करने तो किसी का बिल व मीटर अपडेट करने के नाम ठगे। तीनों पीड़ितों को जालसाजों ने व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल का एक्सेस लेने के बाद खातों से रकम ट्रांसफर की जा रही है। जालसाजों ने इंदिरानगर के सेक्टर-14 निवासी बुजुर्ग कृपा शंकर मिश्र से 13.14 लाख, पीजीआई क्षेत्र के राजेन्द्र राम के खाते से 7.38 लाख और दौलतगंज की शीला देवी के दो खातों से 9.29 लाख रुपये निकाले लिये। तीनों मामलों में साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

इंदिरानगर सेक्टर-14 निवासी कृपा शंकर मिश्र के व्हाट्सएप पर 20 सितंबर को जालसाज ने संपर्क किया। खुद को ग्रीन गैस लिमिटेड का कर्मचारी बताते हुए कनेक्शन का 1931 रुपये बकाया होने की बात कही। इसके बाद यूनियन बैंक के खाते से 13,14,500 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित के मुताबिक खाते में जमा रकम के अलावा 10 लाख रुपये की एफडी तोड़कर भी रकम निकाल ली गई। केशव पार्क, सरस्वतीपुरम निवासी राजेन्द्र राम के व्हाट्सएप पर 13 सितंबर को ग्रीन गैस बिल अपडेट का संदेश आया। जालसाज ने बिल अपडेट के लिए फॉर्म भरने और 13 रुपये भुगतान करने को कहा।

सरकारी सेवा से नहीं बच सकते डॉक्टर : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि सरकारी मेडिकल संस्थानों में रियायती दर पर स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा का लाभ लेने वाले डॉक्टर अनिवार्य सरकारी सेवा बांड की जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकते। कोर्ट ने कहा कि सरकार ने पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के साथ दो वर्ष की अनिवार्य सेवा की शर्त रखी है ताकि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो और मरीजों के जीवन के अधिकार की रक्षा की जा सके। प्रशासनिक स्तर पर थोड़ी देरी मात्र से बांड की बाध्यता समाप्त नहीं हो जाती।

न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की पीठ ने एसजीपीजीआई, लखनऊ से एमडी (ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन) करने वाली डॉक्टर अपारूपा सेन गुप्ता की याचिका पर यह टिप्पणी की। डॉक्टर ने दावा किया था कि पाठ्यक्रम पूरा होने के तीन महीने के भीतर सरकार की ओर से सेवा उपलब्ध नहीं कराने के कारण उसका दो वर्ष का अनिवार्य सेवा बांड समाप्त माना जाए। कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया। कहा कि डॉक्टर ने पीडीसीसी पाठ्यक्रम करने के लिए सरकार से एनओसी ली थी और उसमें स्पष्ट शर्त थी कि पीडीसीसी की अवधि बांड सेवा में नहीं गिनी जाएगी। साथ ही उत्तर प्रदेश में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत तीन महीने में नियुक्ति नहीं मिलने पर बांड स्वतः समाप्त हो जाए। कोर्ट ने पाया कि एक जून 2026 की काउंसिलिंग अधिसूचना 2022 बैच के एमडी/एमएस और 2023 बैच के डिप्लोमा अभ्यर्थियों के लिए थी, जबकि याची 2021 बैच की थी। उसे काउंसिलिंग में शामिल होने का अवसर नहीं मिला।

कोर्ट ने डीजीएमई को निर्देश दिया कि डॉक्टर के लिए नए सिरे से काउंसिलिंग हो और एनएमसी से सरकारी मेडिकल कॉलेजों व शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटों में उसे संस्थान चुनने का अवसर दिया जाए। यह प्रक्रिया 27 सितंबर 2026 से चार सप्ताह के भीतर पूरी करनी होगी। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि पीडीसीसी के बाद एसजीपीजीआई में डॉक्टर ने 89 दिन बतौर वरिष्ठ रेजीडेंट जो सेवा दी, उसे दो वर्ष की अनिवार्य सरकारी सेवा बांड अवधि में समायोजित किया जाए। काउंसिलिंग पूरी होने तक वह एसजीपीजीआई में वरिष्ठ रेजीडेंट के रूप में काम जारी रखेगी।

कार्यवाहक प्रधानाध्यापकों को पूरी अवधि का मिलेगा वेतन

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कार्यवाहक प्रधानाध्यापकों के वेतन के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि सहायक अध्यापक यदि लंबे समय तक कार्यवाहक प्रधानाध्यापक के रूप में काम करते रहे हैं तो उन्हें प्रधानाध्यापक पद का वेतन उस तारीख से मिलेगा, जिस दिन से उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली थी। कोर्ट ने बकाया वेतन के भुगतान को तीन वर्ष तक सीमित करने के पूर्व आदेश को संशोधित कर दिया है। गौरतलब हो कि राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेशों के तहत कार्यवाहक प्रधानाध्यापक को प्रधानाध्यापक के बराबर वेतन देने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने याचियों की याचिका निस्तारित करते हुए यह फैसला दिया है।

अवध बार चुनाव में पोस्टर, जुलूस व खान-पान पर हाईकोर्ट की रोक

विधि संवाददाता

लखनऊ। अवध बार एसो. के वर्ष 2026-27 के चुनाव को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को हाईकोर्ट परिसर में पोस्टर या स्टिकर लगाने, जुलूस निकालने और खाद्य सामग्री बांटने पर रोक लगा दी है। प्रत







गणेश उत्सव में नृत्य नाटिका प्रस्तुत करते कलाकार | बप्पा की मूर्ति का विसर्जन करते लोग | लोकनृत्य प्रस्तुत करते कलाकार | फोटो-अमित वर्मा

गणेश उत्सव : भजन संध्या व नृत्य-नाटिका बनीं आकर्षण का केंद्र





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। झूलेलाल वाटिका में चल रहे मनौतियों के राजा गणेशोत्सव में मंगलवार को कोलकाता के प्रसिद्ध निर्देशक संजय शर्मा के निर्देशन में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत महुआ टीवी के सुर-संग्राम विजेता भजन गायक अशोक कुमार ने भोले का दीवाना, ये रामराज है, एक बार जो रघुवर की नजर का इशारा हो जाए और बम बम बोल रही है काशी जैसे भजनों से की। उनके भजनों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा।

भजन संध्या के बाद कलाकारों ने भगवान विष्णु के दस अवतारों को नृत्य-नाटिका के रूप में मंच पर जीवंत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके पश्चात संजय शर्मा और उनकी टीम द्वारा अंधकासुर वध की अद्भुत नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें दिखाया गया कि माता पार्वती के पसीने से जन्मा पुत्र अंधकासुर अपनी शक्तियों से संसार को त्रस्त करने लगा, तब भगवान शंकर ने काल भैरव का रूप धारण कर उसका वध किया। मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। समिति के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि 23 सितंबर को पाशांकुश पूजन, मध्याह्न 12 बजे होगा। इस मौके पर संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, जय करन सिंह, अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम आदि लोग मौजूद रहे।

बप्पा के दर्शन आज दिनभर होंगे: बप्पा के दर्शन मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक, दोपहर 1:00 बजे से 5 बजे तक और सायं 6:00 बजे से रात 11 होंगे। मनोतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से सायं 6:00 बजे तक श्रद्धालु लिख सकते हैं।

कल निकलेगी मनौतियों के राजा की शोभा यात्रा, मूर्ति का होगा भू विसर्जन: समिति के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि मनौतियों के राजा की शोभा यात्रा झूलेलाल वाटिका से अपरान्ह 1 बजे प्रारम्भ होकर विश्वविद्यालय मार्ग, आईटी चौराहा, रामकृष्ण मठ, शंकरनगर, नजीरगंज, डालीगंज होते हुये झूलेलाल वाटिका पर समाप्त होगी। विसर्जन शोभा यात्रा निकलने के बाद गणेश प्रतिमा का झूलेलाल वाटिका के पास भू विसर्जन किया जायेगा।

गणपति महाराज को लगाया भोग: ऑस्कर योग साँई कृपा सेवा संस्थान के तत्वाधान में चल रहे श्रीं श्रीं गणेश महोत्सव स्थानीय ही नहीं व्यापार मंडल के लोग भी गणपति महाराज की पूजा अर्चना करने के लिए शामिल हो रहे हैं। महोत्सव में मंगलवार को सुबह पंकज तिवारी जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद लखनऊ पश्चिम द्वारा सेवा संकल्प सत्ता के अवसर पर गणपति पूजन किया गया। इस अवसर पर 20 बच्चों का शिक्षा एवं भोजन निशुल्क करने का संकल्प लिया है। इसके अलावा शिवाजी मार्ग के राजा गणपति महाराज के रात्रि का भोग लखनऊ व्यापार मंडल पदाधिकारी और सदस्यों ने संयुक्त रूप से लगाया। इसमें प्रमुख रूप से अतुल त्रिपाठी उपाध्यक्ष, विनीत त्रिपाठी, अंकुर गुप्ता, प्रथम मल्होत्रा, अभिनव गुप्ता, संदीप गुप्ता, आनंद यादव आदि लोग शामिल थे। शाम को सिध्दीविनायक आरती पर सैकड़ो की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

विशाल शिव लिंग के दर्शन: पेपर मिल कॉलोनी निशातगंज में चल रहे गणेश उत्सव में विशाल शिवलिंग के दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है रोजाना भक्तों की भीड़ बढ़ रही है वहां जाने वाले श्रद्धालु पहले बप्पा के दर्शन करते हैं उसके बाद विशाल शिवलिंग के साथ सेल्फी लेने की ओढ मची रहती है इसके अलावा मेले मे विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए हैं जिसे लोग आनंद ले रहे हैं बच्चों के लिए झूले हैं तो महिलाओं के घर गृहस्थी के सामान भी वहां पर बिक रहे हैं।

गीत-संगीत नृत्य के साथ लगे गणपति बप्पा मोरया के नारे: चित्रगुप्त नगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में चित्रगुप्त नगर, आलमबाग में आयोजित श्री गणेश पूजा समारोह में भजन , जादू और कठपुतली कै साथ सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा भक्ति गानों पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरआत गुनगुन कौर ने देवा श्री गणेशा से की इसके बाद आर्दित्या सिंह ने .. गणपति बप्पा मोरया, आशी त्रिवेदी ने ..मेरे घर राम आएं हैं, विदुषी शुक्ला ने बांसुरी कृष्ण की बाजेगी, अनाया गौतम ने मोरया मोरया, मोरया बप्पा रे ,अनवी शुक्ला ने मैया यशोदा, मैत्री शुक्ला ने देवकीनंदन तुमको बंधन, करीना ने एकादंतया वक्रतुंडाय नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनभावन कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके पश्चात अंजुली श्रीवास्तव के भजनों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया । जादू और कठपुतली कार्यक्रमों में दर्शकों को देर रात बांधे रखा ।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक संजीव रतन सिंह, आशीष भाटिया ,नवीन श्रीवास्तव सहित किरन, शालिनी श्रीवास्तव , सुषमा, सुमन भट्ट, शालिनी अग्रवाल, आरती सिंग, नमिता श्रीवास्तव, पूनम उपस्थित रहें।

भक्तों ने ढोल की थाप पर बप्पा को दी विदाई, लगे जयकारे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। मंगलवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पूजे गए गणपति बप्पा की प्रतिमाओं का आज भी विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। मंगलवार को श्रद्धालु बाजे गाजे के साथ नाचते-झूमते, रंग-गुलाल उड़ाते गोमती नदी के किनारे झूलेलाल घाट पहुंचे। राजधानी के जागरूक लोगों ने गोमती मैया को प्रदूषण मुक्त रखने के उद्देश्य से बनाए गए बड़े से जलाशय में हंसी-खुशी के साथ बप्पा की प्रतिमा को विसर्जित किया। इस मौके पर वहां भारी संख्या में पुलिस बल भी सुरक्षा के लिहाज से तैनात रहे।

गाजे-बाजे की धुन पर थिरकते भक्त: कोई सिर पर भगवान गणेश की मूर्ति को उठाए गणपति बप्पा मोरया... के उद्घोष के साथ चला जा रहा था तो कोई अपनी गोद में मंगलमूर्ति लिए जयकारा लगाते पहुंचा। वाहनों में सवार होकर गणपति की मूर्ति के साथ तो कोई कार में ही अपने गणेशा को लेकर पहुंचा। चारों ओर गाजे-बाजे की धुन पर थिरकते भक्त गजानन को विदा करने आए थे। यह नजारा था झूलेलाल घाट का जहां मंगलवार को पूजा पंडालों व घरों में पूजन के बाद गणपति को विसर्जन के लिए लेकर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। घाटों पर गजानन को धूप, दीप, आरती से पूजन कर मोदक का भोग लगाया गया। इसके बाद भक्तों ने उन्हें गोमती में विसर्जित किया।

छोटी-बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन: राजधानी में मंगलवार को भी गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। राजधानी के लोग अलग-अलग इलाकों से सुबह से ही गोमती नदी किनारे छोटे-छोटे समूह में विसर्जन के लिए पहुंचते रहे। यह सिलसिला देर शाम सूर्यास्त तक चला। बताते हैं कि छोटी, बड़ी प्रतिमाओं के साथ सैकड़ों की संख्या में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। अहम बात यह रही कि विसर्जन के लिए नदी की ओर रुख न करके लोगों ने जागरुकता दिखाते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा नदी के पास ही बनाए गए जलाशय में विसर्जन करने का रुख किया।

बप्पा को विदा करते हुए भावुक हुए भक्त: इन कुछ दिनों में ऐसा लगा जैसे बप्पा हमारे परिवार के ही एक सदस्य बन गए हों। घर में उनकी उपस्थिति से जो सकारात्मकता और अपनापन महसूस हुआ, उसे शब्दों में कहना मुश्किल है। आज परिवार के साथ अपनी सोसाइटी में उनका विसर्जन किया। इस बार मन में एक संकल्प भी था—बप्पा की विदाई ऐसी हो, जिसमें हमारी आस्था भी बनी रहे और प्रकृति भी सुरक्षित रहे। इसी भावना से इको-फ्रेंडली गणेश की प्रतिमा स्थापित की और घर पर ही उनका सृजन-सजाया। आज उसी प्रतिमा का सम्मानपूर्वक विसर्जन किया। यह हमारे परिवार का पहला छोटा-सा प्रयास है, लेकिन दिल से है। मेरी भावना है कि बप्पा हमें ऐसी भक्ति दें, जिसमें भगवान के साथ प्रकृति का भी सम्मान हो। बप्पा, आज विदा कर रहा हूं, लेकिन आपके आशीर्वाद और आपकी यादें हमारे घर में हमेशा रहेंगी।

भक्तों ने झूमते-नाचते गणपति बप्पा को किया विदा: मेडिकल कॉलेज चौराहे के गेट नंबर 2 के बगल में मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीश्री गणेश उत्सव के अंतिम दिन विशाल भण्डारे एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी के निर्देशन में संत गाड़गे जन कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने मंगलमूर्ति की पूजन अर्चन के बाद विशाल भण्डारे आयोजन किया। संत गाड़गे जन कल्याण सेवा समिति के उपाध्यक्ष अनूप कन्नौजिया ने बताया कि गणेश उत्सव के अंतिम दिन विशाल भण्डारे में पूड़ी, सब्जी, छोला, चावल, बूंदी का वितरण किया गया। समिति के महिला एवं पुरूष कार्यकताओं ने भक्तों को कतारबद्ध कर प्रसाद वितरण कार्य सुचारू रूप से किया। हजारों की संख्या भक्तों ने विशाल भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में मनौतियों के राजा गणपति महाराज को फूलों की मालाओं एवं सिंदूर से श्रृंगार करके वाहन पर रखा गया। ढोल-नगाड़े की धुनों एवं गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना, एक दो तीन चार बप्पाजी जय जयकार के जयघोष के बीच मनौतियों के राजा को रंग-गुलाल, फूलों की वर्षा करते हुए झूमते-नाचते भक्तों का जनसमुदाय मेडिकल कालेज से कुड़िया घाट मूर्ति विसर्जन स्थल की ओर प्रस्थान कर गए। समिति ने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पूजे गए गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन का किया।

वामन जयंती आज, भगवान विष्णु की होगी पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। हिंदू धर्म में भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों का विशेष महत्व बताया गया है। इन्हीं में से एक है भगवान वामन का अवतार। हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को वामन जयंती मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु के वामन स्वरूप की पूजा करने और व्रत रखने की परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, श्रद्धा के साथ भगवान वामन की आराधना करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। पंचांग के अनुसार, वामन जयंती 23 सितंबर 2026, बुधवार को मनाई जाएगी। भाद्रपद शुक्ल द्वादशी तिथि की शुरूआत 22 सितंबर की रात 9:43 बजे होगी और इसका समापन 23 सितंबर की रात 10:50 बजे होगा। इस दिन श्रवण नक्षत्र का भी संयोग रहेगा। श्रवण नक्षत्र 22 सितंबर की सुबह 7:06 बजे शुरू होकर 23 सितंबर की सुबह 9:09 बजे तक रहेगा। वामन जयंती को कई जगह वामन द्वादशी के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान वामन भगवान विष्णु के दशावतारों में पांचवें अवतार हैं। मत्स्य, कूर्म, वराह और नरसिंह अवतार के बाद भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण किया था। मान्यता है कि भगवान वामन का जन्म भाद्रपद शुक्ल द्वादशी को हुआ था। उनके माता-पिता माता अदिति और ऋषि कश्यप माने जाते हैं। भगवान वामन ने अपने इस अवतार में राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी थी। इसी प्रसंग से जुड़ी कथा वामन जयंती के धार्मिक महत्व को खास बनाती है।

वामन जयंती पर कैसे करें पूजा: वामन जयंती के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करने के बाद स्वच्छ कपड़े पहनें। इसके बाद भगवान वामन का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लिया जाता है। पूजा स्थान को साफ करके वहां चौकी रखें और उस पर पीला या लाल कपड़ा बिछाएं। इसके बाद भगवान वामन अथवा भगवान विष्णु की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें। पूजा में भगवान गणेश और माता लक्ष्मी का स्मरण भी किया जा सकता है। भगवान वामन का आवाहन करते हुए ॐ नमो भगवते वामनाय नमः मंत्र का जाप करें। इसके बाद पंचामृत और स्वच्छ जल से भगवान का अभिषेक करें। उन्हें पीले वस्त्र, चंदन, अक्षत, पीले फूल और तुलसी दल अर्पित करें। इसके बाद धूप और दीप जलाकर भगवान को फल या अन्य सात्विक भोग अर्पित करें। वामन अवतार से जुड़ी कथा का पाठ या श्रवण करें और अंत में भगवान वामन की आरती करें।

वामन जयंती का क्या है महत्व: वामन जयंती को भगवान विष्णु की आराधना और उनके वामन स्वरूप का स्मरण करने का दिन माना जाता है। भक्त इस दिन व्रत, पूजा, कथा और दान-पुण्य जैसे धार्मिक कार्य करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। व्रत रखने वाले श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार पूजा-पाठ और दान करते हैं।

पंच कन्याओं में निहित है नारी शक्ति, साहस और आत्मसम्मान का संदेश : डॉ. सोनल मानसिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा और नारी शक्ति के विविध आयामों को समाज से जोड़ने के उद्देश्य से फिक्की फ्लो लखनऊ ने चेयरपर्सन सिमरन साहनी के नेतृत्व में प्रभा खेतान फाउंडेशन के सहयोग तथा बी.पी. हलवासिया फाउंडेशन के एसोसिएट पार्टनर के रूप में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। लखनऊ कैंट स्थित सूर्या ऑडिटोरियम में पद्म विभूषण से सम्मानित प्रख्यात शास्त्रीय नृत्यांगना एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सोनल मानसिंह ने ह्यपंच कन्याह्न विषय पर प्रभावशाली लेक्चर-डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया। भारतीय पौराणिक परंपरा, शास्त्रीय नृत्य और नारी शक्ति के अद्भुत समन्वय ने कार्यक्रम को ज्ञान, संस्कृति और आत्मचिंतन से भरपूर अनुभव में बदल दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए फिक्की फ्लो लखनऊ की चेयरपर्सन सिमरन साहनी ने संगठन के विजन और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि फिक्की फ्लो ऐसे मंच तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां महिलाएं सीखने, नेतृत्व, उद्यमिता और सार्थक संवाद के माध्यम से निरंतर स्वयं को सशक्त बना सकें। उन्होंने डॉ. सोनल मानसिंह का सम्मान करते हुए भारतीय कला एवं संस्कृति को समृद्ध करने में उनके अतुलनीय योगदान और उनकी दीर्घ सांस्कृतिक यात्रा के प्रति सम्मान व्यक्त किया। अपने विशिष्ट लेक्चर-डेमोंस्ट्रेशन में डॉ. सोनल मानसिंह ने अहल्या, द्रौपदी, तारा, कुंती और मंदोदरी के चरित्रों और जीवन प्रसंगों के माध्यम से पंच कन्या की अवधारणा को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि इन स्त्री पात्रों को केवल पौराणिककथाओं का हिस्सा मानकर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि उनके जीवन में निहित साहस, संघर्ष, आत्मसम्मान, धैर्य और आंतरिक शक्ति को समझना जरूरी है। उन्होंने कन्या की अवधारणा को व्यापक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अर्थ देते हुए कहा कि जो जीवन की कठिन परिस्थितियों में तपकर सोने की तरह बार-बार निखरती है, वही वास्तविक अर्थों में शक्ति का स्वरूप है। डॉ. सोनल मानसिंह ने पंचकन्याओं को पंचमहाभूतों से जोड़ते हुए अहल्या को आकाश, कुंती को पृथ्वी, द्रौपदी को अग्नि, मंदोदरी को जल और तारा को वायु का प्रतीक बताया।

दशलक्षण महापर्व के सातवें दिन हुई उत्तम तप धर्म की आराधना



लखनऊ। लखनऊ के विभिन्न जैन मंदिरों में चल रहे दशलक्षण महापर्व के सातवें दिन मंगलवार को उत्तम तप धर्म की श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ आराधना की गई। इस अवसर पर मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों एवं पूजन की धूम रही। आशियाना स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने उत्तम तप धर्म की आराधना की। प्रवचन करते हुए उपाध्याय श्री ने कहा कि तप केवल शरीर को कष्ट देना नहीं, बल्कि अपनी इच्छाओं, विकारों और आसक्तियों पर नियंत्रण पाने की साधना है। तप के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की शक्तियों को पहचानकर आत्मशुद्धि और आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में संयम, आत्मनियंत्रण और त्याग को अपनाकर अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। तप आत्मा को निर्मल बनाने तथा सांसारिक विकारों से दूर करने का माध्यम है। सातवें दिन मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक विधान एवं अनुष्ठान आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने भगवान ऋषभदेव का अभिषेक, शांतिधारा एवं विधिवत पूजन कर सुख-शांति और आत्मकल्याण की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और धार्मिक वातावरण बना रहा।

छात्रों ने नये भारत' की परिकल्पना को कागज पर उकेरा



लखनऊ। ललित कला अकादेमी, क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा तथा वास्तुकला एवं योजना संकाय, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के तत्वाधान में टैगोर मार्ग स्थित प्रांगण में सेवा ही संस्कृति के तहत रंग बिरंगे रंगों से नया भारत विषय पर आधारित एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवा कलाकारों की सृजनात्मक ऊर्जा को एक ऐसा सकारात्मक मंच प्रदान करना था, जहाँ वे अपनी तूलिका और रंगों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण, सेवा भाव और भारतीय संस्कृति के विविध रंगों को कागज पर जीवंत कर सकें। लखनऊ शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित और प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों से आए युवा विद्यार्थियों में इस कार्यशाला को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। इस वृहद आयोजन में कला जगत के कई प्रमुख संस्थानों की सक्रिय भागीदारी रही, जिसके तहत कला एवं शिल्प महाविद्यालय लखनऊ, डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ एवं वास्तुकला एवं योजना संकाय, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से 200 से अधिक प्रतिभाशाली कला छात्र-छात्राओं ने पूरी ऊर्जा और तन्मयता के साथ हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में कला और शिक्षा क्षेत्र की कई जानी-मानी हस्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में वास्तुकला एवं योजना संकाय की विभागाध्यक्ष रितु गुलाटी, कला एवं शिल्प महाविद्यालय लखनऊ के प्राचार्य आलोक कुमार, वरिष्ठ कलाकार किरण सिंह राठौर, विनीत पाण्डेय, अजीत सिंह और ललित कला अकादेमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी 200 से अधिक छात्र-छात्रों ने अपने रंगों के अद्भुत संयोजन से सेवा ही संस्कृति की थीम पर नए भारत' की परिकल्पना को कागज पर बनाया। किसी ने अपनी पेंटिंग में पर्यावरण और विकास के संतुलन को दर्शाया, तो किसी ने सामाजिक समरसता, सेवा भाव और तकनीकी रूप से आगे बढ़ते भारत की तस्वीर को रंगों के माध्यम से बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर

पत्रांक: 2801/ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक :- 15.09.2026

ई-निविदा सूचना

(प्रथम आमंत्रण)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड उ.प्र. लोक निर्माण विभाग, सीतापुर में रजिस्टर्ड मार्ग श्रेणी-ए, बी, सी, डी ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं.	जनपद खण्ड का नाम	विधान सभा का नाम	कार्य का नम	निविदा की लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सीतापुर/ प्रा.खण्ड	लहरपुर	आर्चाजनपुरवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	13.11	1.32	860.00	02 माह
2	सीतापुर/ प्रा.खण्ड	लहरपुर	अकबरपुर तालगाँव मार्ग से दोसस्तपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	17.48	1.75	2354.00	02 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 25.09.2026 से 05.10.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 05.10.2026 को समय अपरान्ह 12.00 बजे क अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 05.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एम. के. वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
सीतापुर

UPID-256744 Date: 22.09.2026
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

चौराहों पर चेकिंग, 989 वाहनों का चालान

जौनपुर। यातायात पुलिस एवं जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रमुख चैराहों, सार्वजनिक स्थानों और संवेदनशील मार्गों पर पुलिस टीमों ने सघन वाहन चेकिंग की।चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की तलाशी लेने के साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी तथा वैध प्रपत्रों के अभाव में वाहन चलाने वालों पर विशेष रूप से कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान जनपद में कुल 989 वाहनों का चालान किया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के साथ अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा को मजबूत करना है। पुलिस का यह चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सिपाही की मौत में होगी जांच

जौनपुर। सुरेरी थाने में तैनात 2025 बैच के सिपाही अभिषेक सिंह की मौत के मामले में अब पूर्व थाना प्रभारी और निलंबित उपनिरीक्षक दिव्य प्रकाश सिंह की भूमिका की उच्चस्तरीय विभागीय जांच होगी। मामले को गंभीरता से लेते हुए वाराणसी परिक्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने जांच के निर्देश दिए हैं।सिपाही की मौत के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। विभागीय जांच में पूर्व थाना प्रभारी की भूमिका, घटना से जुड़े परिस्थितियों और अन्य संबंधित पहलुओं की जांच की जाएगी। डीआईजी के निर्देश के बाद मामले की जांच को लेकर पुलिस विभाग में हलचल तेज हो गई है।

तीन लोगों ने किया रक्तदान

मड़िहान/मीरजापुर। जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने और लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मड़िहान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में तीन लोगों ने रक्तदान किया, जबकि छह लोगों ने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण कराया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी मीरजापुर के निर्देश एवं साईं परिवार सेवा संगठन, मीरजापुर के सहयोग से आयोजित शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान के लिए पहुंचे लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद पात्र पाए गए लोगों से रक्त संग्रह किया गया। शिविर में सीएचसी प्रभारी डॉ. राधेश्याम वर्मा की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने व्यवस्थाएं संभालीं। आयोजन में जनसंपर्क अधिकारी राम कुमार गुप्ता, डॉ. बिनोद कन्नौजिया, अनंत राम पांडेय, कपिल, किशन, आशिफ, माला सिंह, अमित पटेल और प्रवेश राजभर सहित टीम के सदस्यों ने सहयोग किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि दुर्घटना में घायल लोगों, गंभीर मरीजों, प्रसूताओं तथा अन्य जरूरतमंद मरीजों के उपचार में रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है।ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकता है। शिविर के दौरान रक्तदान करने वालों में उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने रक्तदाताओं और पंजीकरण कराने वाले लोगों का आभार जताते हुए समाज के अन्य लोगों से भी स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की।

इलाज के दौरान सफाईकर्मी की मौत

आजमगढ़। जनपद के फूलपुर ब्लाक क्षेत्र के बक्सपुर मिजवां में तैनात सफाई कर्मी इम्तेयाज अहमद (47) की मंगलवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह करीब दो माह से बीमार चल रहे थे और जिला अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उदपुर गांव निवासी इम्तेयाज अहमद पुत्र अब्दुल रशीद बक्सपुर मिजवां में सफाई कर्मी के पद पर तैनात थे। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इसकी जानकारी ब्लाक मुख्यालय पहुंचते ही साथी सफाई कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। मौत की सूचना मिलने के बाद साथी सफाई कर्मी उनके गांव उदपुर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। कर्मचारियों ने इम्तेयाज अहमद के निधन पर दुख जताया। परिजनों के अनुसार इम्तेयाज अहमद पांच भाइयों में चौथे नंबर पर थे। उनके परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि दोनों बेटे मेहनत-मजदूरी करते हैं। इम्तेयाज की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा की



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं जनपद में संचालित विभिन्न विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों एवं अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुए सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिन विभागों एवं अधिकारियों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका समय से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने जनपद में संचालित विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि गांवों में जल जीवन मिशन के माध्यम से हो रही पेयजल आपूर्ति का टीम गठित कर स्थलीय सत्यापन एवं जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति का पता चल सके और ग्रामीणों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित हो। प्रभारी मंत्री ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का समय-समय पर आवश्यक निरीक्षण किया जाए। विद्यालयों में पठन-पाठन, मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएं।इस दौरान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया कि जनपद के कुछ प्राथमिक विद्यालयों में विद्यालय भवन, कक्ष आदि से संबंधित आवश्यक कार्यों के लिए जिला खनिज फाउंडेशन (क्डथ्) के माध्यम से कार्य कराए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

सुंदरी गांव पहुंचे एसडीएम , सुनीं समस्याएं



दुद्धी (सोनभद्र)।विकास की वेदी पर अपनी जमीन कुर्बान करने वाले कनहर सिंचाई परियोजना के विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने संवेदनशीलता की एक अनूठी मिसाल पेश की है। दुद्धी के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अशोक कुमार गुप्ता मंगलवार को तमाम प्रशासनिक सीमाओं को लांघकर सीधे प्रभावितों के द्वार पहुंचे। सीधे रास्ते की अनुपलब्धता के कारण एसडीएम ने पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के रास्ते करीब 70 किलोमीटर का बेहद कठिन और दुर्गम सफर तय किया और सुंदरी गाँव के सुदूरवर्ती श्करीवालेवाश टोले में जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।बिना किसी पूर्व तामझाम के अचानक अपने बीच शीर्ष अधिकारी को पाकर विस्थापित ग्रामीणों की आंखें खुशी से छलक उठीं। घने जंगलों और पहाड़ों से घिरे इस क्षेत्र में प्रशासनिक मुखिया का पहुंचना ही ग्रामीणों के लिए एक बड़ा संबल बनकर उभरा।विस्थापन स्थलों पर अब तक शुद्ध पेयजल, पक्की सड़कें और बिजली की मुकम्मल व्यवस्था नही होने की बात बतायी।

ग्रामीणों की एक-एक फरियाद और आंसुओं को गंभीरता से सुनते हुए एसडीएम अशोक कुमार गुप्ता ने मौके पर ही मौजूद राजस्व विभाग की टीम को समस्या निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।ग्रामीणों को भरोसा देते हुए एसडीएम ने कहा, ष्शासन की मंशा स्पष्ट है कि विकास की इस यात्रा में कोई भी नागरिक पीछे नहीं छूटना चाहिए। विस्थापन के कारण उत्पन्न हुई हर समस्या का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुनर्वास स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं हर हाल में मुहैया कराई जाएंगी और विधिक दायरे में रहकर प्रत्येक प्रभावित परिवार को उनका हक और पूरा न्याय दिलाया जाएगा।

बच्चों ने कल्पनाओं को दिया आकार



लालगंज, मीरजापुर। शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद यादव के निर्देशन में शनिवार को यू.ओ. कॉन्वेंट स्कूल (गुरुकुलम) कोटा शिव प्रताप सिंह में मेरे सपनों का भारत थीम पर बच्चों ने चित्र कला का आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता में चंद्रयान-3 की सफलता, हर घर जल योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसे विषयों पर बच्चों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। बच्चों ने केवल चित्र और मॉडल ही नहीं बनाए, बल्कि स्वच्छ भारत कैसे बने, स्मार्ट क्लास का उपयोग कैसे हो और पर्यावरण संरक्षण कैसे किया जाए, इस पर अपने विचार भी प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विद्या पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, उन्होंने अपने मॉडल से सभी का मन मोह लिया। द्वितीय स्थान पर रानी सिंह रहीं, जिन्होंने हलिया विकास खंड के लहुरियादह गांव में हर घर जल योजना पर आधारित चित्र प्रस्तुत किया। तृतीय स्थान वर्षा मिश्रा ने स्वच्छ भारत की आकृति बनाकर प्राप्त किया। वहीं अंशमा राज ने डिजिटल इंडिया और स्मार्ट क्लास का सुंदर चित्र बनाया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक ओमकारनाथ पाण्डेय, प्रधानाचार्य और वरिष्ठ शिक्षक रामसागर मौजूद रहे। बच्चों ने तालियां बजाकर टॉपर्स का स्वागत किया।

बच्चों की कूची में दिखे विकास और राष्ट्र निर्माण के सपने

लालगंज, मीरजापुर। भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को आयोजित ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से साकार किया। किसी चित्र में गांव के विकास की तस्वीर उभरी तो किसी में जल जीवन मिशन और चंद्रयान के जरिए देश की प्रगति को दर्शाया गया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता ने उनके सपनों और सोच को सामने रखा। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक राजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि विकासकारी गतिविधियों से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। ऐसे प्रयास समाज को मजबूत और खुशहाल बनाने में सहायक होते हैं। चार्ट प्रतियोगिता विद्यार्थियों के विचारों को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। उनके सपनों की झलक चित्रों में दिखाई दी। समाजसेवी रामबली गुप्ता ने कहा कि छात्र जीवन की गतिविधियां व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समाजसेवी अमरेश दुबे ने कहा कि ज्ञान और सृजन से परिवर्तन की राह बनती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता विजयपुर स्थित मां माधव इंटरमीडिएट कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान भविष्य निर्माण के केंद्र हैं। विद्यार्थियों की रचनात्मक गतिविधियां राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

प्रयास सामाजिक संगठन का निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 500 मरीजों का हुआ उपचार

आजमगढ़। महाराजगंज ब्लॉक क्षेत्र के कुड़ही ढाला पर प्रयास सामाजिक संगठन की ओर से निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। देवारा क्षेत्र में प्रतिवर्ष बाढ़ के बाद उत्पन्न होने वाली विभिन्न बीमारियों को देखते हुए आयोजित शिविर में करीब 500 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में अधिकांश मरीज चर्म रोग से पीड़ित पाए गए।

शिविर में डॉ. कामरान फैजी, डॉ. मोइन खान, डॉ. अमर यादव, डॉ. फैजान खान, डॉ. मनोज यादव, डॉ. बृजराज प्रजापति, डॉ. रमेश वैद्य, डॉ. संदीप गुप्ता एवं डॉ. रामकेश राजभर सहित चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श और उपचार किया।

प्रयास के केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि ह्यसेवा परमो धर्मःह्न को मूल मंत्र मानकर संगठन के साथी प्रभु की प्रेरणा और समाज के सहयोग से लगातार सेवा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देवारा में बाढ़ के बाद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रयास की ओर से जरूरतमंद लोगों तक चिकित्सा सेवा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सारी व्यवस्था केवल सरकार के भरोसे छोड़ने के बजाय समाज के प्रत्येक व्यक्ति और संगठन को अपने हिस्से का कार्य ईमानदारी से करने का प्रयास करना चाहिए। भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रहेंगे।

शिविर में बाढ़ पीड़ितों की ओर से राजीव मिश्रा, देवरांचल उत्थान से हरकेश यादव, देवारा विकास सेवा समिति के प्रतिनिधि, प्रयास देवारा इकाई से अरविंद कुमार, हरेंद्र यादव सहित प्रयास देवारा इकाई के कार्यकर्ता एवं केंद्रीय इकाई के पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिविर के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को उनके घर के आसपास ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने से लोगों ने राहत महसूस की। संगठन की इस पहल को ग्रामीणों ने जनहित में उपयोगी बताते हुए सेवा कार्यों की सराहना की।

जीआरपी में नव निर्मित बैरक का उद्घाटन



जौनपुर। थाना जीआरपी परिसर में मंगलवार को नव निर्मित पुलिस बैरक का उद्घाटन किया गया। समारोह में रेलवे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जौनपुर पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे। नव निर्मित बैरक का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक रेलवे, उत्तर प्रदेश प्रकाश एन. द्वारा किया गया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक रेलवे जोन प्रयागराज प्रशान्त वर्मा (आईपीएस), पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज तथा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुँवर प्रभात सिंह (पीपीएस) की मौजूदगी रही।समारोह में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी नगर गोल्डी गुप्ता और क्षेत्राधिकारी सदर सम्यक चौधरी भी उपस्थित रहे। इसके अलावा सहायक मंडल अभियंता राजित राम, जीआरपी जौनपुर के थानाध्यक्ष सुनील कुमार गोंड समेत जीआरपी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। बैरक के निर्माण से जीआरपी में तैनात पुलिसकर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। उद्घाटन के दौरान अधिकारियों ने नव निर्मित बैरक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

लेखपालों ने बस्ता जमा कर किया कार्य बहिष्कार

मांगे नहीं मानी जाने तक जारी रहेगा आन्दोलनः गोपेन्द्र पाण्डेय

जिला संवाददाता(vol)



शाहगंज (सोनभद्र)। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रातीय कार्यकारिणी के आहवान पर घोरावल तहसील क्षेत्र के लेखपालों ने अतिरिक्त क्षेत्रों का बस्ता जमा कर आन्दोलन की हुंकार भर दिया है।

लेखपालों ने प्रथम चरण में 25 हल्के के बरीब 131 राजस्व ग्रामों का चार्ज जमा कर सम्पूर्ण कार्य का बहिष्कार कर दिया है। लेखपाल संघ ने घोरावल के तहसील अध्यक्ष गोपेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि मांग नहीं माने जाने तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला ने संरगा, उसरी कलां, ईनम, भवना, कोरट, रिजूल, मगरदहा, गांवकुण्डा, घुवास, धौराहरा, दुगौलिया, ढुटेर, कुसुम्हा, सिरसाई, मन्दहा, जुड़वरिया, बरसोत, गुरेठ, पेढ़, बेलवनियां, सहदेइया बैडाढ़, वर्दिया, देवगढ़, मोराही, पुरखास, लेखपाल क्षेत्रों का भी बस्ता सम्बंधित कार्यालय में जमा कर आन्दोलन में सहयोग करने की अपील किया है। इस मौके पर जिलामंत्री चन्द्रशेखर, राहुल कुमार, रवि, आदित्य, अजय, विक्रम सिंह, गौरव, धीरज पटेल, अशोक जायसवाल, सूरज, राजामान सिंह, भगत सिंह, शिव कुमार, सुशील वैश्य आदि मौजूद रहे।

छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

जौनपुर। इसराजी डिग्री कॉलेज, गुलजारगंज, जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की हेडिंग ह्यआज जागरूकता, कल बेहतर स्वास्थ्यह्न रखी गई। कार्यक्रम में डॉ. अंजु कन्नौजिया, ने छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि युवा लड़कियों से जुड़ी समस्याओं को लेकर समय रहते जानकारी और उचित चिकित्सकीय सलाह लेना महत्वपूर्ण है। छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, किसी भी समस्या को लेकर बिना झिझक चिकित्सक से बात करने तथा आत्मविश्वास के साथ अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं साझा करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने पीसीओएस के सामान्य लक्षणों, जीवनशैली, खान-पान, व्यायाम तथा समय पर जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श के महत्व के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा छात्राओं में पीसीओएस को लेकर जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना रहा।सेमिनार के दौरान छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी सवाल भी पूछे, जिनका डॉ. अंजु कन्नौजिया ने से समाधान किया।

ग्रामीणों का प्रदर्शन, रोड नहीं तो वोट नहीं



जौनपुर। जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के जगदीशपुर में सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया। ग्रामीणों ने पोस्टर लेकर सड़क पर प्रदर्शन किया और जिम्मेदारों के खिलाफ विरोध जताते हुए ह्लरोड नहीं तो वोट नहींह्न के नारे लगाए। बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पोस्टर लेकर विरोध जताया । ग्रामीणों का आरोप है कि जगदीशपुर की सड़क लंबे समय से खराब हालत में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्कूली वाहन के धक्के से मासूम की मौत

जौनपुर। केराकत क्षेत्र के पचवर गांव में मंगलवार सुबह स्कूली वाहन की टक्कर से चार वर्षीय आरव गोड़ की मौत हो गई। हादसा सुबह करीब आठ बजे घर के पास हुआ। वाहन की चपेट में आने से आरव गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आरव अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। दो बेटियों के बाद बेटे के जन्म से परिवार में खुशी का माहौल था। हादसे के बाद परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। मौत की खबर मिलते ही मां ज्योति गोड़ का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों के मुताबिक, वह कई बार बेसुध हो गईं। पिता सुनील कुमार गोड़ और परिवार के अन्य सदस्य भी बच्चे का शव देखकर फूट-फूटकर रोते रहे। घटना के बाद गांव में भी शोक का माहौल है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्कूली वाहन को कब्जे में ले लिया और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हादसे की परिस्थितियों और वाहन चालक की भूमिका की जांच कर रही है।

तकनीकी सहायकों ने किया प्रदर्शन

जौनपुर। कलेक्ट्रेट में मंगलवार को मनरेगा तकनीकी सहायक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सतीश चंद्र सिंह के नेतृत्व में दो दर्जन से ज्यादा सहायकों ने प्रदर्शन की चेतावनी दी। उन्होंने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को एक पत्र सौंपा। सहायकों ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे 28 सितंबर से लखनऊ के इको गार्डन में धरना देंगे। जिलाध्यक्ष सतीश सिंह ने बताया कि पिछले पांच सालों से तकनीकी सहायकों के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है,



जबकि महंगाई लगातार बढ़ी है। इस बारे में संगठन ने कई बार सरकार और ग्राम विकास विभाग को बताया है, लेकिन कोई हल नहीं निकला। इन कर्मचारियों ने बताया कि वे फील्ड में काम करते हैं। उन्हें अनुमान लगाने के साथ ग्राम पंचायतों में चल रहे कामों की रोज निगरानी भी करनी पड़ती है। इसमें हर महीने औसतन 6,000 रुपये पेट्रोल पर खर्च हो जाते हैं। मनरेगा और विकसित भारत गारंटी योजनाएं केंद्र और राज्य सरकार की बहुत जरूरी योजनाएं हैं। इनसे लाखों कुशल और अकुशल मजदूरों को रोजगार मिलता है। गांवों में स्थायी संपत्ति भी बनती है, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण लोगों को फायदा होता है।तकनीकी सहायकों का कहना है कि इतना जरूरी काम करने के बावजूद वे खुद को शोषित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि उनका मानदेय बढ़ाकर जूनियर इंजीनियर के मूल वेतन 45,000 रुपये प्रति माह किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 26 सितंबर तक उनकी समस्या का हल नहीं निकला, तो सभी तकनीकी सहायक 28 सितंबर से इको गार्डन में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान पंकज सिंह, अजय सिंह, शिव शंकर मौर्या, वंदना सिंह, अमरेंद्र सिंह, दिनेश पाण्डेय, अतुल सिंह, सभाजीत, शैलेश कुमार सिंह और जय प्रकाश यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

सड़क नहीं तो अनशन, 250 परिवारों का प्रदर्शन



मड़िहान/मीरजापुर। मड़िहान तहसील क्षेत्र के कोटवा पांडेय ग्रामसभा की दलित बस्ती में जिसकी आशंका थी वही हुआ।ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी को दिए गए अल्टीमेटम के बाद मंगलवार सुबह 08 बजे से अम्बेडकर पार्क में आंदोलन शुरू कर दिया।

वही सड़क मरम्मत नहीं होने के चलते 05 बस्ती निवासी आमरण अनशन पर बैठे। क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश, कृष्ण कुमार और छोटेलाल के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को कई बार की तरह एक बार फिर जिलाधिकारी को पत्र सौपते हुए सड़क मरम्मत की मांग की मरम्मत नही होने पर मंगलवार को प्रदर्शन की चेतावनी दी थी, परन्तु कोई प्रतिक्रिया नही होने पर मंगलवार की सुबह 8 बजे से ही अम्बेडकर पार्क में बस्ती के लोग प्रदर्शन हेतु इकठ्ठा हो गए। बस्ती निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने चार अन्य साथियों विकास कुमार, गोलू कुमार, छोटेलाल और पंकज कुमार के साथ आमरण अनशन शुरू किया है। कृष्ण कुमार ने कहा कि दलित बस्ती में 250 से अधिक मकानों में लगभग 2500 लोग रहते हैं।15 वर्षों से सड़क पूरी तरह से कीचड़ भरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। हालत यह है कि बस्ती में किसी बीमार को अस्पताल तक पहुंचाने में पसीने छूट जाते हैं। बारिश होते ही बच्चे स्कूल तक नहीं जा पाते। कई बार प्रार्थना पत्र और आईजीआरएस पर ऑनलाइन शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी को लेकर ग्रामीणों ने 21 सितंबर को डीएम को पत्र देकर 22 सितंबर को धरना- प्रदर्शन और भूख हड़ताल की चेतावनी दी थी। अनशन की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर भारी पुलिस बल के साथ देहात कोतवाली इंस्पेक्टर अमित मिश्रा पहुंचे और कमान संभाली, लेकिन ग्रामीणों ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया। इसके बाद मड़िहान तहसीलदार आशीष पांडेय भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने जब उनसे लिखित आश्वासन मांगा तो तहसीलदार पीछे हट गए और मौके से निकल गए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस बल मौके पर डटी हुई है और अनशन जारी है।अनशन स्थल पर लगभग 200 बस्ती निवासी जुटे हुए हैं। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी हैं। अनशन में बैठे लोगों में राम सजीवन, दशरथ, रजनी देवी, मंजू देवी, सीता देवी, ममता देवी, प्रेमा देवी, सुशीला देवी, गुड़िया सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क निर्माण का लिखित आदेश नहीं मिलता, तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा।

11 एनबीडब्ल्यू वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजमगढ़। जनपद के तहबरपुर थाना पुलिस ने वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को 11 एनबीडब्ल्यू वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सभी के विरुद्ध न्यायालय कोर्ट नंबर-20, आजमगढ़ से गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह के नेतृत्व में तहबरपुर पुलिस की तीन टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सभी 11 वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 527/11 में धारा 147, 148, 323, 332, 353, 336, 427, 307, 341 और 188 भादवि के तहत मामला दर्ज था। इसी मामले में न्यायालय द्वारा एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया गया था।

मीरजापुर के कालीन कारोबार को मिलेगी वैश्विक पहचान

मीरजापुर। योगी सरकार की ओर से उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नोएडा में 25 सितंबर से उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की यह पहल मीरजापुर के कालीन उद्योग को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस ट्रेड शो में जनपद के 10 कालीन कारोबारी व 2 मिष्ठान कारोबारी हिस्सा लेकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

इस आयोजन में देश-विदेश से आने वाले कारोबारियों और 86 देशों के आयातकों को मीरजापुर में तैयार होने वाले आकर्षक कालीन, दरी और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय कालीन कारोबारियों को नए बाजार और विदेशी खरीदारों से जुड़ने का मंच मिलेगा। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त संदीप कुमार ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो मीरजापुर के कालीन उद्योग को नई उड़ान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय कारोबार के बदलते परिदृश्य में स्थानीय कालीन कारोबारियों को नए विदेशी खरीदारों और कारोबारियों से संपर्क स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इससे निर्यात के नए रास्ते खुलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि ट्रेड शो में मेसर्स रमाशंकर कारपेट, मेसर्स शबनूर कारपेट, मेसर्स इस्तेखार कारपेट तथा मेसर्स बृजेश दरी एवं कारपेट हाल नंबर-9 में अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। वहीं मेसर्स परी हैंडीक्राफ्ट, मेसर्स आरएस हैंडीक्राफ्ट, मेसर्स नंदिनी हैंडीक्राफ्ट तथा मेसर्स चैंपियन ट्रेडर्स हाल नंबर-10 में उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। मेसर्स वन पैलेस ऑफ रग्स हाल नंबर-14 और मेसर्स आर्टलाइन क्रिएशन हाल नंबर-15 में अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार की एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना मीरजापुर के कालीन उद्योग के लिए 'संजीवनी' साबित हुई है। ओडीओपी के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं और आर्थिक सहायता से कालीन कारोबार को प्रोत्साहन मिला है। कारोबार में वृद्धि का सकारात्मक असर कालीन बुनकरों की आर्थिक स्थिति पर भी पड़ा है। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ ही पारंपरिक कालीन निर्माण से जुड़े परिवारों को भी इसका लाभ मिल रहा है।

विदेशी मेहमान चखेंगे लाल पेड़ा और बालूशाही का स्वाद

उन्होंने बताया कि एक जिला, एक व्यंजन (ओडीओसी) के तहत मीरजापुर के लाल पेड़ा और बालूशाही जैसे प्रसिद्ध स्थानीय उत्पादों को भी इंटरनेशनल ट्रेड शो में वैश्विक मंच मिलेगा। ओम मिष्ठान भंडार और गुरुकृपा स्वीट्स हाल नंबर-16 में अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। ट्रेड शो में शामिल होने वाले विदेशी मेहमान मीरजापुर के प्रसिद्ध लाल पेड़े और बालूशाही का स्वाद भी चख स

संक्षेप

हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

मथुरा। मथुरा जनपद के थाना कोतवाली पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर ली है। प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा (थाना कोतवाली, जनपद मथुरा), वरिष्ठ उप-निरीक्षक सुनील कुमार जोशी (थाना कोतवाली, जनपद मथुरा), हैड कांस्टेबल 1603 मुकेश सविता (थाना कोतवाली, जनपद मथुरा) ने मुखबिर की सूचनानुसार आज मनोहरपुरा स्थित मकान पर दबिश दी, जहां से कई आपराधिक मुकद्दों में वांछित आरोपित रिजवान पुत्र उस्मान को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गये आरोपित पर थाना सदर बाजार सहित कोतवाली में पांच मुकद्दों पंजीकृत है। आरोपित की पुलिस को काफी समय से तलाश थी।

हत्या के आरोपी पिता -पुत्र गिरफ्तार

मथुरा। शहर कोतवाली पुलिस ने हत्या के एक मामले में फरार चल रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बंगाली घाट चैकी क्षेत्र के स्वामी घाट तिराहे से पकड़ा है। शहर कोतवाली पुलिस टीम को 21 सितंबर को गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर दोपहर करीब 3: 10 बजे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को उनके घर के पास स्वामी घाट तिराहे पर हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राधा शरण उर्फ राधे बाबा पुत्र स्वर्गीय सुरेश बाबा और अर्पित पुत्र राधा शरण उर्फ राधे बाबा के रूप में हुई है। दोनों स्वामी घाट, थाना कोतवाली, मथुरा के रहने वाले हैं। दोनों के खिलाफ थाना कोतवाली में मुकदमा नंबर 653/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा, सब इंस्पेक्टर आमोद कुमार और सिपाही कुलदीप कुमार शामिल थे। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सपा की अयोध्या महानगर कमेटी हुई बहाल

अयोध्या। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने अयोध्या सपा महानगर कमेटी मे महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हमीद जफर मीसम व उपाध्यक्ष चौधरी श्रीचंद यादव को मनोनीत करते हुए उन्हें बधाई दी पार्टी प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया अयोध्या महानगर में उनके मनोनयन से अयोध्या जिले के नेताओं पार्टी पदाधिकारी कार्यकताओं फ्रंटल संगठन के नेताओं ने एक स्वर में खुशी जाहिर किया उन्होंने कहा इनके मनोनयन से अयोध्या महानगर और ऊंचाइयों तक जाएगा व आने वाले 2027 की विस चुनाव में निश्चित ही इनके नेतृत्व में अयोध्या की पांचो विधानसभा सीट जीत कर प्रदेश में अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे जिससे प्रदेश मे अमन चैन कायम हो सके। इस मौके पर खुशी जाहिर करने वालों में अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व मंत्री रुस्दी साहब, हाजी फिरोज खान गब्बर जिला अध्यक्ष जय सिंह राणा, प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, अधिवक्ता सभा राष्ट्रीय महासचिव शावेज, जाफरी प्रदेश सचिव राम अचल यादव, आदि ने खुशी जाहिर की।

संस्कृति विवि में विशेषज्ञों ने बतायी आयुर्वेद की महिमा



मथुरा। 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृति आयुर्वेदिक पी.जी. मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में विद्यार्थियों के नवीनतम ज्ञानवर्धन एवं अकादमिक उन्नयन के उद्देश्य से ह्लसाक्ष्य आधारित आयुर्वेदह्व विषय पर एक विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संतोष मैमेरिलय आडिटोरिय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञ वक्ता के रूप में नैमिनाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज आगरा के काया चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रसाद ममिडी ने विद्यार्थियों को साक्ष्य आधारित आयुर्वेद के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने अपने विस्तृत शैक्षणिक एवं शोध अनुभव तथा विभिन्न शोध प्रकाशनों के संदर्भ में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, क्लिनिकल अनुभवों का उचित दस्तावेजीकरण करने तथा केस रिपोर्ट एवं शोध-पत्र लेखन के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद की समृद्ध शास्त्रीय परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ जोड़ना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते हुए नवीनतम शोध, वैज्ञानिक प्रमाण एवं समकालीन आयुर्वेदिक ज्ञान से जोड़ना रहा। संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के प्राचार्य डा. मोहनन ने इस अवसर पर कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों में से एक है जो मुख्य रूप से व्यक्ति-विशेष की सेहत पर केंद्रित समग्र सिद्धांतों का पालन करती है। भारत में शुरू हुआ आयुर्वेद स्वास्थ्य से जुड़ी सबसे पुरानी और आज भी प्रचलित परंपराओं में से एक है। आयुर्वेद को अक्सर जीवन का विज्ञान कहा जाता है क्योंकि संस्कृत में श्आयुश का अर्थ जीवन और श्वेदश का अर्थ विज्ञान या ज्ञान है। लोगों द्वारा लंबे समय से आयुर्वेद के इस्तेमाल से आम बीमारियों के लिए कई घरेलू नुस्खे भी सामने आए हैं। आयुर्वेदिक दवाओं में इलाज के लिए खास और असरदार फॉमूर्ले होते हैं। आयुर्वेद एक व्यक्ति-केंद्रित चिकित्सा भी है, जो स्वस्थ जीवन शैली, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और बनाए रखने, बीमारी की रोकथाम, रोग की पहचान और इलाज से संबंधित है। आयुर्वेद की समग्र अवधारणाएं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, बीमारी की रोकथाम, शुरूआती दौर में रोग की पहचान और व्यक्ति-विशेष के अनुसार इलाज पर जोर देती हैं। आयुर्वेद जैसी पारंपरिक प्रणालियों और प्रेडिक्टिव, प्रिवेंटिव और पर्सनलाइज्ड मेडिसिन के नए नजरिए के बीच काफी समानताएं दिखती हैं। कार्यक्रम में संस्कृति आयुर्वेद मेडिकल कालेज के आंतरिक विशेषज्ञ वक्ताओं बाहय चिकित्सा विभाग के डा. मनीष तोमर, शल्य चिकित्सा विभाग के डा. विनोद कुमार, समिष्ठा विभाग के डा. श्री विद्या ने भी अपने-अपने विषयों पर महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियां दीं।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति संकल्प यात्रा को मथुरा पुलिस ने यमुना एक्सप्रेस-वे पर रोका

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। प्रयागराज से मथुरा के लिए निकाली गई श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति संकल्प यात्रा को प्रशासन ने मंगलवार की दोपहर यमुना एक्सप्रेसवे राया कट पर रोक दिया। इसे लेकर सीता रसोई के महंत हरि नारायण दास की पुलिस-प्रशासन से नोकझोंक हुई।

उच्चाधिकारियों से वार्ता के बाद पुलिस प्रशासन ने अपनी निगरानी में यात्रा को मथुरा के लिए रवाना किया। पुलिस की मौजूदगी में यात्रा राधाकुंड पहुंची और फिर देर शाम श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंची और दर्शन किए। रात्रि में केडीएस स्कूल में विश्राम किया। बुधवार सुबह यात्रा गोवर्धन परिक्रमा लगाने के लिए रवाना होगी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति संकल्प यात्रा प्रयागराज से मथुरा के लिए निकाली गई। सीता रसोई के महांत हरि नारायण दास के नेतृत्व में निकाली गई संकल्प यात्रा मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे राया कट पर पहुंची। अचानक पुलिस को यात्रा की सूचना मिली तो सतर्कता बढ़ गई। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा दी। यात्रा को एसडीएम सदर मोहित कुमार ने रोक दिया। यात्रा में सौ से अधिक महिला और पुरुष हैं। एसडीएम मोहित कुमार ने महांत को यह कहते हुए रोक दिया कि यात्रा यहां से आगे नहीं जाएगी। इसको लेकर महांत की एसडीएम से नोकझोंक हुई। महांत यात्रा को आगे ले जाने की जिद पर अड़ गए। एसडीएम ने उच्चाधिकारियों से वार्ता की और फिर उनके कार्यक्रम की जानकारी की। इसके बाद एसडीएम ने अपनी निगरानी में यात्रा को यहां से रवाना किया। एसडीएम के साथ सीओ रिफाइनरी प्रवीण कुमार तिवारी यात्रा को राधा कुंड ले गए और फिर शाम साढ़े सात बजे श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंची और दर्शन किए। इसके बाद गोवर्धन रोड स्थित केडीएस स्कूल में विश्राम किया। विश्व महासंघ सनातनी रक्षा वाहिनी के प्रदेश मंत्री अरुण मिश्रा ने बताया, बुधवार की सुबह यात्रा गोवर्धन पहुंचेगी। यहां गिरिराजजी की परिक्रमा लगाई जाएगी। महंत हरिदास महाराज ने बताया श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति संकल्प यात्रा लेकर प्रयागराज से सीता रसोई आश्रम से आ रहे थे, और पुलिस ने रोक दिया। उनका कहना था कि कान्हा और नंदी कब तक रहेंगे बंदी का नारा लेकर निकले हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराने का संकल्प लिया है। सीओ ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन कराए गए।

धूमधाम से मनी संत दुर्बलनाथ महाराज की 165वीं जयंती



टूंडला। क्षेत्र के गांव नगला छेंकूर में चक (खटीक) समाज के आराध्य राष्ट्रीय संत शिरोमणि श्री दुर्बलनाथ महाराज की 165वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने उनके जीवन तप, त्याग और समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय खटीक समाज के राष्ट्रीय सचिव रामतीर्थ सिंह चक ने कहा कि संत शिरोमणि दुर्बलनाथ महाराज उन्नीसवीं सदी के महान संत, समाज सुधारक और खटीक समुदाय के कुलगुरु थे। उनका जन्म राजस्थान के अलवर जिले के बिछगांव में हुआ था। उनका संपूर्ण जीवन तप, त्याग, करुणा सेवा और परोपकार के लिए समर्पित रहा। उन्होंने सभी जातियों और वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। उनका जीवन संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि संत दुर्बलनाथ महाराज के सामाजिक योगदान को सम्मान मिलना समाज के लिए गौरव की बात है। इस दौरान श्रीराम चक ब्रह्मजीत चक, शंकर लाल चक, नारायण सिंह चक, अशोक चक दीपक खटीक, बहादुर सिंह चक, मनोज चक, बच्चू सिंह चक, दिनेश चक, सोनू चक, जयराम चक धर्मेंद्र चक अर्जुन चक, सुरेंद्र चक, गब्बर सिंह चक पुष्पेंद्र चक, कान्हा चक सहित समाज के अनेक महिला-पुरुष मौजूद रहे।

मेरे सपनों का भारत चित्रकला प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



फिरोजाबाद। शिक्षा विभाग एवं चित्र सेवा के तत्वावधान में विकास खंड फिरोजाबाद स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र एवं पीएमश्री कंपोजिट स्कूल दबरई में ह्यमेरे सपनों का भारतह्व विषय पर एक दिवसीय पोस्टर एवं चित्रकला प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने किया। दोनों अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विकसित भारत, अंतरिक्ष विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक तकनीक जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर व चित्र प्रस्तुत किए। बच्चों ने मिशन चंद्रयान, हरित ऊर्जा और डिजिटल इंडिया जैसे विषयों को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से जीवंत रूप दिया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यार्थियों से उनके चित्रों के विषय में जानकारी ली और उनकी रचनात्मक सोच एवं कलात्मक कौशल की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन किया। अधिकारियों ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजन में शिक्षा विभाग के अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मानदेय बढ़ाने को लेकर सीएमओ कार्यालय पर आशा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

मथुरा। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे सैकड़ों आशा कार्यकताओं ने सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने मानदेय बढ़ाने और अपनी दूसरी समस्याओं को हल करने की मांग की। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में उनकी खास भूमिका है। आशा कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं की देखभाल, बच्चों के टीकाकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और सरकार की कई स्वास्थ्य योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाती हैं। वे ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार जमीनी स्तर पर काम कर रही हैं। इसके बावजूद उनकी आर्थिक हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है।

मथुरा में मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे सैकड़ों आशा कार्यकताओं ने सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इतनी जिम्मेदारियां निभाने के बावजूद उन्हें सिर्फ दो हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार से मानदेय बढ़ाने और आशा व आशा संगिनी कार्यकताओं की दूसरी समस्याओं को भी जल्द हल करने की मांग की। ऑल आशा एवं आशा संगिनी कार्यकत्री सेवा समिति ने 30 सितंबर 2026 को लखनऊ में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की तैयारी की है। समिति ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर प्रदर्शन की अनुमति मांगी है। पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आशा व आशा संगिनी कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचेंगी। वे अपनी मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार और प्रशासन के सामने रखेंगी। समिति ने लखनऊ में किसी गार्डन या प्रशासन द्वारा तय की गई जगह पर प्रदर्शन की अनुमति मांगी है। साथ ही जरूरी प्रशासनिक मदद और सुरक्षा व्यवस्था देने का अनुरोध भी किया है। समिति ने भरोसा दिलाया है कि प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था से जुड़े सभी नियमों का पालन किया जाएगा और कोई अव्यवस्था नहीं फैलेगी।

मिशन शक्ति अभियान : 27 शोहदों पर कार्रवाई, 8 परिवारों में कराया समझौता



फिरोजाबाद। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत जनपद में पुलिस का जागरूकता एवं चेकिंग अभियान लगातार जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने 27 शोहदों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें चेतावनी दी तथा नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की। अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों एवं एंटी रोमियो टीमों ने प्रमुख चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, बाजारों, मंदिरों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ या अन्य आपत्तिजनक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। पुलिस टीमों ने शोहदों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति न करने की कड़ी हिदायत भी दी।

पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, 181, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं, थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों ने काउंसिलिंग के माध्यम से 8 परिवारों के बीच समझौता भी कराया। इसके अतिरिक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा सादे वस्त्रों में प्रमुख स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी की जा रही है, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। थानावार कार्रवाई के तहत थाना अरांव, जसराना एका, टूंडला, दक्षिण, नसीरपुर, नारखी, पचोखरा, फरिहा, रजावली, रसूलपुर और सिरसागंज थाना क्षेत्रों में शोहदों को चेतावनी दी गई। वहीं खैरगढ़ थाना क्षेत्र में दो व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170, 126 व 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों का अभियान महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए निरंतर जारी रहेगा।

पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत दो लापता बच्चों को सकुशल बरामद किया



फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लापता नाबालिग बच्चों को मात्र 36 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। दोनों बच्चों को इटावा रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चों के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया। पुलिस के अनुसार थाना दक्षिण क्षेत्र के मौहल्ला जौशियान निवासी शानू के पांच वर्षीय बेटे अल्ताफ और 10 वर्षीय बेटी तमन्ना 20 सितंबर को शाम करीब छह बजे घर के बाहर खेलते समय लापता हो गए थे। 21 सितंबर को बच्चों की मां की तहरीर पर थाना दक्षिण में धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में बच्चों की सकुशल बरामदगी के लिए मिशन शक्ति टीम समेत चार पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने करीब 60 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दोनों बच्चे रेलवे स्टेशन फिरोजाबाद की ओर जाते दिखाई दिए। रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ कंट्रोल रूम के सीसीटीवी फुटेज की जांच में दोनों बच्चों के ट्रेन में सवार होकर इटावा की तरफ जाने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इटावा रेलवे स्टेशन से दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस कार्रवाई में थाना दक्षिण के प्रभारी निरीक्षक योगेंद्रपाल सिंह, उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम महिला कांस्टेबल प्रतिमा महिला रिजर्व कांस्टेबल दीक्षा एवं दीपा की अहम भूमिका रही।

वंदे मातरम के 150वें वर्ष पर 25 को गूंजेगा राष्ट्रभक्ति का अमर स्वर, होगा राष्ट्रव्यापी सामूहिक गायन



मथुरा। राष्ट्रीय चेतना के अमर स्वर वन्दे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर विद्या भारती ब्रज प्रदेश द्वारा एक भव्य राष्ट्रव्यापी अभियान नमामि भारतम की घोषणा की गई है। इस सिलसिले में मंगलवार (22 सितंबर 2026) को माधव संवाद केन्द्र सभागार में एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की गई। प्रेस वार्ता के दौरान वक्ताओं ने बताया कि 25 सितंबर को प्रातः 11 बजे सम्पूर्ण देश में एक साथ, एक लय और एक स्वर में वन्दे मातरम का राष्ट्रव्यापी सामूहिक गायन किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, स्वाभिमान, समर्पण और देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करना है। भारतीय शिक्षा समिति ब्रजप्रदेश के मंत्री डॉ. प्रभाकर राय ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकात्मता और सांस्कृतिक स्वाभिमान के जागरण हेतु आयोजित इस अभियान के तहत देशभर के हजारों स्थानों पर लाखों छात्र-छात्राएं, आचार्य-आचार्य, नागरिक और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ मिलकर वन्दे मातरम का संपूर्ण गायन करेंगे। विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा इस ऐतिहासिक अवसर पर एक विशेष लघु पुस्तिका भी प्रकाशित की गई है। इसमें वन्दे मातरम की रचना, तत्कालीन परिस्थितियों, स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी प्रेरक भूमिका और राष्ट्रीय जीवन में इसके महत्व का संतुलित एवं तथ्यपरक विवेचन प्रस्तुत किया गया है। विद्या भारती के प्रतिनिधियों ने कहा कि वन्दे मातरम केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और त्याग-बलिदान का प्रेरक मंत्र है। विद्या भारती ब्रज प्रदेश ने समस्त देशवासियों, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे 25 सितंबर को प्रातः 11 बजे अपने-अपने स्थानों पर इस सामूहिक गायन कार्यक्रम में अवश्य सहभागिता करें और राष्ट्रभक्ति के इस महाअनुष्ठान को सफल बनाएं।

प्राथमिक विद्यालय में मेरे सपनों का भारत अभियान का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारम्भ

मथुरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे ह्यसेवा पखवाड़ाह्व के अंतर्गत विकासखंड मथुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय, असगरपुर में ह्यमेरे सपनों का भारतह्व अभियान कार्यक्रम का मंगलवार भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत, अतिथियों का राधा-कृष्ण की मनमोहक छवि भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण, सेवा, संस्कार और ह्यविकसित भारतह्व की संकल्पना के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा उनके भीतर सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण के प्रति दिखी ऊर्जा और अलख की जमकर सराहना की तथा बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि किशन चैधरी ने कहा कि युवा पीढ़ी और विद्यार्थी ही देश की असली ताकत हैं। उन्होंने बच्चों को कड़ी मेहनत, उच्च नैतिक संस्कारों और निःस्वार्थ सेवा भाव के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, ताकि एक सशक्त और विकसित भारत का सपना साकार हो सके। इस दौरान अन्य अतिथियों ने भी देश की प्रगति में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और ह्यमेरे सपनों का भारतह्व विषय पर अपने विचार व रचनात्मक सोच साझा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष (सतोहा) अजय सिंह राजावत, पार्षद लक्ष्मण सैनी, उपाध्यक्ष वीर सिंह गुर्जर, पूर्व उपाध्यक्ष शिवराम शर्मा, ठा. नारायण सिंह, नितिन भारद्वाज, हेमंत बघेल, नोडल अधिकारी सौरभ, खंड शिक्षा अधिकारी मथुरा तथा विद्यालय की प्राचार्या समेत क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कथित साधु की पिटाई, भोपाल की साध्वी ने महिलाओं के साथ आकर होटल से पकड़ा

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। भोपाल निवासी एक साध्वी और उसकी सहयोगी महिलाओं ने मिलकर वृंदावन में एक कथित साधु से मारपीट की है। साध्वी का आरोप है कि कथित साधु ने न सिर्फ उसके बल्कि अन्य महिलाओं के साथ भी दुराचार किया है। जब इसी इरादे से वह वृंदावन तक आया तो महिलाओं ने घेरकर उसकी मारपीट की।

भोपाल के बागसेवनिया निवासी साध्वी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब दो वर्ष उनकी पहचान राजस्थान के सवाई माधोपुर निवासी कथित साधु से गांधी नगर सेक्टर चार चित्तौड़गढ़ में एक आश्रम में हुई थी। साध्वी का आरोप है कि कथित साधु ने उनके साथ संबंध बनाए और मारपीट की। पीड़िता साध्वी का आरोप है कि यहां वह अन्य महिलाओं के साथ भी संबंध बनाता रहा। जब उन्हें इसका पता चला तो उन्होंने इसकी शिकायत चित्तौड़गढ़ कोतवाली में भी की। जिसमें बाद में पुलिस ने राजीनामा करा दिया। पीड़िता के मुताबिक इसके बावजूद साधु आश्रम पर आकर उनके साथ मारपीट करता रहा और उनका फोन भी तोड़ दिया। कुछ दिन बाद वह आश्रम छोड़कर चला गया। पीड़िता का कहना है कि अभी वह और कुछ वृंदावन आईं तो यही कथित साधु उनका पीछा करते हुए सोमवार को यहां आ गया।

यहां भी वह अपनी मनमानी करना चाहता था, लेकिन यहां महिलाओं से उसकी झड़प हो गई और सभी ने मिलकर उसे सबक सिखाना ही ठीक समझा। वृंदावन में थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले आई।

डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



मथुरा। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जनपद के समस्त विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक में निर्माणाधीन कार्यों की विभागवार प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में डीएम ने लोक निर्माण विभाग, उप्र राजकीय निर्माण निगम लि०, उप्र जल निगम, उ.प्र. राज्य सेतु निगम लि०, उप्र प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि०, उप्र आवास विकास परिषद निर्माण इकाई, यू पी सिडको, सी० एण्ड डी० एस०, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, मंडी परिषद्, नगर निगम, उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संध लि. लखनऊ, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड, मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण, वन एवं वन्य जीव प्रभाग, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम (यू० पीएसटीडीसी), उप्र राज्य पुरातत्व द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उक्त विभागों द्वारा जनपद में कुल 484 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिसमे से 354 परियोजनाएं पूर्ण हो गई है तथा 130 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति में है। उक्त परियोजनाओं की कुल स्वीकृत धनराशि रुपए 10091.53 करोड़ है तथा अवमुक्त धनराशि रुपए 5283.42 करोड़ है।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि निमार्णाधीन सभी कार्यों को हैंडओवर करने से पूर्व जांच कराई जाए। सभी की गुणवत्ता की जांच कराने के पश्चात हैंडओवर की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि बड़े कार्यों की थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराया जाए। उक्त कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि रखी जाए। मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग न करने वाली कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने सीडीओ, डीडीओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियंता लोनिविआदि को अपने अपने निमार्णाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम च्ने सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत जननी सुरक्षा योजना, फैमिली आईडी, प्रोजेक्ट अलंकार, आईसीडीएस पोषण अभियान तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा की। बैठक में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, सीडीओ डॉ.पूजा गुप्ता, डीडीओ गरिमा खरे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मोहित भगेल, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग गुलवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति, जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मथुरा-भरतपुर रोड पर बाइक और ट्रैक्टर की भिड़ंत में एक की मौत, महिला घायल

मथुरा। मथुरा-भरतपुर रोड पर जसवंत भादौरिया स्कूल के सामने मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई। यहाँ एक मोटरसाइकिल और एक लाल रंग के मैसी ट्रैक्टर के बीच जोर

टैरिफ और ऊर्जा सुरक्षा

पिछले हफ्ते अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कांग्रेस द्वारा पारित एक विधेयक पर हस्ताक्षर करके उसे कानून बना दिया, जो उन्हें अन्य बातों के अलावा, रूस से तेल और गैस के पांच सबसे बड़े खरीदार देशों से आयातित सभी वस्तुओं पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार देता है। इस विधेयक को लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एक्ट 2026 कहा जा रहा है और इसके पीछे यह धारणा है कि रूसी ऊर्जा के खरीदारों को हतोत्साहित करने से रूस की आय में कमी आएगी और अंततः उसे यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। यूक्रेन युद्ध का पांचवां साल है और इसे जल्द समाप्त होना चाहिए। लेकिन अन्य देशों पर शुल्क लगाने से युद्ध के मैदान की वास्तविकता में बदलाव आने की संभावना नहीं है। इस समय रूसी ऊर्जा आपूर्ति में किसी भी कमी से वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक वातावरण और भी जटिल हो जाएगा। भारत सहित कुछ सबसे बड़े ऊर्जा आयातकों की रूसी ऊर्जा पर निर्भरता का एक कारण पश्चिम एशिया में अमेरिका द्वारा शुरू किया गया अनपेक्षित संघर्ष है, जो अभी जारी है। हालांकि, जमीनी हकीकत चाहे जो भी हो, भारत को सतर्क रहने की जरूरत है। यह याद रखना जरूरी है कि ट्रंप प्रशासन ने 2025 में रूसी तेल आयात के कारण भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाया था, जिसे उसने इसी साल के शुरू में हटाया है। अमेरिका ने चीन पर ऐसा कोई शुल्क नहीं लगाया, जबकि चीन रूसी ऊर्जा का सबसे बड़ा आयातक है और रूस के साथ उसके आर्थिक संबंध कहीं अधिक गहरे हैं। इसका मूल कारण चीन की जवाबी कार्रवाई करने की क्षमता है। भारत के पास ज्यादा मोलभाव करने की शक्ति नहीं है। इसलिए, सैद्धांतिक रूप से, यह संभावना है कि नए कानून का सहारा लेकर ट्रंप अपने मतदाताओं को खुश करने के लिए भारत पर फिर से अतिरिक्त शुल्क लगा सकते हैं। ऐसे शुल्कों से 2025 में यूक्रेन युद्ध समाप्त नहीं हुआ था और न ही 2026 में ऐसा होगा। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त में भारत के कुल आयात में रूसी तेल का हिस्सा लगभग 45 फीसदी था। उससे पिछले महीनों में यह हिस्सा और भी अधिक था। यह भी संभव है कि नये कानून का इस्तेमाल भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत में दबाव बनाने के लिए किया जाये। जिससे भारत को अपने बाजार को अब तक की तुलना में अधिक खोलने के लिए मजबूर होना पड़े। कानून में प्रावधान है कि राष्ट्रपति राष्ट्रीय हित में कुछ शर्तों को माफ कर सकते हैं। भारत को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। एक निष्पक्ष और संतुलित व्यापार समझौता दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए फायदेमंद होगा और व्यापार संबंधों को कुछ हद तक स्थिरता प्रदान करेगा। हालांकि, यह ध्यान देने योग्य है कि व्यापारिक साझेदारों द्वारा दी गई रियायतों और प्रतिबद्धताओं के बाद अक्सर अमेरिका द्वारा ऐसी और अधिक मांगें उठाई जाती हैं। यह भी स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए कि भारत सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह देश और उसकी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करे। विशुद्ध आर्थिक दृष्टि से देखें तो, बड़े उपभोक्ताओं द्वारा रूसी ऊर्जा के आयात में किसी भी महत्त्वपूर्ण कमी का वैश्विक तेल कीमतों पर असमान प्रभाव पड़ सकता है, जो पिछले कुछ हफ्तों में काफी बढ़ गई हैं। पश्चिम एशिया में अमेरिका द्वारा शुरू किए गये युद्ध ने न केवल होर्मुज स्ट्रेट को अवरुद्ध कर दिया है, बल्कि इस क्षेत्र से आने वाले अन्य आपूर्ति मार्ग भी दबाव में हैं। तेल की कीमतों में काफी वृद्धि से अमेरिका सहित पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी, जो पहले ही मुद्रास्फीति दर को कम करने के लिए जूझ रही है। अमेरिका को पहले पश्चिम एशिया में अपना अभियान समाप्त करना होगा, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार में कुछ स्थिरता लाने में मदद मिले। दरअस पश्चिम एशिया और यूक्रेन दोनों युद्ध अगर चलते रहते हैं, तो ऊर्जा का संकट बना रहेगा।



मध्यपूर्व संकट के कारण बीते 6-7 महीनों से अंतर्राष्ट्रीय नौवहन मार्ग अवरुद्ध हैं, इस कारण ऊर्जा संकट बढ़ रहा।

तमिलनाडु को मानसिकता बदलने की सलाह



विजय कपूर

> सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए तमिलनाडु से कहा कि उसे अपनी यह 'मानसिकता' बदलनी होगी कि राज्य की धरती पर हिंदी नहीं पढ़ायी जा सकती; क्योंकि 'कोई भी राज्य इस तरह व्यवहार नहीं कर सकता कि जैसे वह एक अलग देश हो'।



सुप्रीम कोर्ट ने गुजरे 17 सितम्बर 2026 को तकरीबन लताड़ते हुए तमिलनाडु से कहा कि उसे अपनी यह 'मानसिकता' बदलनी होगी कि राज्य की धरती पर हिंदी नहीं पढ़ायी जा सकती; क्योंकि 'कोई भी राज्य इस तरह व्यवहार नहीं कर सकता कि जैसे वह एक अलग देश हो'। न्यायाधीश बी.वी नागरत्ना की यह मौखिक टिप्पणी तमिलनाडु द्वारा नवोदय विद्यालय योजना अपनाने के संदर्भ में हुई लगभग एक-घंटे की सुनवाई के दौरान आयी। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु को तीन माह का समय दिया है, उसके 15 दिसम्बर 2025 के आदेश का पालन करने के लिए, जिसके तहत राज्य के हर जिले में नवोदय स्कूल स्थापित करने हेतु आवश्यक भूमि की पहचान करना है। इसके आधार पर ही बाद में अंतिम आदेश पारित किये जायेंगे। इस बीच राज्य व केंद्र के प्रतिनिधियों से कहा गया है कि वह तमिलनाडु में नवोदय स्कूल स्थापित करने की नीति पर आपस में चर्चा करें। न्यायाधीश नागरत्ना की खंडपीठ, जिसमें न्यायाधीश एजी मसीह भी हैं, ने कहा, 'दोनों चेन्नै व नई दिल्ली को एक दूसरे को अलग-थलग नहीं करना चाहिए।' सुप्रीम कोर्ट में ही तमिलनाडु ने केंद्र से कहा कि वह नये सिरे से नवोदय स्कूल स्थापित करने की बजाय वर्तमान में जो मॉडल स्कूल हैं उन्हें चलाने में मदद करे।

दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि तमिलनाडु के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित किये जायें, जो तीन भाषा नीति का पालन करते हैं। चूंकि तमिलनाडु में दो-भाषा फार्मूला का पालन किया जाता है, इसलिए उसकी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दस्तक दी थी, जबकि तीन भाषा नीति को चुनौती देने वाली याचिकाएं भारत के मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व वाली खंडपीठ के समक्ष विचाराधीन हैं। सीबीएसई ने इसी साल से कक्षा 6 से 10 तक तीन भाषा नीति लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसके तहत छात्रों को तीन भाषाओं का चयन करना था, जिनमें से 2 का देशज होना अनिवार्य है। लेकिन बीच सत्र में आये सीबीएसई के इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अनेक याचिकाएं यह कहते हुए दायर की गईं कि ट्रेंड टीचर्स व इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी है, आवश्यक पाठ्य-पुस्तकों का अभाव है और छात्र अपनी पसंद की भाषाएं नहीं पढ़ सकेंगे। इसके अतिरिक्त सरकार अंग्रेजी को देशज भाषा मानने के लिए तैयार नहीं है, जबकि वह अनेक राज्यों में पहली या दूसरी भाषा है। कौन सी भाषा देशज है, इस पर अनेक विवाद हैं, इसलिए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची व न्यायाधीश वी मोहना की खंडपीठ ने इस विषय पर तो बाद में फैसला करने के लिए कहा, लेकिन सीबीएसई से कहा कि वह छठी कक्षा में इसी साल से त्रि-भाषा फॉर्मूला थोपने की अपनी जिद पर पुनः विचार करे। सीबीएसई इस बात पर सहमत हो गई है कि कक्षा 7 से 10 तक के लिए यह फॉर्मूला अगले साल से लागू होगा। बहरहाल, न्यायाधीश नागरत्ना की अदालत में तमिलनाडु ने त्रि-भाषा योजना को राज्य की दो-भाषा नीति के 'मौलिक विरोध' में बताया। तमिलनाडु की पूर्व द्रमुक सरकार ने इस साल मार्च में दायर अपने शपथपत्र में कहा था कि नवोदय योजना, जो त्रि-भाषा फॉर्मूला पर आधारित है, तमिलनाडु तमिल लर्निंग एक्ट, 2006 के विरोध में है। शपथपत्र में आरोप लगाया गया था कि त्रि-भाषा फॉर्मूला को थोपा जाना 'पिछले दरवाजे से' हिंदी को अनिवार्य बनाना है। अब राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी टीवीके ने भी त्रि-भाषा फॉर्मूला का यह कहते हुए विरोध किया है कि भाषा का चयन मौलिक अधिकार है। राज्य का कहना है कि एक योजना, जो केवल एक नीति है, उसे राज्य की अपनी नीतियों व कानूनों के विरुद्ध उस पर थोपा नहीं जा सकता। उसके अनुसार, यह 'मानसिकता' का मुद्दा है ही नहीं। हर राज्य की अपनी नीतियां हैं। अगर केंद्र नवोदय पॉलिसी को हर जगह लागू करना चाहता है, तो उसे इस सिलसिले में कानून बनाना चाहिए था। जब न्यायाधीश नागरत्ना ने कहा कि 'आखिरकार हम एकात्मक सरकार हैं', तो तमिलनाडु के वकील जयदीप गुप्ता ने असहमति व्यक्त करते हुए कहा, 'हम संघीय सरकार हैं। इस प्रकार की एकात्मकता संविधान का उद्देश्य नहीं है। संघवाद भी बुनियादी संरचना का हिस्सा है।' इस पर सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि भारत में प्रशासनिक व्यवस्था भावना में एकात्मक है और संरचना में संघीय। इस आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु से कहा कि वह उसके दिसम्बर 2025 के आदेश का पालन करते हुए राज्य के हर जिले में नवोदय विद्यालयों के लिए भूमि की व्यवस्था कराये, जोकि वास्तव में भारत की भूमि है, और फिर निर्माण आदि काम की जिम्मेदारी केंद्र की होगी। इस विषय पर अगली सुनवायी 14 दिसम्बर 2026 को होगी। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि त्रि-भाषा फॉर्मूला वास्तव में बहुत अच्छा है कि इसमें राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की संभावना है और वह छात्र अतिरिक्त बुद्धिमान हो जाता है, जो एक से अधिक भाषा जानता है। इसके अलावा अगर वह कोई विदेशी भाषा भी सीख लेता है, तो उसके लिए रोजगार के अवसर बढ़ जाते हैं। लेकिन फिलहाल इसमें समस्या यह है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर व ट्रेंड टीचर्स की कमी है, आवश्यक पाठ्य-पुस्तकों का अभाव है और छात्र अपनी पसंद की भाषाएं नहीं पढ़ सकेंगे। इन कमियों को दूर करना आवश्यक है, तभी इस योजना का लाभ छात्रों को हो सकेगा।

हिन्दी का विरोध

तमिलनाडु को भी हिंदी-विरोध पर आधारित अपनी जिद को छोड़ देना चाहिए; क्योंकि त्रि-भाषा फामूर्ला संघवाद में हस्तक्षेप नहीं करता है। फिर अगर छात्र मसलन तमिल, हिंदी व अंग्रेजी पढ़ते हैं, तो इससे तमिल को नुकसान कहां होगा? हां, इस स्थिति में भी सुधार लाने की जरूरत है कि जो 22 भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध हैं, उनकी टीचर्स सभी स्कूलों में उपलब्ध हों; क्योंकि देखने में आता है कि उत्तर भारत में अगर कोई छात्र तमिल या तेलगु पढ़ना चाहे तो अध्यापक ही मौजूद नहीं होता है और छात्र को मजबूरन वह भाषा सीखनी पड़ती है, जिसका अध्यापक उपलब्ध होता है। गौरतलब है कि अदालत के समक्ष जो मुख्य याचिका है, उसमें गंभीरता से शिकायत की गई है कि 'बिना ट्रेंड टीचर्स, पाठ्य-पुस्तकों या मूल्यांकन फ्रेमवर्क के किसी विषय को अनिवार्य करना' संविधान का उल्लंघन है। जहां तमिलनाडु आदि राज्यों में हिंदी का विरोध बेवकूफी है, वहीं अंग्रेजी को निरंतर 'विदेशी भाषा' मानना भी कोई अक्लमंदी नहीं है। अंग्रेजी कोई गोरा साहिब नहीं है जो मनमानी की हद पार कर गया हो।

अंग्रेजी हमारी अर्थव्यवस्था, उच्च शिक्षा, कानून, टेक्नोलॉजी, पॉप कल्चर और रोजमर्रा की महत्वाकांक्षाओं में रच बस गई है, अपने अनेक मुहावरों व उच्चारण के साथ। यह इस देश का अटूट हिस्सा बन गई है और इसी की वजह से लाखों भारतीय विदेशों में रोजगार पाये हुए हैं। गौरतलब है कि अंग्रेजी नागालैंड व अरुणाचल प्रदेश की आधिकारिक भाषा है और अनेक राज्यों में अतिरिक्त आधिकारिक भाषा है, जिनमें मेघालय, सिक्किम, मणिपुर, मिजोरम, गोवा व केरलम शामिल हैं। भारत पर महान विविधता की भी कृपा है। मसलन, पुडुचेरी में क्या किया जाये? वहां फ्रेंच 'देशज' भाषा है, जो दोनों ऐतिहासिक व सांस्कृतिक पहचान को आकार देती है। अब इस पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट किन भाषाओं को देशज ठहराता है, यह देखना शेष है।

सोशल मीडिया

संवैधानिक पद पर रहे पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी किस तरह अपने अंतर्मन के भावों और कांग्रेस के मनोभावों को व्यक्त करते हैं, इसका एक निंदनीय उदाहरण सामने है। सुधांशु त्रिवेदी.



आ.प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से वर्ष 2018 में यूपी प्रदेश दिवस के मौके पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वर्ष 20 19 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योगना लागू की गयी।



जो मानवता के भाव से बीमार की सेवा करती हैं, उन नर्सों के खुद के बीमार होने पर छुट्टी न देना बेहद अमानवीय है, जिसकी कीमत उनको अपनी जान देकर गंवानी पड़ रही है। अखिलेश यादव



सांकेतिक भाषा: मौन से भी लिखी जाती है कविता



सांकेतिक भाषा दिवस

लोकमित्र गौतम

कविता को लिखने या पढ़ने के लिए क्या हमेशा शब्दों की जरूरत होती है? कभी किसी बच्चे को देखिए, वह भी बोलना नहीं जानता, लेकिन भूख लगने पर हाथ फैलाता है, मां की ओर देखता है, होंठ सिकोड़ता है, किसी खिलौने की ओर अंगुली उठाता है और खुशी में दोनो हाथ पटक देता है। जाहिर है उसके पास शब्द नहीं है, फिर भी उसकी पूरी दुनिया जैसे कविता की तरह हमारे सामने खुली होती है। हम उसके संकेत पढ़ लेते हैं। शायद भाषा की सबसे पहली किताब भी ऐसी ही रही होगी। शब्दों से पहले शरीर बोलता था और मनुष्य आंखों से उस बोले हुए को पढ़ता था। बाद में हमने शब्द खोजे, वाक्य बनाने की इंजीनियरिंग सीखी, व्याकरण रचना और अपने अनुभवों को किताबों में सुरक्षित कर लिया, साहित्य जन्मा। लेकिन उस आदिम भाषा का एक हिस्सा हमारे साथ बना रहा। आंखों की चमक, होंठ की कपकपी, हथेलियों का उठना, सिर का झुकना, किसी को रोकने के लिए आगे बढ़ा हाथ और विदा के समय धीरे-धीरे हिलती अंगुलियां। यही वह जगह है जहां सांकेतिक भाषा साहित्य से आकर मिलती है। हम अकसर भाषा को ध्वनि से जोड़कर देखते हैं, जो बोली जाती है, वह भाषा जो लिखी जाती है, वह साहित्य है। लेकिन सांकेतिक भाषाएं इस स्थापित धारणा को बड़ी सहजता से चुनौती देती है।

यहां हाथ शब्द बनते हैं, चेहरे पर भाव विराम चिन्ह की तरह आते हैं और शरीर का पूरा विस्तार किसी भरे पूरे वाक्य का हिस्सा बन जाता है। एक संकेत केवल सूचना नहीं देता, वह भाव भी रच सकता है। सांकेतिक भाषा में कविता केवल किसी लिखी हुई कविता का हाथों से अनुवाद नहीं है, उसमें गति है, ठहराव है, चेहरे के भाव है, शरीर की दिशा है, स्थान का इस्तेमाल है और सबसे बढ़कर दृश्यात्मक लय है। बोलचाल की कविता जहां ध्वनि, तुक और उच्चारण से अपना संगीत रचती है, वहीं सांकेतिक कविता अपने संगीत को गति और दृश्य से पैदा कर सकती है। कल्पना कीजिए किसी कविता में बारिश हो रही है। शब्दों में कवि लिख सकता है, 'बारिश की बूंदें छत पर गिर रही हैं।' लेकिन संकेतों में अंगुलियों की गति, हथेली का फैलाव, शरीर का थोड़ा झुकना और चेहरे पर उतरता भाव, उस बारिश को सिर्फ बताता नहीं है हमारे सामने घटित कर देता है। यह कविता पढ़ी नहीं जाती वरन देखी जाती है।

शायद इसीलिए सांकेतिक साहित्य हमें साहित्य की उस पुरानी परिभाषा पर फिर से विचार करने को मजबूर करता है, जिसमें शब्द ही अभिव्यक्ति के अंतिम माध्यम माने जाते रहे हैं। आखिर साहित्य का मूल उद्देश्य क्या है? शब्दों को सुरक्षित रखना या मनुष्य के अनुभवों को अभिव्यक्ति देना? अगर उद्देश्यों को अनुभव करना है तो फिर हाथों की भाषा साहित्य से बाहर कैसे रह सकती है? हमारे अपने साहित्य में भी ह्यअनकहेह्ण का संसार बहुत विस्तृत है। प्रेमचंद के पात्रों की चुप्पियां, महादेवी वर्मा की विरह वेदना, अज्ञेय का आत्म संवाद, कबीर की उलट बासियां, इन सबमें शब्दों के साथ-साथ वह भी मौजूद है, जिसे शब्द पूरी तरह से पकड़ नहीं पाते। यही कारण है कि साहित्य हमेशा से कहे और अनकहे के बीच झूलता रहता है।

कई बार कहानी का सबसे मार्मिक क्षण वह नहीं होता, जब पात्र कोई बड़ी बात कहता है बल्कि वह होता है, जब वो कुछ नहीं कहता, चुप रह जाता है। सांकेतिक भाषा उस चुप्पी को एक नया अर्थ देती है। वह बताती है कि मौन और अभिव्यक्ति एक दूसरे के विरोधी नहीं है, मौन भी भाषा हो सकता है बशर्ते हम उसे पढ़ना सीखें। यह बात केवल साहित्यिक सौंदर्य की नहीं है। सामाजिक संवेदना की भी है। दुनिया में लाखों लोग सांकेतिक भाषाओं के जरिये संवाद करते हैं। उनके लिए यह किसी बोली का सहायक रूप नहीं बल्कि अपनी व्याकरण, संरचना, सांस्कृतिक पहचान और अभिव्यक्ति की क्षमता वाली भाषा है। इसलिए सांकेतिक भाषा को केवल इशारों की भाषा समझ लेना उसके पूरे संसार को छोटा कर देता है। दिलचस्प यह है कि तकनीक के इस दौर में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारी आवाज को लिखे हुए शब्दों में बदल रही है और लिखे हुए शब्दों को आवाज दे रही है, सांकेतिक भाषाएं हमें याद दिलाती हैं कि मनुष्य की अभिव्यक्ति इससे कहीं पुरानी और व्यापक है। हर भावना को आवाज की जरूरत नहीं होती। कुछ भावनाएं आंखों में जन्म लेती हैं और हाथों से यात्रा करती हुई मन तक पहुंचती हैं। साहित्य भी तो यही करता है। एक मन की अनुभूति को दूसरे मन तक पहुंचाता है।

मनुष्य का आचरण

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्म विश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

अंतर्दृष्टि

चुनावी काल में नेता राशि का भविष्य

व्यंग्यलोक

चुनावी काल और यह कुर्सी वाला साल फिर कभी नहीं आएगा। वोट के लिए किसी भी नाली को साफ करने की फोटो वायरल करने में बड़ा मजा आएगा। वोटर की गाली पर डांस फरमाया जाएगा। आज आपको विरोधी दल-दल की बुराइयां सुनने-करने में आनंद आएगा। दो पार्टियों के झगड़े सुलझाने की जगह मूकदर्शक बनकर आनंद लेंगे। संध्या के समय अपनी अव्यवस्थित दिनचर्या से मजे करेंगे। नेता लोग एक से बढ़कर एक झूठ बोलने के अवसर झपटते रहेंगे। वोट प्राप्ति की संभावना बनते-बनते आगे के लिए टलेगी। संतानों में मोबाइल बिहेवियर को लेकर चिंता होगी। आज मन चंचल भी रहेगा। निंदा-कला में निपुणता नजर आएगी। धर्म का कर्म करते समय मन एकाग्र नहीं रहेगा। सेहत में संध्या बाद भारी गिरावट आएगी। हमेशा की तरह सोमरस का सहारा लेना पड़ेगा। भाषण व्यवसाय में आज ज्यादा लाभ की संभावना ना रखें अन्यथा बाद में निराश होना पड़ेगा। किसी भी रैली में खर्च निकालने के लिए भी किसी विरोधी पार्टी का मुंह ताकना पड़ेगा। चुनावी साल में नौकरी वाले जातकों का अधिकारी वर्ग पर क्रोध बढ़ेगा। ऑफिस में धन की आमद ना के बराबर रहेगी, इसलिए ऊपर की सारी कमाई बाहर कहीं रिसोर्ट में ही करनी पड़ेगी। इसलिए नौकरी पेशा को आकस्मिक यात्रा करनी पड़ सकती है, किसी भी रथ से सावधान रहें। नौकरी पेशा लोगों को हमेशा ही ऑफिस से पार होने का अच्छा मौका मिलेगा। घर का वातावरण पहले से शांत रहेगा लेकिन महिलाओं का स्वभाव रहस्यमयी रहेगा। पल में प्रसन्न व अगले ही पल लड़ाई करने की संभावना बढ़ती रहेगी। कमर अथवा कंधे में दर्द की शिकायत से मानसिक अकड़न की परेशानी हो सकती है। चुनावी दौर पर आज आप अपनी बुद्धि और चालाकी से अन्य के लाभ को अपने पक्ष में कर सकेंगे। कुछ दिनों से चल रही वोटों की मंदी में कमी आएगी। संध्या के समय चुनावी दौर की थकान बार बालाओं के मनोरंजन से कम होगी। घर के सदस्य, मित्र, परिचित आदि आपसे भयभीत होने के कारण मदद करने में भी संकोच करेंगे। चुनावी रैलियों को लेकर आज थोड़े बहुत लापरवाह होंगे, लेकिन कुर्सी की याद में वोट तड़पायेंगे। वोटों की जरूरत ध्यान में आते ही वापस गंभीर हो जाएंगे। घर में वातावरण शांत रहेगा। चुनावों में वोट प्रतिस्पर्धा के कारण स्वयं को अन्य से निम्न आंकने पर दुखी होंगे। हमेशा की तरह आज भी समय पर कोई काम नहीं आएगा। कुर्सी की चाह में योजना बनाकर धन के अत्यंत गोपनीय व्यवहार करने पड़ेंगे। पार्टी के सदस्यों की आपस में कम ही बनेगी। एक दूसरे की गलतियां निकालेंगे। दूसरे की सीढ़ी के पाये काटने के लिए नई-नई आरियां चलानी पड़ेगी।



राम विलास जॉगिड़

विचार

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है।कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है,सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै,वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है,उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं औरवह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्तिजब तक किसी वस्तुके लिए श्रम नहीं करेगा , तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

आप की बात

विचारों की भूमिका

विचारों की शक्ति पर अपने समय में काफी काम हुआ है। यह माना गया कि ध्वनि ,प्रकाश और ताप की तरह चेतना क्षेत्र में विचारों की भी एक जीवंत शक्ति है। तभी अध्ययन का क्रम चला। सत्संग की व्यवस्था हुई। परामर्श और प्रवचन की शैली का विकास हुआ। विचारों ने विचारों को काटा और विचारों ने विचारों का समर्थन किया। व्यक्तियों और समाजों को ऊंचा उठाने गिराने में विचारों की असाधारण भूमिका रही है। कई बार लोगों के मौलिक विचार भी नहीं होते। मगर कुछ कर गुजरने की इच्छा गहरी होती है। किसी को अपना जीवन लक्ष्य बनाने के लिए कौन से विचार ग्रहण करने चाहिए इसका सबसे सरल उपाय है कि विचारों को सुनना होगा। फिर मन में विचार करना होगा कि हमारे कौन से विचार श्रेष्ठ हैं। यह समझना होगा कि जिन विचारों को मन में गहरे ले जा रहे हैं, उनमें हमारा सामंजस्य है या नहीं। हमारी क्षमताएं उन विचारों के क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं। उन्हें लागू करने के लिए बड़े संयम और धैर्य की आवश्यकता होती है। बुद्धिमानी इसी में है कि जो उपलब्ध है उसी का आनंद लिया जाए। दरअसल विचार व्यक्ति के नैतिक और चारित्रिक विकास के माध्यम हैं। इसलिए यह जरूरी है कि समाज में स्वस्थ विचारों का प्रवाह निरंतरता के साथ होना चाहिए।

अशोक सिंह, लखनऊ.

आर्थिक विषमता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्कि सरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं।

जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी। दरअसल विकास का लाभ समाज को तभी मिलता है, जब उसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। जब विकास कुछ ही हाथों में केन्द्रित होगा तो वह राष्ट्र लिए के लिए फलदायी नहीं हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि विकास की रफ्तार भी तेज हो और इसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। तभी राष्ट्र का कल्याण होगा।

ज्ञान प्रकाश वर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

15 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 14 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 15 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

4 अभियुक्त गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना जैदपुर पुलिस ने अभियुक्तगण अब्दुल कादिर उर्फ मन्नान पुत्र इल्लजीन निवासी ग्राम सैदनपुर थाना सफदरगंज, चाँदबाबू पुत्र मो0 शमीम निवासी बुढ़वल थाना रामनगर को कुल 121 ग्राम अवैध मारफीन, घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकलि सं0 यू0पी 32 बीवाई 6758 तथा अभियुक्त मो0 साद पुत्र मो0 हाजी जमील निवासी ग्राम मंगरवल थाना सतरिख व मो0 माज पुत्र बच्चू अली निवासी कोला गहबड़ी थाना जैदपुर को कुल 103 ग्राम अवैध मारफीन व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल सं0 यूपी 32 एचएस 3842 के साथ गिरफ्तार किया।

3 जुआरी गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना जैदपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे 3 अभियुक्तो मो0 कफील पुत्र स्व0 मोहम्मद साकिर निवासी वसीनगर कस्वा व थाना जैदपुर, मो0 फैजान पुत्र मो0 सकील निवासी छोटा इमाम बाडा, उत्तम कुमार पुत्र जमुना प्रसाद निवासी लोधपुरवा कस्वा व थाना जैदपुर को 52 ताश के पत्ते, मालफड़, जामातलाशी के कुल 4750 रुपए बरामद कर गिरफ्तार किया।

गुमशुदा किशोर का कुएं में मिला शव

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम कालीपहाड़ी में मंगलवार को एक 16 वर्षीय गुमशुदा किशोर का शव खेत पर बने कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर जखौरा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को नियमानुसार कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट द्वारा भी साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, प्रथमदृष्टया कुएं में गिरने के बाद पानी में डूबने से किशोर की मृत्यु होने की आशंका है। वहीं, मृतक के परिजनों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को लेकर पुलिस गहनता से जांच कर रही है। 22 सितंबर 2026 को थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम कालीपहाड़ी में 16 वर्षीय गुमशुदा युवक प्रिंस का शव खेत पर बने कुएं में मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूर्ण की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट की टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में किशोर के कुएं में गिरने और पानी में डूबने से मृत्यु होने की संभावना जताई गई है। हालांकि, मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना के आधार पर होगी। क्षेत्राधिकारी सदर की बाइट के अनुसार, मृतक के परिजनों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को पुलिस गंभीरता से लेते हुए उनकी गहन जांच कर रही है। पुलिस सभी संबंधित तथ्यों और परिस्थितियों की पड़ताल कर रही है। प्रकरण में आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है। फिलहाल पुलिस द्वारा घटना के कारणों और परिस्थितियों को स्पष्ट करने के लिए जांच जारी रखी गई है।

10 अक्टूबर से होगा रामलीला का शुभारंभ

ललितपुर। शहर के मोहल्ला तालाबपुरा स्थित श्री लक्ष्मीनृसिंह मंदिर परिसर मैदान में आगामी 10 अक्टूबर से आयोजित होने वाली रामलीला कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और समिति के सदस्यों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई। श्रीलक्ष्मीनृसिंह मंदिर परिसर में महंत गंगादासजी महाराज के पावन सानिध्य व ओमप्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें परमपरागत श्री लक्ष्मीनृसिंह रामलीला के भव्य आयोजन की तैयारियों पर विचार विमश्र किया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने बताया कि इस वर्ष यह आयोजन 10 अक्टूबर से शुरू होकर 21 अक्टूबर तक सम्पन्न होगा। इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों का दल ललितपुर पहुंचा

विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने दी महत्वपूर्ण जानकारियां



ललितपुर। जनपद भ्रमण पर मंगलवार को पहुंचे प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों के दल के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष बैठक एवं ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया। अध्यक्षता एडीएम (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार ने की। बैठक के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को ललितपुर की भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, पर्यटन, राजस्व, कृषि, सिंचाई और प्रशासनिक व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुतियों के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) एवं कोषाधिकारी ने दलनायक नितिन कुमार सहित सभी प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों का बुके भेंटकर स्वागत किया। बैठक में एडीएम दिनेश कुमार ने प्रशिक्षु अधिकारियों को जिले की भौगोलिक स्थिति, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं सांस्कृतिक विशेषताओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इसके बाद उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र विक्रम ने जिले के प्रशासनिक मामलों, राजस्व संबंधी प्रकरणों, कृषि व्यवस्था और स्थानीय औषधीय वातावरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता भूपेश सुहेरा ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जनपद में उपलब्ध जल संसाधनों तथा प्रमुख बांधों की स्थिति के बारे में प्रशिक्षु अधिकारियों को जानकारी दी। पर्यटन अधिकारी हेमलता ने ललितपुर को पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध जनपद बताते हुए यहां स्थित पुरातात्विक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों का सचित्र प्रस्तुतीकरण किया। वहीं, जीएसटी कमिश्नर हीरालाल ने जीएसटी विभाग के कार्यों एवं संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी। कोषाधिकारी राहुल यादव ने जिले की ट्रेजरी प्रणाली, वित्तीय संचालन और प्रशासनिक गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षु अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक के उपरांत प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों के दल ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश से मुलाकात की और जनपद भ्रमण की रणनीति को लेकर विचार-विमर्श किया।

एआई से विवाहिता की अश्लील फर्जी तस्वीरें बनाकर ससुराल भेजने का आरोप

- महरौनी में विवाहिता के पिता की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के कथित दुरुपयोग से जुड़ा गंभीर मामला सामने आया है। एक विवाहिता की फर्जी अश्लील तस्वीरें तैयार कर उसके पति और ससुराल पक्ष के लोगों को भेजने तथा परिवार को बर्बाद करने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। विवाहिता के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक गुलाम फरीद को सौंपी गई है। थाना कोतवाली महरौनी के एक ग्राम निवासी पिता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने करीब छह माह पहले अपनी पुत्री का विवाह किया था। विवाह के दौरान गदयाना (बार) निवासी अभिषेक पुत्र मुलायम वहां पहुंचा था और शराब के नशे में व्यवधान पैदा किया था। उस समय महरौनी पुलिस ने उसे शांति भंग की आशंका में पकड़कर चालान किया था। आरोप है कि इसी घटना के बाद से अभिषेक रंजिश रखने लगा और उनकी पुत्री को बदनाम करने तथा उसे मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ ? की धमकियां देने लगा। अभिषेक और उसके रिश्तेदार कथित रूप से ए.आई. तकनीक का इस्तेमाल कर उनकी पुत्री की अश्लील फर्जी तस्वीरें तैयार कर रहे हैं। आरोप है कि ये तस्वीरें विवाहिता और उसके ससुराल पक्ष के लोगों के मोबाइल फोन पर भेजी जा रही हैं। पिता का कहना है कि उन्होंने आरोपी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद कथित गतिविधियां बंद नहीं हुईं। आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने उनकी पुत्री का वैवाहिक जीवन बर्बाद करने की धमकी भी दी। 12 सितंबर 2026 को अभिषेक ने विवाहिता के पति के मोबाइल नंबर पर उसकी पुत्री की कथित अश्लील तस्वीर भेजी। पिता का आरोप है कि इसके साथ ही आरोपी ने उसके पति पर झूठे आरोप लगाकर मानसिक रूप से परेशान किया। इस घटनाक्रम से आहत होकर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को उसके मायके भेज दिया।

पांच अन्तर्जनपदीय चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, 7000 रुपये बरामद



बाराबंकी। थाना दरियाबाद पुलिस ने 5 अन्तर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने पंजीकृत मु0अ0सं0 200/2026 धारा-303(2) बीएनएस से सम्बन्धित 5 अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों राम नरेश पुत्र जगन्नाथ निवासी ग्राम ऊंचे पुरवा थाना देवा, लाल जी यादव पुत्र राम विलास निवासी ग्राम जलुहामऊ थाना मसौली, ओम प्रकाश पुत्र जवाहिर निवासी ग्राम व थाना बदोसराय, मो0 शादाब पुत्र जलालुद्दीन निवासी ग्राम आलापुर थाना को0 नगर, फुरकान पुत्र मो0 शफीक निवासी ग्राम आलापुर थाना को0 नगर को 7000 रुपये नगद बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। अभियुक्तो का जनपद के विभिन्न थानो सहित सीतापुर, फैजाबाद मे आपराधिक इतिहास भी दर्ज है। पुलिस पूछताछ मे अभियुक्त ने बताया कि गिरोह बनाकर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के ग्राम व कस्बों में रेकी कर चिन्हित स्थान पर चोरी की घटना कारित करते हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, उ0नि0 सुनील निषाद, उ0नि0 रनवीर सिंह, का0 रोहित कुमार, प्रदीप चैहान, हर्ष तिवारी, सुतीक्षण, अभय प्रताप सिंह, शिवम कुमार, जयदेव राजपूत, प्रतीक यादव, अनमोल साहू मौजूद रहे।

सफाई मित्रों को अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने सौंपी पीपीई किट



बंकी, बाराबंकी। सफाई मित्रों को कचरे, रसायनों, गंदगी और संक्रमण से होने वाले खतरों से बचाये जाने को लेकर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पंचायत बंकी कार्यालय पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे दर्जनो की संख्या मे सफाई मित्रो ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस दौरान सफाई मित्रो को नगर पंचायत बंकी अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने पीपीई किट का वितरण किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी श्रीमती केसरवानी ने कहा कि संक्रामक बीमारियों से रोकथाम विशेषकर बरसात या त्योहारों के सीजन में जलजनित और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे मे क्षेत्र को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सफाई कर्मचारियो पर होती है। इसलिए उनके खुद के स्वास्थ्य और सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी प्राथमिकता है। संक्रमण से बचाव के लिए ही ये पीपीई किट वितरित की गई है जिससे वे सुरक्षित होकर मुस्तैदी से अपना काम कर सकें।

फैक्ट्री में आग लगने से दो की मौत

कानपुर। कानपुर देहात में सोमवार शाम टायर तेल बनाने वाली एक फैक्टरी में आग लगने से दो श्रमिकों की झुलसकर मौत हो गई। आग लगने के समय दोनों श्रमिक करीब 30 फुट ऊंचे एक टैंक पर मौजूद थे। आग की लपटों में घिरने के बाद दोनों नीचे गिर गए। चार अन्य श्रमिक और उस टैंकर का चालक सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। अधिकारियों ने बताया कि करीब पांच साल से संचालित इस फैक्टरी में पुराने और बेकार टायरों को बंद तथा ऑक्सीजन रहित चैंबर में उच्च तापमान पर प्रसंस्करित कर टायर ऑयल बनाया जाता था। आग शाम करीब 5:30 बजे गजनेर थाना क्षेत्र के जरीहा गांव के पास स्थित ओम जेवीआरडी फैक्टरी में लगी। यह फैक्टरी जिला मुख्यालय से करीब 44 किलोमीटर दूर है। कानपुर देहात के मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें शाम करीब 5:50 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद वह अग्निशमन केंद्र से तीन दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में तीन और दमकल वाहनों को बुलाया गया। करीब 40 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। कानपुर देहात की पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

मामा के बेटे को बचाने कुंड में कूदा युवक, दोनों की डूबकर मौत

हरदोई। बेनीगंज क्षेत्र में स्थित हत्याहरण तीर्थस्थल के कुंड में नहाते समय डूबने से 11 वर्षीय लड़के समेत दो लोगों की मौत हो गई। घटना सोमवार की शाम बेनीगंज कोतवाली इलाके में हुई, जब सीतापुर निवासी रितिक (11) हत्याहरण तीर्थस्थल स्थित कुंड में नहाने गया था तभी गहरे पानी में चले जाने से वह डूबने लगा। पुलिस ने बताया कि रितिक को बचाने के लिए उसके बुआ के बेटे मोहित त्रिपाठी (20) ने कुंड में छलांग लगा दी, लेकिन वह भी गहरे पानी में डूब गया। दोनों को डूबता देख राज नामक एक युवक भी कुंड में उतर गया और शोर मचाया। मौके पर मौजूद लोगों ने राज को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और काफी देर की मशक्कत के बाद रितिक और मोहित को भी कुंड से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि सीतापुर शहर के छोटी लाइन इलाके का निवासी मोहित अपनी मां अर्चना, मामा मिथलेश, मामा के बेटे रितिक और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सोमवार को हत्याहरण तीर्थस्थल आया था। हरियावां के क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि रितिक डूब गया और मोहित की मौत उसे बचाने की कोशिश में हुई। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।

पति की हत्या के मामले में पत्नी और प्रेमी को उम्रकैद

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर की एक अदालत ने थाना बीटा-2 क्षेत्र के गांव बिरौड़ा स्थित सुलभ शौचालय के केयरटेकर महेश कुमार (45) की हत्या के मामले में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार, मृतक की पत्नी पूजा और उसके प्रेमी प्रहलाद ने अवैध संबंधों का विरोध करने पर महेश की कैंची से वार कर हत्या कर दी थी। एडीजीसी (अपराध) शिल्पी भदौरिया ने अदालत को बताया कि वादी सत्येंद्र कुमार शर्मा की तहरीर पर पूजा और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना बीटा-2 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, महेश कुमार अपनी पत्नी पूजा और तीन बच्चों के साथ गांव बिरौड़ा स्थित सुलभ शौचालय परिसर में रहता था और वहीं केयरटेकर के रूप में कार्यरत था। एक जुलाई 2024 को महेश का शव शौचालय की छत पर मिला था। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका हुई कि इस मामले में पूजा का हाथ है जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने प्रहलाद को गिरफ्तार किया।

चाइल्ड केयर सेंटर से बिहार की किशोरी के फरार होने के मामले में सुपरवाइजर और सिपाही पर केस दर्ज

बलिया। बलिया जिला मुख्यालय स्थित एक चाइल्ड केयर हेल्पलाइन केंद्र से बिहार के वैशाली जिले की निवासी 16 वर्षीय लड़की के कथित रूप से फरार होने के मामले में एक महिला पुलिस कर्मी और चाइल्ड केयर हेल्पलाइन की सुपरवाइजर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। सुपरवाइजर की सेवा समाप्त करने और पुलिस कर्मी के विरुद्ध जांच की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बलिया शहर कोतवाली में सोमवार की देर रात जिला परिवीक्षा अधिकारी अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन की तहरीर पर बैरिया थाने में तैनात सिपाही रीमा और चाइल्ड केयर हेल्पलाइन केंद्र की सुपरवाइजर शिल्पा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि 18-19 सितंबर की दरमियानी रात करीब सवा दो बजे बैरिया थाने के उप निरीक्षक सुनील यादव और मुख्य आरक्षी सिंकी गोंड ने बिहार के वैशाली जिले की रहने वाली गुमशुदा लड़की पुतुल कुमारी को बैरिया क्षेत्र के सुमेरनपुर में बरामद करके जिला मुख्यालय के ओकडेनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित चाइल्ड केयर हेल्पलाइन केंद्र के सुपुर्द किया था।

2.35 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

ललितपुर। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महरौनी पुलिस ने एक कथित गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा, काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल और 260 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की अग्रिम विवेचना उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव को सौंपी गई है। सोमवार की शाम महरौनी थाने के निरीक्षक निर्भय चंद्र पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और वांछित अपराधियों की तलाश कर रहे थे। टीम में उपनिरीक्षक आजाद बाबू, कांस्टेबल सतीश कुमार और सचिन सैलानी शामिल थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल (यू.पी. 94 ए.जे. 7359) पर टीकमगढ़ की ओर से महरौनी बाईपास के रास्ते ललितपुर की तरफ आ रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने चेतक ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबलों को साथ लिया और क्षेत्राधिकारी महरौनी को जानकारी दी। इसके बाद निवारी से पडवा जाने वाली सड़क पर तालाब के पास घेराबंदी की गई। कुछ देर बाद टीकमगढ़ की तरफ से एक अपाचे मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जो मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए और वाहन से मेल खाती थी। पुलिस ने वाहन को रोककर चालक से पूछताछ की। इसी दौरान क्षेत्राधिकारी महरौनी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि मौके पर मौजूद बल की वीडियोग्राफी के बीच मोटरसाइकिल के हैंडल पर टंगे झोले की तलाशी ली गई। झोले में दो पन्नियों में गांजा भरा मिला। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल करने पर गांजे का कुल वजन 2 किलो 350 ग्राम पाया गया। पुलिस ने आरोपी की जामा तलाशी से वीवो कंपनी का मोबाइल फोन और 260 रुपये नकद बरामद किए। गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम थाना महरौनी के ग्राम पडवा निवासी संकेत बाजपेई पुत्र राजाराम बाजपेई बताया। पूछताछ में आरोपी द्वारा कथित रूप से मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के गुवारा से गांजा लाकर बेचने की बात बताई गई। आरोपी ने यह भी बताया कि वह जिस अपाचे मोटरसाइकिल का इस्तेमाल कर रहा था, उसे कथित रूप से गांजे के अवैध कारोबार से कमाए पैसों से खरीदा था। इन बयानों की स्वतंत्र पुष्टि विवेचना के दौरान की जानी है। पुलिस ने बरामदगी और गिरफ्तारी की कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

उपचाराधीन घायल बंदर पर रॉड-पत्थरों से हमला, सीसीटीवी में कैद हुई क्रूरता

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में जिला पशु चिकित्सालय परिसर स्थित गौ आश्रय केंद्र में घुसकर एक घायल बंदर के साथ लोहे की रॉड और पत्थरों से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रात के समय दो युवक आश्रय केंद्र में दाखिल हुए और वहां मौजूद घायल बंदर को बेरहमी से पीटा। पूरी घटना आश्रय केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। तहरीर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक नामजद युवक और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। नेहरूनगर निवासी प्रशांत शुक्ला पुत्र रामनिवास शुक्ला, जो गऊ पुत्र सेना के अध्यक्ष बताए गए हैं, ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में घटना की जानकारी दी। तहरीर के मुताबिक प्रशांत शुक्ला जिला पशु चिकित्सालय परिसर में बने गौ आश्रय केंद्र की देखरेख करते हैं। यहां घायल गोवंश सहित अन्य बेसहारा और घायल पशुओं को चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाता है। बताया गया कि 20 सितंबर 2026 की सुबह आश्रय केंद्र पहुंचने पर एक घायल बंदर बेहद गंभीर और दयनीय हालत में मिला। इसके बाद घटना की वजह जानने के लिए आश्रय केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। सीसीटीवी फुटेज में कथित तौर पर दिखाई दिया कि 19 सितंबर की रात करीब 11.30 बजे दो युवक आश्रय केंद्र के अंदर पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने वहां मौजूद घायल बंदर को लोहे की रॉड और पत्थरों से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फुटेज के आधार पर पड़ताल किए जाने पर एक आरोपी की पहचान आजादपुरा निवासी आकाश कुशवाहा पुत्र काशीराम के रूप में बताई गई। उसके साथ एक अन्य युवक के होने की बात सामने आई है, जिसकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। तहरीर में घटना के समय मौजूद रहे

चलती ट्रेनों में मोबाइल और लैपटॉप समेत 88 हजार का सामान चोरी

ललितपुर। चलती ट्रेनों में यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जीआरपी थाना ललितपुर क्षेत्र में अलग-अलग ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य सामान चोरी होने की दो घटनाएं सामने आई हैं। दोनों मामलों में पीड़ित यात्रियों की शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। एक घटना में यात्री का करीब 38 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन, जबकि दूसरी घटना में लैपटॉप और अन्य सामान से भरा ट्रॉली बैग चोरी हुआ है। जीआरपी ने मामलों की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना 30 अगस्त 2026 की बताई गई है। महाराष्ट्र के गोंदिया निवासी प्रमोद गौतम पुत्र आत्माराम गौतम सहारनपुर से गोंदिया की यात्रा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18238) के ए-1 कोच की सीट नंबर 12 पर कर रहे थे। यात्रा के दौरान ट्रेन जब ललितपुर के जखौरा रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने वाली थी, उसी समय यात्री की आंख लग गई। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनकी सीट के पास रखा वीवो कंपनी का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरी हुए मोबाइल की कीमत करीब 38 हजार रुपये बताई गई है। मोबाइल में दो सिम कार्ड लगे हुए थे। घटना की जानकारी होने के बाद यात्री ने रेलवे हेल्पलाइन और संबंधित माध्यमों से शिकायत दर्ज कराई। दूसरी घटना 25 अगस्त 2026 को पटना-इंदौर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 19322) में हुई। बिहार के जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के मुडिया बिगा निवासी प्रशांत कुमार पुत्र विजय कुमार पटना से इंदौर की यात्रा कर रहे थे। वह ट्रेन के एस-4 कोच की बर्थ नंबर 27 पर सवार थे। जब ट्रेन जखौरा रेलवे स्टेशन से आगे निकल गई, तब अचानक हुई हलचल के कारण उनकी नींद खुली। इसके बाद उन्होंने देखा कि सीट नंबर 25 के नीचे रखा नीले रंग का ट्रॉली बैग गायब था। बैग में एचपी कंपनी का लैपटॉप, चार्जर, इस्तेमाल किए हुए कपड़े और दैनिक उपयोग का अन्य सामान रखा हुआ था। चोरी हुए ट्रॉली बैग में रखे सामान की कुल कीमत करीब 50 हजार रुपये है। घटना के बाद यात्री ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

नेपाल के 22 प्रगतिशील मधुमक्खी पालक किसानों ने किया एक्सपोजर विजिट

- मधुमक्खी कॉलोनी, प्रबंधन, शहद उत्पादन की प्रक्रिया की ली जानकारी
- लोकसभागार में जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल का किया स्वागत



बाराबंकी। जीवंती वेलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट एंव चैनपुरवा कायाकल्प फाउंडेशन के तत्वाधान मे नेपाल से आये 22 प्रगतिशील किसानो के प्रतिनिधिमण्ड़ल ने जनपद में एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने नेपाल के किसानो प्रतिनिधियों एवं डाबर प्रतिनिधियों का स्वागत किया। तथा मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन तथा किसानों की आय बढ़ाने में मधुमक्खी पालन की भूमिका के बारे में जानकारी साझा की। जिलाधिकारी ने जनपद में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने, किसानों को आवश्यक तकनीकी ज्ञान उपलब्ध कराने तथा हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात भी कही। इसके उपरान्त प्रतिनिधिमंडल ने निमित सिंह मधुमक्खीवाला के राजौली फार्म एंव हैदरगढ़ मे मधुमक्खी पालक अविनाश के फार्म का भ्रमण किया। तथा मधुमक्खी कॉलोनी प्रबंधन, शहद उत्पादन, रानी मधुमक्खी, आधुनिक मधुमक्खी पालन तकनीक तथा शहद की गुणवत्ता एवं प्रसंस्करण की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। इस अवसर पर ध्रुव तारा लामिछाने, सुरेंद्र भगत, अजय कुमार, संजीव गिरी, गौतम थापा मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान में प्रत्येक पात्र परिवार को योजनाओं से जोड़ें

मंडलायुक्त ने की सीएम डैशबोर्ड एवं विकास कार्यों की समीक्षा



जिला संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार मे सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को लेकर अयोध्या मंडलायुक्त राजेश कुमार ने समीक्षा बैठक की। बैठक में मंडलायुक्त ने विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास परियोजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी लेते हुये अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत समाज के प्रत्येक पात्र परिवार को उसकी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। योजनाओं से लाभान्वित किए गए पात्र परिवारों की कार्यवाही एवं प्रगति की निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से रिपोर्टिंग की जाए। अभियान की नियमित समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र परिवार योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारियों एवं संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वे निर्धारित समयावधि तक नियमित रूप से जनता दर्शन करें तथा जनता से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। परियोजनाओं की समीक्षा मे मंडलायुक्त ने कहा कि बजट के अभाव के कारण प्रभावित अथवा लंबित परियोजनाओं की सूची तैयार कर प्रस्तुत की जाए, ताकि आवश्यक स्तर पर कार्यवाही कराते हुए परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जा सके। जिन परियोजनाओं की निर्धारित समयावधि पूर्ण होने वाली है, उनमें पर्याप्त मैनपॉवर एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। बैठक में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, पशुपालन, उद्यान, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभागों की योजनाओं सहित स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित कार्यक्रमों, होम बेस्ड न्यूबॉर्न बेबी चाइल्ड केयर, होम बेस्ड केयर फॉर यंग चाइल्ड, मंत्रा ऐप एवं एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन अजयकान्त सैनी, जिलाधिकारी बाराबंकी ईशान प्रताप सिंह, जिलाधिकारी अयोध्या शशांक त्रिपाठी, जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर ईशा प्रिया, जिलाधिकारी सुल्तानपुर इंद्रजीत सिंह, समस्त मुख्य विकास अधिकारी एवं मंडल स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

गैलेक्सी वॉच को बेहतर बना रहे सैमसंग के नोएडा इंजीनियर्स

नई दिल्ली। सैमसंग रिसर्च इंस्टीट्यूट-नोएडा (एसआरआई-एन) गैलेक्सी वॉच9 और गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 में हेल्थ एवं वेलनेस से जुड़े फीचर्स बनाने में मदद कर रहा है। इसके साथ ही, वह भारत के मौसम और माहौल के हिसाब से घड़ी के सॉफ्टवेयर की जांच भी कर रहा है। एसआरआई-एन ऐसी सुविधाओं पर भी काम करता है जो सैमसंग हेल्थ को भारत के डिजिटल हेल्थ सिस्टम से जोड़ती हैं, जो सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के साथ मिलकर काम करती हैं। डिजिटल हेल्थ और घड़ी से जुड़े फीचर्स हमारी प्राथमिकता हैं। पिछले तीन से चार सालों में, हमने खास तौर पर भारत के लिए कई सेवाएं शुरू की हैं। एसआरआई-एन की स्थापना 2007 में हुई थी। यह सैमसंग की दुनिया भर की रिसर्च टीमों के साथ मिलकर गैलेक्सी मोबाइल डिवाइसों, स्मार्टवॉच, टैबलेट और सॉफ्टवेयर बनाने का काम करता है। गैलेक्सी वॉच इस्तेमाल करने वालों के लिए, भारत में किया गया यह काम सेंसर से मिले डेटा को समझकर सैमसंग हेल्थ ऐप के जरिए हेल्थ एवं वेलनेस से जुड़ी आसान जानकारियां देता है। हमारा सिस्टम स्मार्टवॉच के डेटा को स्मार्टफोन से जोड़ता है। यह आपकी दिनभर की एक्टिविटी, नींद, खान-पान, मानसिक शांति और सेहत के जरूरी संकेतों पर नजर रखने में मदद करता है।

एलजी की सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन की नयी रेंज लॉन्च

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आज सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन की अपनी नई रेंज लॉन्च करने की घोषणा की। इसे शानदार वाशिंग परफॉरमेंस, स्मार्ट सुविधा, बेहतरीन टिकाऊपन और आकर्षक प्रीमियम डिजाइन के साथ तैयार किया गया है। 8 केजी से 12 केजी क्षमता वाले 15 मॉडल्स में उपलब्ध, यह नई रेंज भारतीय ग्राहकों को उनके परिवार के आकार, कपड़े धोने की जरूरतों और डिजाइन की पसंद के अनुसार कई शानदार विकल्प प्रदान करती है। इस लॉन्च के साथ, एलजी सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन कैटेगरी से जुड़ी उम्मीदों को फिर से परिभाषित कर रहा है। एलजी के होम अप्लायंसेज सॉल्यूशन सेल्स डिवीजन के प्रमुख, यंग मिन ह्वांग ने कहा कि नई सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन रेंज उन ग्राहकों के लिए डिजाइन की गई है जो रोजमर्रा के कपड़े धोने की प्रक्रिया से अधिक की उम्मीद करते हैं।

फ्रैंकलिन टेम्पलटन का राष्ट्र व्यापी कैम्पेन रायबरेली पहुंचा

रायबरेली। फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) का राज्यव्यापी अभियान, अब रायबरेली शहर पहुंचा है। इस पहल का उद्देश्य वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, खासतौर पर महिलाओं के बीच। इंटरैक्टिव वित्तीय शिक्षा सत्रों, विशेषज्ञ विचारों और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से यह ड्राइव म्यूचुअल फंड निवेश को सरल बनाने और हजारों भारतीयों को अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए आत्मविश्वास प्रदान करने का लक्ष्य रखती है। चेंज द सोच कैंपेन लखनऊ टू अयोध्या ड्राइव का अभियान 30 दिनों तक चलेगा, जिसमें वे छोटे शहरों और गाँवों का दौरा करेंगे और महिलाओं के लिए निवेशक शिक्षा कार्यशालाएँ आयोजित करेंगे। इन कार्यशालाओं में बचत, निवेश और दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के महत्व पर जोर दिया जाएगा ताकि जीवन के लक्ष्यों को हासिल किया जा सके।

वनप्लस एन6 लाइट लॉन्च

नई दिल्ली। आज ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड, वनप्लस ने भारत में वनप्लस एन6 लाइट का लॉन्च कर दिया। यह 7,000 एम.ए.एच की बैटरी, 120 हर्ट्ज डिस्प्ले, 36 महीने के फ्लुएंसी प्रोटेक्शन और मिलिटरी-ग्रेड की ड्यूरेबिलिटी के साथ पॉवरफुली बिग एक्सपीरिएंस लेकर आया है। इसका प्रभावी मूल्य 16,249 रुपये है चुनिंदा बैंक कार्ड्स से ईएमआई पर लेने पर 750 रुपये तक का इंस्टैंट डिस्काउंट दिया जाएगा, जिससे इसका प्रभावी मूल्य 16,249 रुपये हो जाएगा इसका सिंगल स्टोरेज वैरिएंट 8जीबी तक की वर्चुअल रैम को सपोर्ट करता है। साथ ही, माईक्रो एसडी कार्ड अलग से खरीदकर लगाई जा सकती है, जिससे इसका स्टोरेज 2टीबी तक बढ़ सकता है। वनप्लस एन6 लाईट दो शानदार रंगों, मिडनाईट हाईप और नियो ग्रीन में उपलब्ध है। भारत में इसकी सेल आज 22 सितंबर, 2026 से भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से वनप्लस.इन, वनप्लस स्टोर ऐप, एमेजॉन.इन, वनप्लस एक्सपीरिएंस स्टोर और चुनिंदा रिटेल आउटलेट्स पर शुरू हो गई है। वनप्लस एन6 लाईट में 7,000 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी लगी है, जो एक बार चार्ज होने के बाद तीन दिन तक चलती है।

सेंसेक्स में 330 अंकों की गिरावट



मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 330 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 85 अंक के नुकसान में रहा।

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल के दाम में नरमी के बावजूद घरेलू शेयर बाजार नुकसान में रहे। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 329.91 अंक यानी 0.44 प्रतिशत टूटकर 74,529.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 435.28 अंक की गिरावट के साथ 74,423.71 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 85.30 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,329 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। वहीं, लाभ में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, इंटरग्लोब एविएशन, टाइटन और टाटा स्टील शामिल है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.67 प्रतिशत टूटकर 98.66 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक माहौल में सुधार के बावजूद घरेलू बाजार की धारणा कमजोर रही। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और वैश्विक बॉण्ड पर प्रतिफल में कमी से माहौल को कुछ समर्थन मिला, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों में सुधार भारतीय शेयरों में तेजी में तब्दील नहीं हो सका। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वित्तीय और उपभोक्ता वस्तुओं के शेयरों में व्यापक बिकवाली से घरेलू बाजार दबाव में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध रूप से 576.20 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और बॉण्ड पर प्रतिफल में कमी के बावजूद भारतीय शेयर बाजार शुरुआती बढ़त को कायम नहीं रख सके। अनिश्चित वैश्विक माहौल और वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों की समाप्ति के बीच ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली हुई, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट आई। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.27 प्रतिशत और छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.22 प्रतिशत नुकसान में रहे। सेंसेक्स सोमवार को 564.03 अंक चढ़कर 74,858.99 अंक पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 67.90 अंक की तेजी के साथ 23,414.30 अंक पर रहा था।

रुपया 20 पैसे की बढ़त के साथ 95.58 प्रति डॉलर पर



मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की धारणा में सुधार के बीच अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को 20 पैसे मजबूत होकर 95.58 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि ईरान के सात दिन के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की खबरों के बाद ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई। खबरों में कहा गया था कि अगर अमेरिका अपने बंदरगाहों की नाकेबंदी हटाता है और ईरान पर सैन्य दबाव कम करता है तो ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य खोल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.75 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.55 के स्तर तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में रुपया 95.58 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 20 पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को 18 पैसे मजबूत होकर 95.78 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की धारणा में सुधार और अमेरिका-ईरान युद्ध के समाधान के लिए कूटनीतिक वार्ता की उम्मीदों से रुपये में सकारात्मक रुख बना रह सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.30 से 95.80 के दायरे में रहने के आसार हैं। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत गिरकर 100.34 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.20 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 329.91 अंक गिरकर 74,529.08 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 85.30 अंक के नुकसान के साथ 23,329 अंक पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को शुद्ध रूप से 576.20 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

ईयू ने गूगल पर लगाया 46.3 करोड़ डॉलर का जुर्माना

आयरलैंड। उपयोगकर्ताओं के लोकेशन डेटा के गलत इस्तेमाल को लेकर यूरोपीय संघ (ईयू) ने गूगल पर 46.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। ईयू के डेटा गोपनीयता नियामक ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आयरलैंड के डेटा संरक्षण आयोग (डीपीसी) ने अपनी जांच में पाया कि गूगल ने उपयोगकर्ताओं की ब्राउजिंग और सर्च हिस्ट्री की निगरानी करने वाली सेटिंग वेब एंड ऐप एक्टिविटी तथा मोबाइल फोन के जरिए उनके जाने वाले स्थानों की निगरानी करने वाली सेवा लोकेशन हिस्ट्री में लोकेशन डेटा का कानूनी या निष्पक्ष तरीके से प्रसंस्करण नहीं किया। नियामकों ने यह भी पाया कि एंड्रॉइड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम में लोकेशन एक्यूरेसी फीचर के तहत व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करते समय कंपनी कानूनी, निष्पक्ष और पारदर्शी रहने में विफल रही। गूगल का यूरोपीय मुख्यालय में होने के कारण आयरलैंड यूरोपीय संघ में अमेरिकी प्रौद्योगिकी दिग्गज कंपनी का मुख्य नियामक है। गूगल ने एक बयान में कहा कि यह मामला पुरानी नीतियों से जुड़ा है, जिन्हें अब अपडेट किया जा चुका है। वर्ष 2019 के बाद से हमने अपनी कार्यप्रणाली में काफी सुधार किया है और ऐसे मजबूत टूल्स पेश किए हैं जिनसे लोकेशन डेटा को प्रबंधित करना आसान हो जाता है।

आरबीआई ने नीलामी से 71971 करोड़ बैंकों से निकाले



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को एक दिन की परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो नीलामी के जरिये 71,971 करोड़ रुपये की नकदी बैंकों से निकाली। बैंकों में भारी मात्रा में उपलब्ध अतिरिक्त नकदी के बीच यह कदम उठाया गया है।

परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो आरबीआई का एक मौद्रिक नीति उपाय है, जिसका उपयोग बैंकों में मौजूद अतिरिक्त नकदी को एक निश्चित अवधि के लिए निकालने के लिए किया जाता है। इसमें ब्याज दर नीलामी के जरिये तय होती है। आधिकारिक बयान के अनुसार, केंद्रीय बैंक ने 75,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 71,971 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त कीं और पूरी राशि स्वीकार कर ली। बोली 5.24 प्रतिशत की कट-ऑफ यानी ब्याज और भारांश औसत दर पर स्वीकार की गईं। आरबीआई पिछले महीने से बैंकों में उपलब्ध अतिरिक्त नकदी को निकालने और एक दिन की मुद्रा बाजार दर को रेपो दर के अनुरूप रखने के लिए परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो नीलामी आयोजित कर रहा है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 21 सितंबर तक बैंकों में करीब 4.92 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी होने का अनुमान है। केंद्रीय बैंक ने खुले बाजार परिचालन के तहत 17 सितंबर को 50,000 करोड़ रुपये और 21 सितंबर को 25,000 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियां बेचीं। खुले बाजार परिचालन के तहत बैंकों और अन्य निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने के लिए आरबीआई को भुगतान करना पड़ता है। इससे बैंकों से रुपये की अतिरिक्त नकदी निकल जाती है। केंद्रीय बैंक ने मौजूदा नकदी स्थिति को संभालने के लिए तीन चरणों में कुल एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां बेचने की घोषणा की थी। अंतिम चरण में 25,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री 28 सितंबर को होनी है।

ट्राई ने वॉयस कॉल, एसएमएस के लिए सस्ते विशेष शुल्क वाउचर जारी करने को किया अनिवार्य

नयी दिल्ली। ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों के लिए वॉयस कॉल और एसएमएस के अलग से सस्ते शुल्क वाले वाउचर जारी करना अनिवार्य कर दिया है। नए नियम के तहत इन सेवाओं के साथ डेटा यानी इंटरनेट प्लान लेने की जरूरत नहीं होगी।

दूरसंचार नियामक के इस कदम से ग्राहकों को कम लागत पर फोन में सिर्फ वॉयस कॉल और एसएमएस की सेवाएं मिल सकेंगी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से मंगलवार को जारी दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (13वां संशोधन) विनियमन, 2026 के अनुसार, दूरसंचार कंपनियों को अब 30 दिन या उससे कम वैधता वाले मौजूदा वॉयस कॉल, एसएमएस और डेटा वाले वाउचर के समान अवधि वाले केवल वॉयस कॉल और एसएमएस के लिए अलग प्लान भी उपलब्ध कराने होंगे। विनियमन में कहा गया है, सेवा प्रदाता उचित शुल्क कटौती के साथ विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीएफ) केवल वॉयस कॉल और एसएमएस के लिए उपलब्ध कराएगा। एसटीवी प्रीपेड मोबाइल ग्राहकों के लिए बूस्टर रिचार्ज की तरह काम करता है। इसके जरिये ग्राहक अतिरिक्त राशि देकर कम दरों पर अंतरराष्ट्रीय कॉल करने या मौजूदा प्लान में असीमित कॉल की सुविधा जैसी अन्य सेवाएं भी जोड़ता है।

आर्थिक वृद्धि की रफ्तार धीमी रह सकती है

नयी दिल्ली। सख्त वित्तीय स्थितियों, ऊर्जा की ऊंची कीमतों और प्रतिकूल आधार प्रभाव के कारण चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार कुछ धीरे रह सकती है। महंगाई के बढ़ते दबाव के चलते मौद्रिक नीति का मुख्य ध्यान मूल्य स्थिरता पर बना रह सकता है। वृहद आर्थिक परिदृश्य के अपने आकलन में कहा कि मजबूत घरेलू मांग, उपभोग, सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और विनिर्माण के दम पर पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी, जिससे भारत ने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत मजबूत स्थिति में की।

डीबीएस का अनुमान है कि पूरे वित्त वर्ष 2026-27 में आर्थिक वृद्धि औसतन 7.3 प्रतिशत रहेगी, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित आंकड़ों के मुताबिक यह 7.8 प्रतिशत थी। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह, ई-वे बिल, बिजली की मांग और डिजिटल भुगतान जैसे उच्च-आवृत्ति संकेतक मजबूत बने हुए हैं, जिससे संकेत मिलता है कि घरेलू आर्थिक गतिविधियां लगातार मजबूत बनी हुई हैं। हालांकि, सख्त वित्तीय स्थितियों, ऊर्जा की ऊंची लागत और आधार प्रभाव के चलते चालू वित्त वर्ष के उत्तरार्ध में वृद्धि की रफ्तार पर असर पड़ सकता है।

क्लासिक 350 सिग्नेचर व्हाइट एडिशन लॉन्च

नई दिल्ली। मिड-साईज मोटरसाईकल सेगमेंट (250सीसी-750सीसी) में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने आज 2026 क्लासिक 350 सिग्नेचर व्हाईट एडिशन पेश किया।2026 क्लासिक 350 सिग्नेचर व्हाईट एडिशन हर राईड को और अधिक बेहतर बनाने के लिए राईडर्स पर केंद्रित कई फीचर लेकर आया है राईडर एवं पिलियन के लिए प्रीमियम ब्राउन टूरिंग सीट्स। स्पोर्ट्स और आर्टिस्टिक विज्युअल इन्हांसमेंट्स, जिनमें साईड पैनल पर नया क्लासिक लोगो और फ्यूल-टैंक पर स्टेंसिल-स्टाईल डेकल शामिल है। साथ ही, दोनों तरफ आरई बैज भी दिया गया है। इसमें एक असिस्ट और स्लिपर क्लच एवं एडजस्टेबल क्लच और ब्रेक लीवर भी दिए गए हैं, जो क्लच के इस्तेमाल को ज्यादा सुगम व आसान बनाते हैं।

विपरीत परिस्थितियों से पशु स्वास्थ्य उद्यमी बनने तक: संगीता ने गढ़ी नयी राह

लखनऊ। कानपुर देहात के श्रावणखेड़ा क्षेत्र के करासा गांव की 32 वर्षीय संगीता ने आर्थिक कठिनाइयों, पारिवारिक जिम्मेदारियों और सीमित अवसरों के बावजूद आगे बढ़ने का रास्ता बनाया। आज वह अपने परिवार की आर्थिक सुरक्षा में योगदान देने के साथ-साथ एक भरोसेमंद पशु उद्यमी के रूप में सैकड़ों परिवारों को बकरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं।

14 वर्ष पहले 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद संगीता अपने ससुराल आईं। शादी के बाद उन्होंने बीए में दाखिला लिया, लेकिन आर्थिक परेशानियों के कारण दो वर्ष बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ी। पति के एक गंभीर दुर्घटना में घायल होने और करीब छह महीने तक काम न कर पाने से परिवार पर आर्थिक दबाव बढ़ गया। परिवार की मदद के लिए संगीता ने खेती और पशुपालन में हाथ बंटाना शुरू किया। बाद में उन्होंने पति के साथ पानी पुरी की दुकान भी शुरू की। दोनों की मेहनत से परिवार ने ई-रिक्शा खरीदा और अपने घर का पुनर्निर्माण कराया। इसी दौरान उन्हें दनज फाउंडेशन की आशा किरण पहल के बारे में जानकारी मिली, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और गेट्स फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त है। उनकी शिक्षा, उद्यमशीलता और आगे बढ़ने के जज्बे को देखते हुए उन्हें पशु सखी चुना गया। संगीता ने बकरी स्वास्थ्य प्रबंधन पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण पूरा किया, जिसमें निवारक डी-वॉर्मिंग, टीकाकरण और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। इसके अलावा, उन्होंने 10 से अधिक विशेष प्रशिक्षण सत्रों में भाग लेकर अपना तकनीकी ज्ञान और आत्मविश्वास मजबूत किया। मई 2024 में उन्होंने केवल 14 500 के शुरूआती निवेश से पशु उद्यमी के रूप में काम शुरू किया तब से वह अपनी पंचायत में 278 परिवारों और 600 से अधिक बकरियों को स्वास्थ्य सेवाएं दे चुकी हैं और रुपये 75,240 की आय अर्जित कर चुकी हैं इस आय से वह बच्चों की शिक्षा, घर की जरूरतों और व्यक्तिगत खर्चों में योगदान देती हैं तथा बैंक खाते में स्वतंत्र रूप से बचत करती हैं। अब उन्हें आजीविका संबंधी जरूरतों के लिए दूसरों से उधार लेने पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।

भरोसा टॉक्स इंडिया रिटायरमेंट इंडेक्स स्टडी के छठे एडिशन के नतीजे जारी

नई दिल्ली। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने आज कांतार के साथ मिलकर किए गए अपने सालाना भरोसा टॉक्स इंडिया रिटायरमेंट इंडेक्स स्टडी के छठे एडिशन (आइरिस 6.0) के नतीजे जारी किए। यह स्टडी शहरी भारत में रिटायरमेंट के बारे में सोच में आए एक बड़े बदलाव को दिखाती है अब पहले से कहीं ज्यादा भारतीय जल्दी रिटायर होना चाहते हैं और रिटायरमेंट के बारे में जल्दी सोचना भी शुरू कर रहे हैं। भरोसा टॉक्स आइरिस 6.0 से यह संदेश स्पष्ट रूप से सामने आया है कि कई भारतीयों के लिए रिटायरमेंट अभी भी एक फाइनेंशियल चुनौती है। स्टडी में सामने आया है कि जेन एक्स+ के 82 प्रतिशत लोगों को लगता है कि लगातार इनकम के लिए उन्हें काम करते रहना पड़ेगा। इस डर से एक अहम सच्चाई सामने आई है रिटायरमेंट का मतलब सिर्फ एक खास उम्र तक पहुंचना नहीं होता है, बल्कि आगे क्या करना है, यह चुनने की फाइनेंशियल आजादी भी होनी चाहिए। रिटायरमेंट को लेकर तैयारी सही हो, तो लोग अपनी मर्जी से काम करने में सक्षम बनते हैं।

पेज एक का शेष

यामी गौतम

लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। वहीं, ममूटी और कार्तिक आर्यन ने क्रमशः ब्रह्मयुगम और चंदू चैंपियन में अपने अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार साझा किया। सुमिरा रॉय द्वारा निर्देशित एवं निर्मित भंगार को सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला, जिसे रॉय ने प्राप्त किया।

संजीव श्रीवास्तव ने राष्ट्रपति से हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म समीक्षक का पुरस्कार प्राप्त किया। सच्चाना नामीदास को तमिल फिल्म महाराजा के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला, जबकि रोपाश्री वर्काडी को कन्नड़ फिल्म मिथ्या के लिए दूसरी सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। अभिषेक जैन द्वारा निर्देशित मारण को सर्वश्रेष्ठ गुजराती फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया।

तेलुगु फिल्म पुष्पाः द रूल पार्ट-02 को सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइन का पुरस्कार मिला, जबकि बंडेरेड्डी सुकुमार को इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ पटकथा का पुरस्कार दिया गया। आर कलाईवन्नन को तमिल फिल्म अमरन के लिए सर्वश्रेष्ठ संपादन का पुरस्कार मिला। मनोज मुंतशिर को फिल्म मैदान के गीत जाने दो के लिए सर्वश्रेष्ठ गीतकार का पुरस्कार मिला। बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा को भक्षक के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला।

महिला क्रिकेट

स्थिति में भी नहीं दिखी। श्रीलंका ने पावर प्ले में दो विकेट खोकर 41 रन बनाए। क्रांति गौड़ के पहले ही ओवर में श्रेयंका पाटिल ने इमेशा दुलानी का आसान कैच टपकाया। कप्तान चामरी अटापट्टू ने नंदनी शर्मा पर दो चौके जड़े लेकिन शेफाली ने तीसरे ओवर में इमेशा (03) को ऋचा के हाथों स्टंप करा दिया। चामरी ने क्रांति पर भी दो चौके मारे लेकिन शेफाली ने हसिनी परेरा (00) को पवेलियन भेजकर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया।

चामरी भी इसके बाद रन गति बढ़ाने के दबाव में दीप्ति शर्मा की गेंद को हवा में खेलकर भारती फुलमाली को आसान कैच दे बैठीं। श्रेयंका ने हर्षिता समरविक्रम (00) को अपनी ही गेंद पर लपका जबकि श्री चरणी ने हंसिमा करुणारत्ने (01) को भारती के हाथों कैच कराके नौवें ओवर में श्रीलंका का स्कोर पांच विकेट पर 49 रन कर दिया। दीप्ति ने कविशा दिलहारी (11) को अपनी ही गेंद पर लपका जबकि श्री चरणी ने काव्या कविंदी (02) को ज्षा के हाथों कैच कराके श्रीलंका को सातवां झटका दिया। श्रेयंका ने कौशिनी को बोल्ड करके मौजूदा खेलों में भारत के स्वर्ण पदक का खाता खोला। इससे पहले गत चैम्पियन भारत ने टॉस जीतने के बाद पावरप्ले का पूरा फायदा उठाया। स्मृति और शेफाली ने छह ओवर में टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 59 रन तक पहुंचाया। एशिया कप से ही शानदार फॉर्म में चल रहीं दोनों सलामी बल्लेबाजों ने 60 गेंद में 99 रन की साझेदारी करके फाइनल में टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।

यूपी में 18

को एटीएस लखनऊ से 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में सेनानायक बनाया गया है। वहीं, वंशराज सिंह यादव को सीआईडी मुख्यालय लखनऊ से 3 वाहिनी एसएसएफ प्रयागराज में सेनानायक, राजकुमार को सुरक्षा मथुरा से सतर्कता अधिष्ठान में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही प्रीतिबाला गुप्ता एटीएस लखनऊ में ही पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर रहेंगी। कमल किशोर को पुलिस मुख्यालय लखनऊ से ईओडब्ल्यू लखनऊ भेजा गया है। वहीं, देवेश कुमार शर्मा को यूपीपीसीएल मुख्यालय से खाद्य प्रकोष्ठ में पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। राहुल मिठास तकनीकी सेवाएं लखनऊ में ही बने रहेंगे। डॉ. कृष्ण गोपाल को 5वीं वाहिनी एसएसएफ सहारनपुर से पीटीसी मुरादाबाद में पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। शोएब इकबाल को एसीओ मुख्यालय लखनऊ से यातायात निदेशालय में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।

होमगार्ड

की शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) चल रही है और इसे अंतिम चरण में बताया गया है। विभाग का लक्ष्य सितंबर के अंत तक भर्ती परिणाम जारी करने का है। परिणाम घोषित होने के बाद अक्टूबर में सफल अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच और पुलिस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी है। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद नवंबर से चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने का लक्ष्य रखा गया है। डीजी होमगार्ड ध्रुवकांत ठाकुर के अनुसार नवचयनित होमगार्ड अभ्यर्थियों को करीब 90 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें होमगार्ड की जिम्मेदारियां, अनुशासन, कानून-व्यवस्था में सहयोग, आपदा एवं आपात परिस्थितियों में भूमिका के साथ हथियार संचालन और फायरिंग अभ्यास शामिल होंगे। प्रशिक्षण नवंबर में शुरू कर जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद फरवरी में नवचयनित होमगार्ड अभ्यर्थियों की फील्ड में तैनाती की तैयारी है। विभाग का कहना है कि बड़ी संख्या में होने वाली भर्ती को देखते हुए प्रशिक्षण के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पहले से की जा रही है। इसी क्रम में एसएलआर राइफल और प्रशिक्षण के लिए आवश्यक कारतूसों की खरीद प्रक्रिया शुरू की गई है।

नियुक्ति के

माध्यमिक शिक्षा से जुड़े चारों स्तंभ, सहायक अध्यापक, प्रवक्ता, प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्य को एक साथ जोड़ने वाला विशेष अवसर है। यहां 3,567 लोगों का चयन कर उनके हाथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 3,567 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं और पिछले एक सप्ताह में वह 5,297 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर चुके हैं। पिछले नौ वर्ष में 9.5 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। हमने सैफई सिंडिकेट से कहा है कि हम नियुक्ति पत्र देते जाएंगे, वे गिनते जाएं। सीएम ने तंज कसा कि यदि गिनती नहीं आती हो तो शिवपाल के सानिध्य में बैठ जाएं, बहुत अच्छी गिनती सीख जाएंगे। मुख्यमंत्री ने हाल में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले एक नौजवान के इंटरव्यू का उल्लेख किया।

यूपी में

सुरक्षित कर छोटे से छोटे साक्ष्य की पहचान के जरिए जांच को मजबूत आधार मिलेगा। इसके साथ ही अपराधियों के खिलाफ तेजी से सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ में 32 अधिकारियों को मास्टर ट्रेनिंग के जरिए विशेष रूप से तैयार कर रहा है। प्रशिक्षण में कृत्रिम घटनास्थल तैयार कर अधिकारियों की व्यावहारिक दक्षता भी परखी जाएगी। छह बैच में 100-100 पुलिस अधिकारियों को पहले ही 40 दिन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इन अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित किया। अब इन्हीं प्रशिक्षित अधिकारियों में से चयनित टॉप 32 अफसरों को फॉरेंसिक और क्राइम सीन मैनेजमेंट में विशेषज्ञता के अगले स्तर तक ले जाया जा रहा है।

पूर्वांचल में

में विश्व बैंक के प्रैक्टिस मैनेजर हून सोह, प्रमुख अर्थशास्त्री एवं राजकोषीय नीति विशेषज्ञ ऑरेलियन क्राउस, वरिष्ठ अर्थशास्त्री विंसेंट बेलिंगा और वरिष्ठ विशेषज्ञ नेहा गुप्ता शामिल हुईं। बैठक में बताया गया कि यूपी-एज परियोजना के लिए पूर्वांचल के 28 जिलों को चिन्हित किया गया है। बुंदेलखंड के सात जिलों को भी इसमें शामिल किए जाने की संभावना है। करीब 2500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली यह परियोजना पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रस्तावित है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की करीब 40 प्रतिशत आबादी पूर्वांचल में रहती है, जबकि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 27.6 प्रतिशत है।

राज्यसभा की

कुल संख्या में एक सीट का इजाफा होने की संभावना है। पश्चिम बंगाल की एकमात्र सीट भाजपा के खाते में जाने की संभावना है। यह सीट अभिनेत्री रुक्मिणी मलिक के इस्तीफे के



भारत ने जापान को हराया

टीम इंडिया 41वीं रैंक के जापान से हारते-हारते बची:5-5 ओवर के मैच में भारत ने बनाये 32 रन, सिर्फ 2 रन से मिली जीत

एजेंसी



सानो (जापान)। ईशान किशन और अभिषेक शर्मा जापान के ओपनर लचलान यामामोटो-लेक का विकेट सेलिब्रेट करते हुए। लगातार दो बार की टी-20 वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया मंगलवार को 41वीं रैंकिंग वाले जापान के खिलाफ हारते-हारते बची। एशियन गेम्स में मेंस क्रिकेट मुकाबले शुरू होने से पहले भारत और जापान के बीच यह मुकाबला रखा गया था। जापान के सानो इंटरनेशनल ग्राउंड पर बारिश के कारण मुकाबला 5-5 ओवर का कर दिया गया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 4 विकेट पर 32 रन बनाए। जवाब में जापान 5 ओवर में 3 विकेट खोकर 30 रन ही बना सका।

जापानी टीम को आखिरी ओवर में 8 रन की जरूरत थी, लेकिन भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल ने 5 रन ही दिए। इस जीत के साथ भारत कउउ टी-20 टीम रैंकिंग में इंग्लैंड को पीछे छोड़कर फिर से नंबर-1 बन गया है। बारिश के कारण मैच ढाई घंटे की देरी से शुरू हुआ। इसलिए ओवर्स में कटौती की गई। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने सबसे ज्यादा 16 रन बनाए। ओपनर अभिषेक शर्मा जीरो, संजू सैमसन 9 रन और ईशान किशन 3 रन पर आउट हुए। इस मुकाबले का आयोजन दोनों देशों के डिप्लोमेटिक रिलेशन के 75 साल पूरे होने के अवसर पर किया जा रहा है। यह टीम इंडिया का 5-5 ओवर का पहला मैच है। आमतौर पर बारिश के कारण मैच के ओवर कम किए जाते हैं। हालांकि, टी-20 इंटरनेशनल में 5-5 ओवर से कम का मैच नहीं खेला जा सकता। इससे पहले भारत 9-9 और 11-11 ओवर के मैच खेल चुका है। भारत टी-20 इंटरनेशनल में 200 जीत दर्ज करने वाली पहली टीम बन गई है।

इसमें सुपर ओवर से मिली जीत भी शामिल हैं। भारत ने यह उपलब्धि जापान के खिलाफ सानो में 2 रन की जीत के साथ हासिल की। जापान को आखिरी बॉल पर चौके की जरूरत थी। लेकिन एलेक्स शिराई-पैटमोर रन नहीं ले सके। हालांकि, टीम को बाई का रन मिला। जापान को जीत के लिए आखिरी ओवर में 8 रन की जरूरत है। जबकि, भारतीय टीम को 7 विकेट चटकाने हैं। जोकि असंभव है। चौथे ओवर में जापान ने तीसरा विकेट गंवा दिया। वॉशिंगटन सुंदर ने केंडल काडोवाकी-फ्लेमिंग को आउट कर जापान को दूसरा झटका दिया। ऑफ ब्रेक गेंद पर केंडल ने आगे बढ़कर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद शॉर्ट थर्ड मैन की ओर चली गई। यश ठाकुर ने सुरक्षित कैच लपक लिया। केंडल 12 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में एक चौका शामिल रहा। दूसरे ओवर में जापान ने दूसरा विकेट गंवाया। चौथी बॉल पर वॉशिंगटन सुंदर ने इब्राहिम ताकाहाशी को रवि बिश्नोई के हाथों कैच कराया। सुंदर को पहला विकेट मिला। 33 रन का टारगेट चेज कर रही जापान की टीम ने पहले ओवर में विकेट गंवाया। लचलान यामामोटो-लेक ने शॉर्ट गेंद को स्क्वायर लेग की ओर खेलकर एक रन पूरा किया, लेकिन डीप से ईशान किशन के सटीक थ्रो ने उन्हें क्रीज से बाहर कर दिया। लाचलान 4 गेंदों में 1 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने 5वें ओवर में चौथा विकेट भी गंवाया। यहां पर कप्तान श्रेयस अय्यर 16 रन बनाकर आउट हुए।

भारतीय टीम ने लगातार तीसरे ओवर में विकेट गंवाया। इस पर ईशान किशन कैच आउट हुए। वे 3 रन ही बना सके। 3 ओवर के बाद भारत का स्कोर 14/3 है। भारत ने एक और विकेट गंवा दिया है। यहां टीम इंडिया का स्कोर 9 रन पर 2 विकेट हो गए हैं। अभिषेक शर्मा के बाद संजू सैमसन 9 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय टीम ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। यहां पर अभिषेक शर्मा कैच आउट हो गए। वे अपना खाता भी नहीं खोल सके। इससे पहले संजू सैमसन ने एक चौका लगाया। भारत-जापान मैच शुरू होने से पहले वंदे मातरम गाया गया। उसके बाद राष्ट्रगान जन गण मन हुआ। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। वे 5-5 ओवर के टी-20 इंटरनेशनल में पहले बल्लेबाजी चुनने वाले किसी फुल मेंबर टीम के पहले कप्तान बन गए हैं। अय्यर ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह जापान आकर भारत की कप्तानी करेंगे। यह मुकाबला एशियन गेम्स की तैयारी के लिहाज से अहम है।

स्मृति के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक जीता



निशिन (जापान)। स्मृति मंधाना और ज चा घोष की तूफानी पारियों के बाद स्पिनरों के फिरकी के जादू से गत चैंपियन भारत ने एशियाई खेलों की महिला टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में मंगलवार को यहां श्रीलंका को 147 रन से रौंदकर स्वर्ण पदक जीता जो मौजूदा खेलों में देश का सोने का पहला तमगा है। भारत के 217 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम दीप्ति शर्मा (छह रन पर तीन विकेट), शेफाली वर्मा (तीन रन पर दो विकेट), श्रेयंका पाटिल (नौ रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (13 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने 15.4 ओवर में सिर्फ 69 रन पर ढेर हो गई। श्रीलंका की ओर से कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक 29 रन बनाए जबकि उनके अलावा सिर्फ कौशिनी नुथ्यांगना (14) और कविशा दिलहारी (11) ही दोहरे अंक में पहुंच सकी। भारत ने इसी महीने श्रीलंका को ही हराकर एशिया कप का खिताब भी जीता था।

भारत ने इससे पहले स्मृति (45 गेंद में 79 रन, सात छक्के, पांच चौके) के अर्धशतक और शेफाली (48 रन, 29 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ उनकी पहले विकेट की 99 रन की तेजतार साझेदारी की बदौलत तीन विकेट पर 216 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ज चा घोष (22 गेंद में नाबाद 49 रन, छह चौके, तीन छक्के) ने डेथ ओवरों में तूफानी बल्लेबाजी करते हुए भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका को रजत पदक मिला जबकि पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 31 रन से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद आधिकारिक प्रसारक से कहा, टूर्नामेंट से पहले हमने अजेय रहने और अपने लिए तय किए गए ऊंचे मानकों के अनुरूप खेलने की बात की थी। यह देखकर बहुत संतोष होता है कि प्रत्येक सदस्य हर मैच में इतने सकारात्मक नजरिए के साथ उतर रहा है। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर अनुभव और नई प्रतिभा के बीच संतुलन बिल्कुल सही रहा और जब जरूरत पड़ी तब सभी ने अपना योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। श्रीलंका ने पावर प्ले में दो विकेट खोकर 41 रन बनाए। क्रांति गौड़ के पहले ही ओवर में श्रेयंका पाटिल ने इमेशा दुलानी का आसान कैच टपकाया। कप्तान चामरी अटापट्टू ने नंदनी शर्मा पर दो चौके जड़े लेकिन शेफाली ने तीसरे ओवर में इमेशा (03) को ज चा के हाथों स्टंप करा दिया। चामरी ने क्रांति पर भी दो चौके मारे लेकिन शेफाली ने हसिनी परेरा (00) को पवेलियन भेजकर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। चामरी भी इसके बाद रन गति बढ़ाने के दबाव में दीप्ति शर्मा की गेंद को हवा में खेलकर भारती फुलमाली को आसान कैच दे बैठीं। श्रेयंका ने हर्षिता समरविक्रम (00) को अपनी ही गेंद पर लपका जबकि श्री चरणी ने हंसिमा करुणारत्ने (01) को भारती के हाथों कैच कराके नौवें ओवर में श्रीलंका का स्कोर पांच विकेट पर 49 रन कर दिया।

दीप्ति ने कविशा दिलहारी (11) को अपनी ही गेंद पर लपका जबकि श्री चरणी ने काव्या कविंदी (02) को ज षा के हाथों कैच कराके श्रीलंका को सातवां झटका दिया। श्रेयंका ने कौशिनी को बोल्ड करके मौजूदा खेलों में भारत के स्वर्ण पदक का खाता खोला। इससे पहले गत चैम्पियन भारत ने टॉस जीतने के बाद पावरप्ले का पूरा फायदा उठाया। स्मृति और शेफाली ने छह ओवर में टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 59 रन तक पहुंचाया। एशिया कप से ही शानदार फॉर्म में चल रहीं दोनों सलामी बल्लेबाजों ने 60 गेंद में 99 रन की साझेदारी करके फाइनल में टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। भारत को रोकने के लिए कुछ विशेष करने की जरूरत थी लेकिन श्रीलंकाई टीम की गेंदबाजी में साधारण नजर आई और उसने भारतीय सलामी बल्लेबाजों को अपनी शर्तों पर खेलने दिया।



संक्षेप

कोरिया को हराकर भारत शीर्ष स्थान पर

नागोया। गत चैम्पियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों के ग्रुप ए के मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 63-31 से करारी शिकस्त देकर अपना दबदबा कायम रखा। यह भारत की लगातार दूसरी जीत है और टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर बनी हुई है। भारत अब बुधवार को बांग्लादेश से भिड़ेगा जबकि ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में बृहस्पतिवार को चीनी ताइपे का सामना करेगा। भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और मध्यांतर तक 34-14 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में भी भारत ने 29-17 से बढ़त बनाते हुए मैच अपने नाम किया। भारत ने सफल रेड से 38 अंक, 17 बोनस अंक, ऑलआउट से छह अंक और सुपर टैकल से दो अंक हासिल किए। कोरिया ने भारतीय खिलाड़ियों को आउट करके 23 अंक और बोनस से आठ अंक जुटाए।

जय मीणा सॉफ्ट टेनिस के क्वार्टर फाइनल में

नागोया। भारत के जय मीणा मंगलवार को एशियाई खेलों में सॉफ्ट टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। जय ने ग्रुप डी में पाकिस्तान के अराइन हुसैन को 4-0 से हराया। क्वार्टर फाइनल में अब उनका मुकाबला फिलीपींस के शेरविन नुगुइट से होगा। आर्यन ठाकुर ने मंगोलिया के अल्टांगेरल बोल्ड-एर्डेने पर 4-0 (4-1, 4-1, 4-0, 4-1) से जीत दर्ज की, लेकिन हिगाशियामा पार्क टेनिस सेंटर में चीनी ताइपे के चेन पो-यी से 0-4 से हार गए। आध्या तिवारी ने महिला एकल में पाकिस्तान की कायनात शलवानी को 4-0 (4-2, 5-3, 4-1, 5-3) से हराया। उन्हें इससे पहले ग्रुप डी के अपने शुरुआती मैच में थाईलैंड की अलीशा जिग्लर से 1-4 (4-1, 0-4, 0-4, 2-4, 4-6) से हार का सामना करना पड़ा था।

भारत को ई-फुटबॉल में वॉकओवर मिला

आइची (जापान)। भारत ने मंगलवार को एशियाई खेलों की ई-स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में ग्रुप एफ के मैच में मंगोलिया के खिलाफ वॉक ओवर और उज्बेकिस्तान के साथ 0-0 से ड्रॉ के साथ अपने ई-फुटबॉल अभियान की अच्छी शुरुआत की। डैनियल पटेल और चिन्मय साहू वाली भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान के अबूबाकिर इमिनजोनोव और फ़ुख मिर्खामितोव की जोड़ी के खिलाफ गोल-रहित ड्रॉ खेला। हालांकि अपने दूसरे मैच में भारत को मंगोलियाई टीम (मुंख-ओचिर बटमनलाई और खानतामिर मुंख-ओर्गिल) से वॉकओवर मिला।

साक्षी ने ओलंपिक पदक विजेता को हराया

एजेंसी



निशियो (जापान)। भारतीय मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने मंगलवार को एशियाई खेलों में महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता फिलीपींस की ऐरा विलेगास को 5-0 से हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में

जादुमणि भी जीते

प्रवेश किया जबकि पुरुष वर्ग में जादुमणि सिंह (55 किलोग्राम) भी आगे बढ़ने में सफल रहे।

भिवानी की 26 वर्षीय मुक्केबाज साक्षी ने अपनी लंबाई और अच्छी पहुंच का फायदा उठाते हुए शुरुआत से ही विलेगास को दूर रखा और उन्हें हावी नहीं होने दिया। जादुमणि ने भी नेपाल के चंद्र बहादुर थापा पर 5-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और अंतिम 16 में जगह बनाई जहां उनका सामना फिलिपींस के तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता कार्लो पालाम से होगा। साक्षी जल्दी ही हावी हो गई। भारतीय मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में तेजी दिखाई और मुक्कों की बौछार कर दी। इस दौरान विलेगास उनकी गति और फुर्ती का मुकाबला करने के लिए संघर्ष कर रही थी। फिलिपींस की बाएं हाथ की मुक्केबाज ने इस बीच जवाबी हमले भी किए और कुछ जोरदार हुक लगाए लेकिन यह पर्याप्त नहीं थे क्योंकि सभी पांचों जजों ने साक्षी को हर राउंड में पूरे 10 अंक दिए।

साक्षी ने इस तरह से 51 किलोग्राम वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। वह मई में 54 किलोग्राम वर्ग से नीचे आई और उन्होंने चयन ट्रायल में दो बार की विश्व चैंपियन और पिछली बार की कांस्य पदक विजेता निकहत ज़रीन को हराया। पूर्व जूनियर और युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता जादुमणि ने थापा के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया।

इलावेनिल-पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम के फाइनल में जगह बनाई

नागोया। भारतीय निशानेबाज इलावेनिल वलारिवन और पार्थ माने की जोड़ी ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। इलावेनिल और पार्थ ने 634.6 अंक के स्कोर से शीर्ष चार में जगह बनाई और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। चीन की वांग झीफेई और शेंग लिहाओ की जोड़ी 638.9 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही। यह क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड स्कोर है। दक्षिण कोरिया की बान ह्योजिन और पार्क हाजुन 633.2 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहे। वियतनाम की थान थाओ फी और टैम क्वांग एनगुयेन ने 631 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों के टेबल टेनिस क्वार्टर फाइनल में

टोयोटा (जापान)। भारतीय महिला टीम ने एशियाई खेलों में टेबल टेनिस प्रतियोगिता में थाईलैंड को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की लेकिन भारतीय पुरुष टीम मंगलवार को दक्षिण कोरिया से हारकर बाहर हो गई। भारतीय महिला टीम ने यहां स्काई हॉल में थाईलैंड को 3-2 से हराया, लेकिन पुरुष टीम 0-3 से हार गई।

यह ग्रुप चरण में ईशान के खिलाफ हार के बाद टीम की दूसरी शिकस्त थी। महिलाओं के मुकाबले में श्रीजा अकुला को थाईलैंड की ओरावन परानंग से 2-3 (11-7, 11-1, 9-11, 6-11, 12-10) से हार का सामना करना पड़ा। दूसरा मैच भी पांच गेम तक चला जिसमें यशस्वी घोरपड़े ने अपनी प्रतिद्वंद्वी सुथासिनी सावेत्ताबुत को 3-2 (11-5, 5-11, 7-11, 11-9, 11-9) से हरा कर स्कोर 1-1 कर दिया।

दीया चितले को हालांकि जिन्निपा सावेत्ताबुत से हार का सामना करना पड़ा। उनकी 2-3 (7-11, 11-5, 11-7, 7-11, 11-13) की हार से थाईलैंड ने एक बार फिर बढ़त कायम कर ली।

यशस्वी ने चौथे मैच में परानंग पर 3-0 (11-5, 11-8, 11-9) की शानदार जीत के साथ भारत की वापसी कराई, जबकि श्रीजा ने पांचवें मैच में वापसी करते हुए तीन गेम जीते और सुथासिनी के खिलाफ अपना मैच 3-1 (9-11, 11-6, 12-10, 11-8) से जीत कर भारत को अंतिम आठ में पहुंचा दिया।

भारत ए ने बनाये पांच विकेट पर 257 रन

एजेंसी



पुडुचेरी। टेस्ट बल्लेबाज साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र और तनुष कोटियान के शानदार अर्धशतकों की बदौलत भारत ए ने शुरुआती झटकों के बावजूद मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शुरूआती चार दिवसीय मैच के पहले दिन पांच विकेट पर 257 रन बना लिए। कोटियान (नाबाद 68 रन) ने कुशाग्र (82 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 138 रन जोड़े।

दिन का खेल खत्म होने तक कोटियान के साथ शम्स मुलानी 10 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। सुदर्शन ने चोट के कारण एक महीने से ज्यादा समय तक बाहर रहने के बाद शानदार वापसी करते हुए 103 गेंदों में 57 रन बनाए। एक समय मेजबान टीम पांच विकेट पर 97 रन के स्कोर पर मुश्किल में थी। लेकिन इसके बाद नियमित खिलाड़ी कोटियान और कुशाग्र ने टीम को संभाला।

अच्छी फॉर्म में चल रहे कुशाग्र ने हाल में चेन्नई में दलीप ट्रॉफी फाइनल में पूर्वी क्षेत्र के लिए शतक लगाया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना किया जिसमें टेस्ट गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट और टॉड मर्फी शामिल थे। झारखंड के बल्लेबाज ने 103 गेंद अर्धशतक पूरा किया। हालांकि वह शतक नहीं बना पाए क्योंकि उन्हें खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। लेकिन 90 गेंद में अर्धशतक पूरा करने वाले कोटियान दिन के अंत तक डटे रहे।

कोटियान और कुशाग्र के मुश्किल से उबारने से पहले घरेलू टीम सुदर्शन के अर्धशतक के दम पर आगे बढ़ी। सलामी बल्लेबाज सुदर्शन पैर की उंगली में चोट के कारण श्रीलंका के हालिया टेस्ट दौरे और दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पारी की अच्छी शुरुआत करते हुए 85 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। यह उनका एक महीने से भी ज्यादा समय बाद पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला था।

उत्तर प्रदेश की अनन्या, शताक्षी व शगुन एकल क्वार्टर फाइनल में

खेल संवाददाता

लखनऊ। तीसरी वरीय उत्तर प्रदेश की अनन्या, चौथी वरीय शताक्षी एवं पांचवीं वरीय शगुन ने 25वीं आरएस सागर मेमोरियल ऑल इंडिया महिला प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में जीत के साथ एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दिल्ली की रेहा ने वरीय खिलाड़ी के खिलाफ उलटफेर भरी जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूर्नामेंट में मंगलवार को एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में यूपी की सौमित्रा, मिराया व इरम को हार का सामना करना पड़ा। चौथी वरीय शताक्षी चौधरी ने उत्तर प्रदेश की ही सौमित्रा को 7-6(5), 6-2 से हराया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और मुकाबला टाईब्रेक तक खिंचा। शताक्षी ने टाईब्रेक में जीत दर्ज करते हुए पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में उन्होंने शुरूआत से ही बेहतर खेल दिखाते हुए उम्दा स्ट्रोक लगाए और जीत से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरी वरीय उत्तर प्रदेश की अनन्या जैन ने इरम जैदी को आसानी से 6-0, 6-1 से हराया।

25वीं आरएस सागर मेमोरियल ऑल इंडिया महिला प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट

बैडमिंटन : भारतीय पुरुष टीम का पदक पक्का

एजेंसी



नागोया। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने मंगलवार को यहां क्वार्टरफाइनल में जापान को 3-0 से हराकर पदक पक्का कर दिया जबकि महिला टीम को मेजबान टीम से 1-3 से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गई। भारतीय पुरुष टीम ने पिछले चरण में रजत पदक जीता था। उसके लिए लक्ष्य सेन ने वापसी करते हुए शानदार जीत हासिल की, उनके अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी और आयुष शेट्टी की जीत ने टीम को सफलता दिलाई।

अब बुधवार को सेमीफाइनल में भारत का सामना मौजूदा चैंपियन चीन और कोरिया के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। एशियाड से पहले लगातार कुछ टूर्नामेंट में शुरूआती दौर से बाहर होने के कारण सेन का मनोबल थोड़ा गिरा हुआ था, उन्होंने पहला गेम गंवाकर शुरुआत की और निर्णायक गेम में 14-19 से पिछड़ने के बाद हार की कगार पर थे। लेकिन अल्मोड़ा के 25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी काबिलियत के बूते लगातार सात अंक हासिल कर दुनिया के सातवें नंबर और दो बार के विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता कोडाई नाराओका को 11-21, 21-5, 21-19 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। इस सत्र में दो खिताब जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पूर्व विश्व चैंपियन होकी ताकुरो और कोबायाशी युगो की जोड़ी को 21-18, 24-22 से हराकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी।

इसके बाद इस साल बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के 16वें नंबर के कोकी वातानाबे को 21-10, 21-19 से हराने के साथ मुकाबला और भारत का पदक पक्का कर दिया।

हॉकी : भारत ने श्रीलंका को 16-1 से हराया

एजेंसी



काकामिगहारा (जापान)। ड्रैग-फ्लिकर जुगराज सिंह के साथ स्ट्राइकर अभिषेक और दिलप्रीत सिंह की हैट्रिक से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों में अपने दूसरे पूल ए मैच में कमजोर श्रीलंका को 16-1 से करारी शिकस्त दी। भारत ने इससे पहले इंडोनेशिया को 13-1 से हराया था। जुगराज (10वें, 22वें, 42वें और 53वें मिनट) ने चार गोल किए जबकि अभिषेक (11वें, 17वें, 49वें मिनट) और दिलप्रीत (30वें, 38वें, 55वें मिनट) ने तीन-तीन मैदानी गोल किए।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह (16वें, 45वें मिनट), मनदीप सिंह (5वें मिनट), सुखजीत सिंह (29वें मिनट), मनप्रीत सिंह (31वें मिनट) और विवेक सागर प्रसाद (36वें मिनट) ने भी गोल किए। श्रीलंका का एकमात्र गोल सुरेश रत्नायके ने 50वें मिनट में किया जो एशियाई खेलों के इतिहास में भारत के खिलाफ उनका पहला गोल था। भारत अब अगले मुकाबले में बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया से खेलेगा। उम्मीद के मुताबिक भारतीय टीम शुरुआत से ही हावी रही और उसने कमजोर मानी जा रही श्रीलंकाई टीम के खिलाफ खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। भारत को पहला गोल करने के लिए पांच मिनट लगे जब मनदीप ने अभिषेक की मदद से गोल किया। इसके लगभग पांच मिनट बाद जुगराज ने जबरदस्त ड्रैग-फ्लिक के जरिए गोल करके भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया।

एक मिनट बाद अभिषेक ने शानदार मैदानी गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। कप्तान हरमनप्रीत भी पीछे नहीं रहे और उन्होंने 16वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। अभिषेक ने एक मिनट बाद एक और मैदानी गोल करके दिन का अपना दूसरा गोल किया। जुगराज ने ड्रैग-फ्लिकर के तौर पर अपना दबदबा बनाते हुए 22वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 6-0 से आगे कर दिया। सुखजीत ने भी स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया, उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर से शुरुआती कोशिश के नाकाम रहने के बाद उप-कप्तान हार्दिक सिंह से मिले पास पर गोल कर दिया।

दिलप्रीत ने मनदीप के पास को चालाकी से डिफ्लेक्ट करके पहले हाफ तक भारत का स्कोर 8-0 कर दिया। दूसरे हाफ के एक मिनट बाद मनप्रीत ने एक और बेहरतीन मैदानी गोल कर स्कोर में इजाफा किया। इसके पांच मिनट बाद विवेक ने रिवर्स शॉट से गोल किया और फिर दिलप्रीत ने सुखजीत के साथ शानदार तालमेल से श्रीलंकाई डिफेंस को भेदते हुए दिन का अपना दूसरा गोल किया। जुगराज ने पेनल्टी स्ट्रोक को बखूबी गोल में बदलकर अपनी हैट्रिक पूरी की और हरमनप्रीत ने तीसरे क्वार्टर के आखिर में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 13-0 कर दिया। अभिषेक ने जल्द ही बैक ऑफ द स्टिक से शानदार गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की।

हर मतभेद की शुरुआत मुकदमेबाजी से न हो : सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कंपनियों से हर मतभेद को अदालत में ले जाने से बचने और कंपनी संचालन व्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान देने का आग्रह किया। सीतारमण ने यहां एआईएमए (ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन) के एक कार्यक्रम में कहा कि अच्छा कंपनी संचालन केवल बाहरी नियमों को अपनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन मानकों पर भी निर्भर करता है जिन्हें संस्थान खुद के लिए तय करते हैं। सीतारमण ने कहा कि कारोबार क्षेत्रों के बीच भरोसा मांगा नहीं जा सकता, बल्कि दोनों पक्षों के आचरण से उसे बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कंपनियों को सरकार और नियामकों के साथ रचनात्मक तरीके से बातचीत करनी चाहिए। कानूनी रास्ता हमेशा उपलब्ध रहेगा, लेकिन हर असहमति की शुरुआत कानूनी विवाद से नहीं होनी चाहिए। मतभेद विवाद का रूप लें, इससे पहले तथ्यों को सामने रखकर, परामर्श प्रक्रिया में गंभीरता से भाग लेकर और समाधान की दिशा में काम करके शुरुआती स्तर पर बातचीत करना काफी महत्वपूर्ण है। सीतारमण ने कहा कि इसके साथ ही कंपनियों को अपने कामकाज में निश्चितता, पारदर्शिता और दूसरों की बात सुनने की इच्छा दिखानी चाहिए। एक परिपक्व अर्थव्यवस्था में असहमति को तुरंत टकराव में बदले बिना उससे निपटने की क्षमता होनी चाहिए। वित्त मंत्री ने भारतीय उद्योग जगत से केवल कारोबार का विस्तार करने के बजाय मजबूत, टिकाऊ और बेहतर संचालन वाली कंपनियां बनाने पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए उद्योग को इस दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग को ऐसे संस्थान और कंपनियां बनानी चाहिए, जिनमें बड़े पैमाने के साथ टिकाऊपन, बेहतर गुणवत्ता, अच्छा संचालन और मजबूत प्रौद्योगिकी क्षमता हो। सीतारमण ने कहा कि भारत के पास आज बड़े बाजार का आकार, उद्यमिता का उत्साह और संस्थागत क्षमता है, जिससे वह कहीं अधिक ऊंचे लक्ष्य तय कर सकता है। इन क्षमताओं को देश की दीर्घकालिक क्षमता में कितनी सफलता से बदला जाता है, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि योजनाओं और कार्यों को कितनी प्रभावी ढंग से अमल में लाया जाता है। उन्होंने कहा कि देश के विकसित भारत की ओर बढ़ने के साथ आज बनाए जा रहे उद्यमों और संस्थानों की गुणवत्ता से भारतीय प्रबंधन के योगदान को आंका जाएगा। वित्त मंत्री ने उद्योग जगत से ऐसी कंपनियां बनाने पर ध्यान देने को कहा जो केवल बड़ी न हों, बल्कि प्रतिस्पर्धी, नवोन्मेषी, भरोसेमंद और मजबूत भी हों, ताकि आने वाले दशकों में भारत की आर्थिक वृद्धि में योगदान दे सकें। उन्होंने देश की वृद्धि के अगले चरण में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि कंपनियों को अनुसंधान एवं विकास पर अधिक खर्च करना चाहिए। इसके लिए वे अपने स्तर पर अनुसंधान करने के साथ शैक्षणिक संस्थानों के साथ भी सहयोग कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इससे नवोन्मेष को बढ़ावा देने और मौजूदा उत्पादों में सुधार करने में मदद मिलेगी। साथ ही, अनुसंधान एवं विकास पर अधिक खर्च का परिणाम भारत में और भारत से अधिक बौद्धिक संपदा के सृजन के रूप में भी सामने आना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत में विनिर्मित से आगे बढ़कर भारत में विकसित उत्पादों का होना चाहिए। ऐसे उत्पाद जो केवल यहां बनाए न जाएं, बल्कि उनकी कल्पना, डिजाइन और तकनीकी विकास भी यहीं हो तथा उन्हें दुनिया के बाजारों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत का सकल अनुसंधान एवं विकास व्यय जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 0.83 प्रतिशत है। यह आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के औसत 2.7 प्रतिशत, चीन के 2.6 प्रतिशत और अमेरिका के 3.5 प्रतिशत से काफी कम है।

जल सुरक्षा से जन सुरक्षा व राष्ट्र सुरक्षा सुनिश्चित होगी: उपराष्ट्रपति

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने जल के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण और बढ़ती आबादी से उत्पन्न चुनौतियों के बीच नदी बेसिन प्रबंधन, भूजल पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन और सिंचाई के कुशल इस्तेमाल को शामिल करने वाला एकीकृत दृष्टिकोण बेहद महत्वपूर्ण है।



संक्षेप

दुनिया भर से चावल की 200 किस्में

नयी दिल्ली। भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन (बीआईआरसी) में दुनिया भर से व्यावसायिक महत्व वाली चावल की लगभग 200 किस्मों को प्रदर्शित किया जा रहा है। अपनी तरह का यह पहला वैश्विक संग्रह अगले महीने नयी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इससे अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को एक ही स्थान पर विभिन्न किस्मों के चावल की तुलना करने और संभावित आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करने में मदद मिलेगी। आयोजकों ने एक बयान में बताया कि 23 से 25 अक्टूबर तक भारत मंडपम में प्रदर्शित किए जाने वाले इस वैश्विक चावल संग्रह में इटली के आर्बोरियो, थाईलैंड के जैस्मीन व ग्लूटीनस आरडी6 और जापान के सुशी चावल से लेकर भारत के बासमती, सुगंधित पारंपरिक अनाज, काले तथा लाल चावल और क्षेत्रीय विशिष्ट किस्में शामिल होंगी। इस प्रदर्शनी का मकसद चावल को केवल एक व्यापारिक जिंस के रूप में ही नहीं, बल्कि भूगोल, जैव विविधता, खान-पान की परंपराओं और खेती के तौर-तरीकों से जुड़े उत्पाद के रूप में पेश करना है। भारत की व्यावसायिक पेशकशों में पूसा बासमती, सुगंधा और शरबती सहित बासमती की विभिन्न किस्में शामिल होंगी। इसके अलावा गैर-बासमती किस्में जैसे पीआर-11, पीआर-14, परमल और सोना मसूरी को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस संग्रह में क्षेत्रीय और पारंपरिक किस्में भी शामिल होंगी।

सितंबर के अंत तक खाली कराये जायेंगे शास्त्री और कृषि भवन, नये कर्तव्य भवन परिसर बनेंगे

नयी दिल्ली। लुटियन्स दिल्ली की दो अहम इमारतों - शास्त्री भवन और कृषि भवन को गिराने का काम जल्द शुरू किया जाएगा, जिनमें दशकों तक कई अहम मंत्रालयों का कामकाज होता रहा है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने सितंबर के आखिर तक इन इमारतों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत बन रहे नए सरकारी कार्यालय परिसर के तहत बनाए जा रहे कर्तव्य भवन 4 और 5 इन दो पुरानी इमारतों की जगह लेंगे। 1956 और 1968 के बीच बनी ये पुरानी इमारतें केंद्र सरकार के मंत्रालयों के लिए प्रशासनिक केंद्र के रूप में काम करती रही हैं। सीपीडब्ल्यूडी के 16 सितंबर के एक पत्राचार के मुताबिक, प्रस्तावित नए कर्तव्य भवनों के निर्माण के लिए टेंडर दे दिया गया है। प्रस्तावित इमारतें मौजूदा शास्त्री भवन और कृषि भवन की जगह पर ही बनेंगी, इसलिए सितंबर 2026 के आखिर तक इस स्थान को सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना को संचालित कर रही एजेंसी को सौंपना ज़रूरी है। इसमें कहा गया है, क्रियान्वयन एजेंसी को समय पर जगह सौंपने और तय समय के अनुसार निर्माण कार्य शुरू करने के लिए यह ज़रूरी है। इसलिए, मौजूदा शास्त्री भवन और कृषि भवन परिसर को तय समय के भीतर खाली करने और सौंपने के लिए प्राथमिकता के आधार पर ज़रूरी कदम उठाने का अनुरोध किया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नाम पर बने सात मंजिला शास्त्री भवन में दशकों तक शिक्षा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, और कोयला मंत्रालयों सहित कई मंत्रालयों और विभागों का कामकाज होता रहा है। वहीं, कृषि भवन में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के दफ्तर रहे। पिछले कुछ महीनों में, कई मंत्रालयों और विभागों ने इन दो इमारतों को छोड़ दिया है।

बांग्लादेश ने सात माह में 3 बार बढ़ायीं ईंधन की कीमतें

ढाका। बांग्लादेश ने सभी प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों के दाम 20 टका प्रति लीटर (करीब 15 रुपये) बढ़ा दिए हैं। यहां सात महीने में तीसरी बार ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है और फरवरी से अबतक खुदरा ईंधन कीमतों में अधिकतम 38.4 प्रतिशत तक वृद्धि हो चुकी है। ऊर्जा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि नयी कीमतें सोमवार से प्रभावी हो गई हैं। मंत्रालय ने कीमतों में बढ़ोतरी को सही ठहराते हुए कहा कि मार्च से वैश्विक ईंधन कीमतें दोगुनी से अधिक हो गई हैं, जबकि क्षेत्रीय अस्थिरता के कारण माल ढुलाई लागत में भी काफी वृद्धि हुई है। ईंधन की कीमतों में इस बार की गई बढ़ोतरी से पहले अप्रैल और जून में भी दाम में वृद्धि की गई थी और यह सभी बढ़ोतरी देश में 12 फरवरी को हुए चुनावों के बाद हुई हैं। इस चुनाव में तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) सत्ता में आई थी।

नयी दरों के तहत डीजल की कीमत 17.4 प्रतिशत बढ़कर 135 टका प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 115 टका थी। वहीं ऑक्टेन की कीमत 145 टका से बढ़कर 165 टका, पेट्रोल की कीमत 140 टका से बढ़कर 160 टका और मिट्टी के तेल (केरोसिन) की कीमत 135 टका से बढ़कर 155 टका प्रति लीटर हो गई है। बीएनपी नेताओं ने वैश्विक ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी का हवाला देते हुए इस फैसले का बचाव किया। पार्टी के कार्यवाहक महासचिव एवं प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सलाहकार रुहुल कबीर रिजवी ने कहा कि सरकार को अब भी डीजल पर प्रति लीटर 70 टका का नुकसान उठाना पड़ेगा।

टाटा समूह के विवाद में नोएल टाटा के समर्थन में आये शरद पवार

मुंबई। टाटा संस और टाटा ट्रस्ट के बीच छिड़े विवाद में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा का परोक्ष रूप से समर्थन करते हुए कहा कि समूह की सामाजिक प्रतिबद्धता और संस्थागत भूमिका को बनाए रखना जरूरी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि समूह में नेतृत्व से जुड़े मौजूदा मसले को उचित प्रक्रिया, बातचीत और कंपनी की नियमावली के जरिये सुलझाया जाना चाहिए। पवार ने कहा कि टाटा समूह की ट्रस्ट-आधारित विरासत की रक्षा करना समय की मांग है और भारत के विकास में इसके योगदान को बनाए रखने के लिए यह बेहद जरूरी है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह की विरासत इस विश्वास में निहित है कि व्यवसाय को समाज की सेवा करनी चाहिए स्थापित प्रशासनिक ढांचे के तहत टाटा ट्रस्ट की संस्थागत भूमिका और अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए।

इंटरटेनमेंट...

नेशनल फिल्म अवॉर्ड में कार्तिक-यामी बेस्ट एक्टर-एक्ट्रेस



मुंबई। कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' और ममूटी को 'ब्रह्मयुगम' के लिए 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर का पुरस्कार दिया गया। यामी गौतम को 'आर्टिकल 370' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। 'श्रीकांत' को बेस्ट हिंदी फिल्म और 'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड मिला। तमिल स्टार धनुष को दो कैटेगरी में नेशनल अवॉर्ड दिया गया। एक्टर अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड 2024 दिया गया। उन्होंने कन्नड़, तेलगु और हिंदी समेत 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।

केजीएफ अभिनेता को दादासाहेब फाल्के, 72 साल में प्राइज मनी ?5 हजार से ?3 लाख हुई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मैं चाहूंगी कि प्रत्येक ज्यूरी पैनल में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। फिल्म कलाकार बहुत लोकप्रिय होते हैं, उनमें देशवासियों विशेषकर युवाओं को प्रभावित करने की क्षमता होती है। मैं ये अनुरोध करना चाहूंगी कि लोकप्रिय कलाकार स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थों का एंडोर्समेंट न करें। स्टार वही है, जो रोशनी फैलाए, अंधेरा नहीं। सम्मान मिलने के बाद अनंत नाग बोले- एक एक्टर के तौर पर आपने मेरी परफॉर्मेंस देखी है। मैंने बचपन के 12 साल आश्रम में गुजारे। इसके बाद मुझे मुंबई भेजा गया, जहां मुझे प्ले चैतन्य महाप्रभु में एक्टिंग का मौका मिला।

उस समय करियर क्या होता है किसी को नहीं पता था। पापी पेट के लिए करियर शुरू किया और फिर 5 सालों में 50 प्ले किए। आखिरी 50 साल मुझे कई अलग भाषाओं की फिल्मों में काम करने के लिए बुलाया गया। मैंने दूसरी भाषाओं की भी फिल्में कीं, लेकिन कर्नाटक और कन्नड़ फिल्मों में मुझे सबसे बड़े मौके मिले। अवॉर्ड मिलने के बाद कार्तिक आर्यन ने भास्कर से कहा- मैं बहुत खुश हूं, पूरी फैमिली के साथ हूं, बहुत इमोशनल मूमेंट है। अनरियल फीलिंग है, एक्सप्रेस नहीं कर पा रहा हूं। साल 1954 में नेशनल फिल्म अवॉर्ड सिर्फ 7 पुरस्कारों से शुरू हुए थे, अब 72 साल बाद 45 पुरस्कार दिए गए। इनमें 26 फीचर फिल्म, 16 नॉन-फीचर फिल्म, 2 सिनेमा पर लेखन और 1 दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड शामिल है।

नेशनल फिल्म अवॉर्ड में पहले सिर्फ गोल्ड मेडल और मेरिट सर्टिफिकेट मिलते थे। 1957 में पहली बार नकद पुरस्कार शुरू हुआ, तब निर्देशक को ?5 हजार और निमार्ता को ?20 हजार मिले। 1975 में बेस्ट एक्टर-एक्ट्रेस को पहली बार ?10 हजार मिले, जो अब बढ़कर ?3 लाख हो चुके हैं। वहीं, 1969 में शुरू हुए दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड की नकद राशि ?11 हजार से बढ़कर अब ?10 लाख हो गई है। सम्मान मिलने के बाद अनंत नाग ने कहा- पिछले साल मुझे पद्म भूषण अवॉर्ड मुर्मू जी से मिला और इस बार फिर मैं बहुत सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं कि मुझे फिर ये फिल्मों का सबसे बड़ा अवॉर्ड मिला है।

अक्षय खन्ना ने शूटिंग से 7 दिन पहले 'दृश्यम-3' छोड़ी

मुंबई। 'दृश्यम 3' के लेखक और निर्देशक अभिषेक पाठक ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने से ठीक सात दिन पहले अक्षय खन्ना के अचानक बाहर होने पर बातचीत की है। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में अभिषेक पाठक ने बताया कि अजय देवगन के साथ अक्षय खन्ना के सीन शूट होने से हफ्ते भर पहले उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ दिया था। इसके बावजूद मेकर्स ने शूटिंग टालने के बजाय तीन दिन के भीतर स्क्रिप्ट दोबारा लिखी। अक्षय खन्ना के रोल को नए कैरेक्टर में बदलकर जयदीप अहलावत को कास्ट किया गया। अजय देवगन स्टारर यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

नगालैंड की फिल्म 'अंग' को ऑस्कर में डायरेक्ट एंट्री



मुंबई। नगालैंड की फिल्म 'अंग' को 2027 के ऑस्कर अवॉर्ड्स की 'इंटरनेशनल फीचर फिल्म' कैटेगरी में डायरेक्ट एंट्री मिल गई है। यह इस साल भारत की ओर से ऑस्कर जाने वाली दूसरे फिल्म होगी।

दरअसल, 'अंग' ने टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 में प्लेटफॉर्म प्राइज जीता है। इसी प्राइज ने फिल्म को ऑस्कर में डायरेक्ट एंट्री दिलाई। नगा फिल्ममेकर थेजा रियो की यह फिल्म धर्म परिवर्तन से अपनी संस्कृति बचाने की कोशिश करते एक आदिवासी व्यक्ति की कहानी है। यह इस साल टीआईएफएफ में चुनी गई एकमात्र भारतीय फिल्म थी। अंग कहानी 1960 के दशक के नगालैंड की है, जहां एक अमेरिकी मिशनरी के आने के बाद गांव की तस्वीर बदलने लगती है। अधिकांश ग्रामीण धर्म बदल लेते हैं और अपनी पुरानी परंपराओं को छोड़ देते हैं, जिससे गांव खाली सा हो जाता है। आदिवासी मुखिया (अंग्बा) है जो अपनी संस्कृति और परंपराओं को बचाए रखना चाहता है, जबकि उसका बेटा इस नई जीवनशैली और धर्म की ओर आकर्षित होने लगता है।

धर्म परिवर्तन और परंपराओं के खोने की कहानी, मराठी फिल्म गोंधल भी रेस में

'अंग' को टीआईएफएफ की प्लेटफॉर्म जूरी ने उसकी अलग सोच, बेहतरीन मेकिंग और कहानी के लिए सराहा। इस अवॉर्ड के तहत मेकर्स को 20,000 कनाडाई डॉलर का पुरस्कार मिला है। यह प्राइज हासिल करने वाली फिल्म को ऑस्कर के लिए डायरेक्ट एलिजिबिलिटी (पात्रता) मिल जाती है।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com